YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-350 | बुधवार, 24 जनवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




पराक्रम दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हम उनके जीवन और साहस के प्रति अपना सम्मान अर्पित करते हैं। हमारे देश की आजादी के प्रति उनका अटूट समर्पण सदैव प्रेरणादायी बना रहेगा।

नरेन्द्र मोदी


कर्पूरी ठाकुर के मन में रचा-बसा था सामाजिक न्याय 11

हरिद्वार से 51 लाख करोड़ हस्तलिखित राम नाम अयोध्या के लिए हुआ रवाना 12


## संक्षेप

### लुटेरों की गोली से सब-इंस्पेक्टर घायल

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में कार लूट कर भागने वाले कुछ अज्ञात बदमाशों ने पीछा कर रही पुलिस पर गोलियां चला दी जिसमें एक दरोगा सीने में गोली लगने से घायल हो गये। घायल दरोगा को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गाजियाबाद के मैक्स अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एचआर गार्डन मंडप के पास से मंगलवार तड़के करीब सवा तीन बजे बुलंदशहर जिले के खुर्जा निवासी सोनू सैनी की कार लूट ली गई। सूचना पर हाईवे पर तैनात पुलिस उप निरीक्षक मुनेश सिंह ने कुछ सिपाहियों के साथ जीप से लूटी गई कार का पीछा किया। बताया गया है कि पुलिस टीम ने पीछा करके बदमाशों में से एक को पकड़ लिया जबकि चारों तरफ से घिरता देखकर बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां चला दी। एक गोली दरोगा मुनीश के सीने में लगी जिससे वह घायल हो गये। सभी बदमाश कार छोड़कर फरार होने में कामयाब रहे। दरोगा मुनेश सिंह कसाना गांव बलिकापुरा, थाना चिरहाट आगरा के रहने वाले हैं और एक साल पहले ही वह गाजियाबाद से मेरठ आए थे। जबकि गाजियाबाद में वह एसओ भोजपुर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि कार के अंदर से पुलिस पर गोलियां चलाने वाल तीनों बदमाश कार छोड़कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि बदमाशों की पकड़ धकड़ के लिये चार पुलिस टीमों को लगाया गया है।

### यूपी में निवेश के नए द्वार खोलेगा ट्रेड एक्सपो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आर्थिक विकास को गति देने और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के एक ठोस प्रयास के तहत पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) यूपी चैप्टर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) की मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम 25 से 29 जनवरी तक गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। पीएचडीसीसीआई के सह अध्यक्ष राजेश निगम ने कहा कि यूपी को निवेश चुंबक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। ऐसे में यूपीआईटीईएक्स आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है। एक्सपो के विभिन्न पवेलियन कृषि, वास्तुकला, जीवन शैली और अन्य क्षेत्रों में अवसरों के एक गतिशील प्रदर्शन का वादा करते हैं। पीएचडीसीसीआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. रंजीत मेहता ने कहा कि यूपीआईटीईएक्स दुनियाभर से 300 से अधिक एग्जीबीटर्स को एक साथ लाकर सहयोग के प्रमाण के तौर पर खड़ा है। उम्मीद है कि यह आयोजन राज्य की 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने के लक्ष्य में योगदान देने में अहम भूमिका निभाएगा।

# अयोध्या में जनसैलाब

## मुख्यमंत्री योगी ने किया हवाई सर्वेक्षण

- पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को योगी ने किया संबोधित
- कहा- आपस में धक्का-मुक्की न करें




**एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

अयोध्या/लखनऊ। रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम, श्रीराम जय राम जय जय राम... श्रीराम जय राम जय जय राम... श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब देश के करोड़ों लोगों की आस सामने से एक झलक पाने की है। भक्तों के चेहरों पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। आस्था की हिलोर ऐसी है कि रामधुन में मगन भक्तों को और कुछ नहीं दिखाई दे रहा। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान है। राम सीता के भजन, रासलीला के रंग, भक्तों का संगीत, नृत्य गीत हर पल एक याद बनकर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हेलीकाप्टर से अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया और रामपथ, भक्ति पथ और रामजन्मभूमि पथ के ऊपर से रामभक्तों की भीड़ का अवलोकन किया। उनका हेलीकाप्टर साकेत महाविद्यालय डिग्री कालेज में उतरा जहां उन्होने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिया।

अत्यधिक भीड़ होने के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इन्हें नियंत्रित करने के लिए खुद यहां आकर मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने पहले हेलीकाप्टर से रामजन्मभूमि व राम पथ का हवाई सर्वेक्षण किया और फिर राम मंदिर पहुंचे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को संबोधित कर धैर्य बनाए रखने की अपील की। मंगलवार को सीएम योगी को प्रशासन और मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए अनुमान से बहुत ज्यादा संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए हैं। इसके बाद उन्होंने तत्काल प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार को रामनगरी में व्यवस्था को सुचारू करने का निर्देश देते हुए रवाना किया। दोपहर में यहां पहुंचे दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरण नय्यर से भीड़ नियंत्रण के उपायों पर मंत्रणा कर आनन-फानन में उन्हें प्रभावी कराया। इसके बाद शाम सवा चार बजे के करीब खुद सीएम योगी भी रामनगरी पहुंच गए। पहले उन्होंने अयोध्या धाम का हवाई सर्वेक्षण कर रामजन्मभूमि पथ और राम पथ पर मौजूद भीड़ का आंकलन किया। इसके बाद उनका हेलीकाप्टर साकेत कॉलेज में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। यहां से वह सीधे राम मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए प्रभावी की गई व्यवस्था को परखा। प्रमुख सचिव गृह और डीजी एलओ से भी इस बारे में रिपोर्ट ली। साथ ही सभी रामभक्तों को बिना किसी अवरोध व व्यवधान के सुव्यवस्थित दर्शन कराने के निर्देश दिए।

सीएम ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से राम मंदिर और अयोध्या धाम में मौजूद रामभक्तों को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन के लिए यहां आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत है। आप सभी धैर्य और संयम बनाए रखें। कोई भी हड़बड़ाए न, धक्का-मुक्की न करें। लाइन में लगकर प्रशासन और पुलिस के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अपनी बारी का इंतजार करें। सभी को दर्शन मिलेगा। इसके लिए प्रशासन ने सभी व्यवस्था कर रखी है। सीएम के संबोधन को एड्रेस सिस्टम के माध्यम से बार-बार प्रसारित किया जाता रहा। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को भी प्रसारित किया गया। यह अपील उन्होंने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास हुई जनसभा में देशवासियों से की थी। इसमें पीएम मोदी ने रामभक्तों से 22 जनवरी को अयोध्या न आने का आग्रह किया था। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम में रामभक्तों की भीड़ को देखते हुए मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। रामजन्मभूमि परिसर के अंदर की सम्पूर्ण व्यवस्था अपर जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। जबकि मंदिर के अंदर मुख्य द्वार व आसपास का क्षेत्र क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव के हवाले किया गया है। बिड़ला धर्मशाला तिराहा पर श्रद्धालुओं की देखरेख एवं भीड़ को एकत्र न होने दिया जाये, इसके लिये उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार की तैनाती की गयी है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अचानक भीड़ को देखते हुए बिड़ला ● शेष पेज 11 पर

## श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए लालायित, सामने से एक झलक पाने की आस

## राम नाम का स्मरण हर सांस में, जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण राममय

### राम मंदिर में दर्शन के लिए भारी भीड़ के बीच अयोध्या में प्रवेश बंद

**लखनऊ।** राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के बाद मंगलवार को पूजा-अर्चना के वास्ते उमड़ी भारी भीड़ के बाद अयोध्या की ओर जाने वाले सभी वाहनों और पैदल श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने एडवाइजरी जारी करके श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 23 जनवरी को मंदिर में भारी भीड़ के मद्देनजर अयोध्या धाम न आयें। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी वाहन मार्गों को डायवर्ट कर दिया गया है और पैदल आने वाले भक्तों को भी अयोध्या में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। पुलिस ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, अयोध्या जाने की योजना बना रहे श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया जाता है कि वे भारी भीड़ के कारण 23 जनवरी को न जाएं। भीड़ के मद्देनजर अयोध्या की ओर जाने वाले सभी वाहनों के मार्ग बदल दिये गये हैं और पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को भी अभी रोका जा रहा है।

### मंगलवार को करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए

**लखनऊ।** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के अगले दिन मंगलवार को दोपहर तक करीब ढाई से तीन लाख श्रद्धालु उनके दर्शन कर चुके हैं और इतने ही श्रद्धालु दर्शन के लिए इंतजार कर रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सूचना निदेशक शिशिर ने कहा, ''दोपहर तक ढाई से तीन लाख श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं और इतनी ही संख्या में श्रद्धालु शेष हैं। आठ हजार से अधिक पुलिसकर्मी व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं और सब कुछ नियंत्रण में है। पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद खुद मंदिर के अंदर हैं और व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं। अयोध्या पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में सोशल मीडिया पर फैल रही उन अफवाहों का खंडन किया है कि भारी भीड़ के कारण मंदिर को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

## यूएनएससी में भारत का स्थायी सदस्य न होना बेतुका है : एलन

**एजेंसी**



न्यूयॉर्क (अमेरिका)। अरबपति उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि धरती का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्य न होना ''बेतुका'' है और उन्होंने इस विश्व निकाय में बदलाव करने का आह्वान किया।

टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की यह टिप्पणी तब आयी है जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यूएनएससी के स्थायी सदस्यों की सूची में किसी अफ्रीकी देश के शामिल न होने को लेकर चिंता जतायी थी। गुतारेस ने मस्क के मालिकाना हक वाले 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम यह कैसे स्वीकार कर सकते हैं कि अफ्रीका का एक भी देश सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा, ''संस्थानों को आज के विश्व का प्रतिनिधित्व करना चाहिए न कि 80 साल पहले के विश्व का। सितंबर में होने वाला भविष्य का शिखर सम्मेलन वैश्विक शासन में सुधार और पुनर्निर्मित विश्वास पर विचार करने का एक अवसर होगा। गुतारेस के पोस्ट पर अमेरिका में जन्मे इजराइली उद्यम पूंजीपति माइकल आइजनबर्ग ने भारत के प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया। मस्क भी इस बहस में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मौजूदा संरचना दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करती है। ● शेष पेज 11 पर

## लखनऊ लोकसभा सीट के लिए अखिलेश ने दी रविदास मेहरोत्रा को हरी झंडी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव एक एक करके प्रमुख नेताओं के लिए सीट तय करते जा रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने मंगलवार को अपनी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा को लखनऊ लोकसभा से चुनाव लड़ने की हरी झंडी दे दी और कार्यकर्ताओं को इस बाबत संदेश दे दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार 2024 में राजधानी सपा को जिताकर लोकतंत्र का नया इतिहास रचेगी। लखनऊ में जो भी विकास हुआ है, समाजवादी सरकार में ही हुआ है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को लखनऊ के सपा कार्यकर्ताओ को पार्टी मुख्यालय बुलाया और कहा कि कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को वोट दिया था वे भी अब भाजपा से क्षुब्ध है। भाजपा नेतृत्व ने जितने वादे किए थे एक भी पूरा नहीं किया। किसान, नौजवान, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता सभी तो दुःखी हैं। देश- प्रदेश में नफरत और समाज को बांटने वाली गतिविधियां चल रही है। भाजपा सरकार की उपेक्षा से राजधानी लखनऊ का वैभव भी फीका पड़ता ● शेष पेज 11 पर

## भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं जिन्होने आजादी के आंदोलन में युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी।

नेता जी की जयंती पर लखनऊ के परिवर्तन चौक पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये श्री योगी ने मंगलवार को कहा कि न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया।

उन्होने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। यही कारण है कि हर भारतवासी नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और साप्ताहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व ● शेष पेज 11 पर

## कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी नीत केन्द्र सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बिहार में अपने समय के दिग्गज नेता रहे और पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश का सबसे सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की ।

राष्ट्रपति भवन ने देर शाम एक वक्तव्य जारी कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया है। श्री ठाकुर को उनकी 100 वीं जयंती से एक दिन पहले यह सम्मान देने की सरकार की घोषणा को लोकसभा चुनाव से पहले केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण तथा दूरगामी कदम के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनता दूल यू ने श्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की मांग की थी और मोदी सरकार ने इस मांग को पूरा कर बड़ा दाव खेला है। स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और जाने माने राजनीतिज्ञ श्री ठाकुर का जन्म 24 जनवरी को समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है में हुआ था। उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें जन-नायक भी कहा जाता था।भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने २६ महीने जेल में बिताए थे। वह 22 दिसंबर 1970 से 2 जून 1971 तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 के दौरान दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। श्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा को पिछड़े वर्ग के उत्थान में उनके जीवनभर के योगदान और सामाजिक न्याय की दिशा में उनके प्रयासों को श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है।

## 57 लाख नए वोटर जोड़े गए, पुरानी सूची में से हटाए गए 31 लाख

# यूपी में अब 15 करोड़ 29 लाख 24 हजार 62 मतदाता

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- प्रदेश की कुल आबादी का 61.98 प्रतिशत हिस्सा वोटर
- 8 करोड़ 14 लाख 33 हजार 752 पुरुष, 7 करोड़ 14 लाख 82 हजार महिलाएं
- 1950 पर फोन कर चेक करें अपना नाम, 15.57 लाख युवा मतदाता जुड़े
- एक सप्ताह तक मतदान केंद्र पर दिखाई जाएगी नई मतदाता सूची



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र तैयार की गई नई मतदाता सूची में अब कुल 15 करोड़ 29 लाख 24 हजार 62 मतदाता हो गए हैं। इनमें 8 करोड़ 14 लाख 33 हजार 752 पुरुष, 7 करोड़ 14 लाख 82 हजार महिला और 7705 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मंगलवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर करवाए गए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद नई मतदाता सूची के आंकड़े जारी किए।

नवदीप रिणवा ने बताया कि इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पहले प्रदेश की मतदाता सूची में 15 करोड़ 3 लाख 39 हजार 879 वोटर थे। राज्य में अब कुल आबादी के अनुपात में 61.98 प्रतिशत वोटर हैं जबकि पिछले साल 27 अक्तूबर यानि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पहले यह अनुपात 60.93 प्रतिशत का था।

इस बार के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में प्रदेश में कुल 57 लाख 3 हजार 304 नए मतदाता जोड़े गए। मगर इसके साथ ही पुनरीक्षण में 31 लाख 19 हजार 121 फर्जी, डुप्लीकेट, मृत और स्थानांतरित वोटर हटाए भी गए हैं। इस तरह से नई सूची में शुद्ध रूप से कुल 25 लाख 84 हजार 183 मतदाता संख्या की बढ़ोत्तरी हुई। जो मतदाता हटाए गए हैं, उनमें 10.50 लाख मृत, 14.14 लाख स्थानांतरित और 6.21 लाख डुप्लीकेट थे।

31.24 लाख महिलाएं और 15.57 लाख नए युवा मतदाता जुड़े

इस पुनरीक्षण के दौरान जो कुल 57 लाख 3 हजार 304 नए मतदाता जोड़े गए उनमें 25 लाख 77 हजार 967 पुरुष, 31 लाख 24 हजार 901 महिला और 436 थर्ड जेण्डर शामिल हैं। इस बार के पुनरीक्षण में महिला और 18 से 19 साल के आयु वर्ग के पहली बार वोटर बने युवाओं को मतदाता सूची में शामिल किए जाने पर खासा जोर रहा। 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के कुल 15.57 लाख वोटर जोड़े गए जो कुल जोड़े गए वोटरों का 27.29 प्रतिशत है। अब इस नई मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष के आयुवर्ग के कुल वोटरों की संख्या 20.41 लाख हो गई है। नई वोटर लिस्ट में 10.50 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब कुल एक लाख 62 हजार 12 पोलिंग स्टेशन हो गए हैं।

यह नई मतदाता सूची अगले एक सप्ताह तक सभी मतदान केन्द्रों पर जनसामान्य को दिखाई जाएगी। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी। जिसके जरिये लोग अपना नाम सूची में देख सकते हैं। टोल फ्री नम्बर-1950 पर फोन कर और मतदाता हेल्प लाइन एप (वीएचए) के जरिये भी मतदाता सूची में आप अपने नाम की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही बूथ लेबल आफिसर से संपर्क कर अपना नाम देख सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी से अपील की है कि वह नई मतदाता सूची में अपना नाम जरूर चेक कर लें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हालांकि इस बात के पूरे प्रयास किए गए हैं कि कोई भी पात्र वोटर लिस्ट में शामिल होने से छूटने न पाए फिर अगर किसी वोटर का नाम किसी कारण से इस नई मतदाता सूची में नहीं है तो वह अपना नाम ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम जैसे-बूथ लेबल आफिसर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के ● शेष पेज 11 पर

# मनाई गई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुभाष चंद्र बोस पार्क, नेहरू एनक्लेव ,गोमती नगर, में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी नेहरू इन्कलेव के निवासियों ने उनके आजादी में योगदान को याद किया गया तथा उनके नाम पर इस पार्क को विकसित करने का सभी नेहरू एनक्लेव निवासियों ने प्रण लिया। इस अवसर पर राजेश कुमार राजू ,डॉ अंजू वार्ष्णेय, ओज कवि मुकेशानंद,नंदकिशोर मयंक श्रीवास्तव, संतोष कुमार त्रिपाठी ,डॉ सचिन गुप्ता,रवि शंकर श्रीवास्तव, के एस मिश्रा के के राजपूत ,आलोक, कैप्टन वशीधर,नितिन, आझर आदि उपस्थित रहे।

# बिगरिया रोड में आयी अवैध निर्माण की बाढ़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियो की मेहरबानी के चलते राजधानी लखनऊ के ज़ोन 7 में कई जगह धड़ल्ले से अवैध निर्माण चालू है और संबंधित अवर अभियंताओं द्वारा इन निर्मणों पर कार्यवाही करने के बजाये खुली छूट दी जा रही है जो कि निर्माणकर्ता और अवर अभियंता के बीच सांठ गांठ की ओर इशारा करता है। एलडीए के उच्च अधिकारियों तक इन अवैध निर्माण के संबंध में सही-सही जानकारी ना पहुंच पाने के कारण भी अवैध निर्माणकर्ताओं के हौसले बुलंद है । मामला अवर अभियंता तक सीमित रहने के कारण निर्माणकर्ता मनमाने ढंग से मामले का निबटारा कर लेते हैं जिससे की एक के बाद एक अवैध निर्माण तैयार होते जा रहे हैं जो कि राजधानी वासियों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। ताज़े मामले में थाना दुबग्गा क्षेत्र के बिगरिया रोड पर रिंग



रोड की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर संबंधित अवर अभियंता की लापरवाही के चलते हैं कितने ही अवैध व्यवसायिक निर्माण बनकर तैयार हो चुके हैं और अनगिनत अवैध निर्माणों पर कार्य जारी है जिन पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। यहाँ सीतापुर बाईपास चौराहे से बिगरिया होते हुए रिंग रोड की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अल्फा हेल्थ केयर हॉस्पिटल के नजदीक अवैध रूप से एक व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है तथा इसी रोड पर थोड़ा आगे बढ़ते ही डिवाइन हॉस्पिटल के सामने एक और व्यवसायिक अवैध निर्माण चालू है इसके अलावा इसी रोड पर थोड़ा और आगे बढ़ने पर महादेव मंदिर के निकट दो निर्माण एक ही जगह पर अवैध रूप से किया जा रहे हैं इन पर भी अवर अभियंता द्वारा किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं लगाई जा रही यही नहीं इसी रोड पर चंद क़दम चलते ही बिगरिया खेड़ा, माधवपुर पुलिया पर आव्या ब्यूटी पार्लर के सामने एक और व्यवसायिक निर्माण लगभग बनकर तैयार हो चुका है जिसमें फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है और एक दिन लखनऊ विकास प्राधिकरण को ठेंगा दिखा कर यह सारे निर्माण फिनिश हो कर तैयार हो जाएगें। अब बड़ा सवाल यह उठता है की एक तरफ जहां एलडीए की ओर से अवैध निर्माणों पर कार्यवाही के बड़े बड़े दावे किये जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर शहर में एक के बाद एक अवैध निर्माण तैयार होते जा रहे हैं जो कि अपने आप में एक बड़ी बात है।

## रालोद ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में शौर्य और पराक्रम के प्रतीक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व रालोद नेताओं ने उनके चित्र पर मार्ल्यापण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा बहुत बडे नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया ल्लजय हिन्दड्ड का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है। इस अवसर पर श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटेल, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, अम्बुज पटेल, महेश पाल धनगर, सुमित सिंह, रमेश कश्यप, शहजाद, रवीन्द्र मिश्र, जगजीवन राम पाल, वीरेंद्र तोमर आदि लोगों ने नेताजी को याद किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया पराक्रम दिवस

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी की दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में पराक्रम दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता डॉक्टर विशाल प्रताप सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व एवं उनके द्वारा देश को समर्पित कृतित्व को समझाते हुए बड़े ही सारगर्भित वक्तव्य से प्रांगण में उपस्थित छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया।

## बाइक में टक्कर मारने के बाद कार पलटी, हालत गम्भीर

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र भसण्डा मजरा उम्मेदाखेड़ा निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी नंद किशोर यादव(62वर्ष) मगंलवार की सुबह 11:00बजे के करीब अपनी बाइक से घर से काम से निकले थे,जैसे ही सिसेंडी-मोहनलालगंज मार्ग पर पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी,जिसके बाद बुजुर्ग नंद किशोर बाइक सहित छिटककर दूर जा गिरे।वही दुर्घटना कर मौके से भाग रही कार से चालक नियंत्रण खो बैठा ओर कार सड़क किनारे लगे खम्भे से टकराने के बाद पलट गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से गम्भीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिये मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल लेकर गये।जहां भर्ती कर बुजुर्ग का इलाज जारी है ओर हालत गम्भीर बनी हुयी है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया रिटायर्ड रेलवेकर्मी नंद किशोर को टक्कर मारने वाली कार के मालिक व चालक का कार के नम्बर के आधार पर पता लगाया जा रहा है।

## भाषा विवि में स्नातक विषयों का परिणाम जारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल ही में सम्पन्न हुई विभिन्न परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बताते चले कि सत्र 2023-24 की परीक्षाओं के परिणाम में बीए प्रथम छमाही, बी कॉम प्रथम छमाही, बीबीए प्रथम छमाही, बीसीए प्रथम छमाही, बीएससी प्रथम छमाही और बीएड तृतीय छमाही के परीक्षा परिणाम भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों के साथ 200 स्वयंसेवकों ने की भागीदारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा उत्तर प्रदेश चुनाव आयोग द्वारा आयोजित वॉकाथान मे सहभागिता की गई। यह वॉकाथान रूमी दरवाजे से चौक स्टेडियम तक आयोजित किया गया। इस वॉकाथान में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों के साथ 200 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की। वॉकाथान के पश्चात मतदान जागरूकता विषय पर कुलपति प्रो एनबी सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय में एक रैली का भी आयोजन किया गया। वॉकाथान में सहभागिता तथा रैली के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्णा, डॉ रामदास, डॉ जफरून नकी तथा डॉ ममता शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मिलेट मेले का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिलेट के पोषण तथा महत्व के बारे में चेतना बढ़ाने के लिए एवं हमारे आहार में मिलेट की उपयोगिता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के गृह विज्ञान विभाग में कुलपति प्रोफ़ेसर एनबी सिंह के संरक्षण में मिलेट मेले का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्रों द्वारा विभिन्न नवीन और पारंपरिक व्यंजन तैयार किया गया।

## रोजगार दिवस में 57 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने बताया कि मंगलवार को रोजगार दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 57 अभ्यर्थियों को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के लिए चयनित किया गया। एमए खाँ, ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी ने बताया कि चयन से वंचित रह गये महिला अभ्यर्थी 25 जनवरी को संस्थान में टाटा मोटर्स लखनऊ के द्वारा आयोजित महिला कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकती है तथा महिला एवं पुरूष दोनो के लिए 31 जनवरी को होने वाले बृहद रोजगार मेंले में अभ्यर्थी भाग ले सकते है।

## न्यू युग संगीत में जय श्री राम की गूंज

**लखनऊ।** लखनऊ न्यू युग संगीत में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे रामोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में सुंदरकांड का पाठ और राम भजनों की प्रस्तुति दी गई।महोत्सव का आयोजन न्यू युग संगीत के संस्थापक और संगीतकार श्री राकेश जी ने किया। इस महोत्सव में अनेक संगीतकारों ने भाग लिया।महोत्सव का प्रारंभ सुंदरकांड के पाठ से हुआ। इसके बाद, राम भजनों की प्रस्तुति दी गई। राम भजनों की प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।महोत्सव में गायिका एवं प्रशिक्षिका डाली तिवारी ने भी राम भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने मधुर स्वर में राम भजनों को गाया। महोत्सव मे आए मुख्य अतिथि (ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ) डॉ. ए. पी. शुक्ला ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एक ऐतिहासिक घटना है। इस घटना से भारत की संस्कृति और आध्यात्मिकता को नई ऊर्जा मिलेगी।महोत्सव में उपस्थित श्रोताओं ने कहा कि यह महोत्सव बहुत ही भक्तिमय और प्रेरणादायक था। इस महोत्सव से उन्हें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के महत्व का एहसास हुआ। व्यवस्थापक राकेश जी ने बताया की कार्यक्रम को सफल बनाने में युग कुमार, प्रदीप वर्मा, प्रज्ञा, चैतन्य ,नीतू, अंकित साहू, दुर्गेश मौर्य, सुमित मौर्य ,आर्यन, अनन्या, पूनम रावत आदि का विशेष सहयोग रहा । राकेश जी के इस महोत्सव की लखनऊ में काफी चर्चा हो रही है। लोग इस महोत्सव की सराहना कर रहे हैं।

# तमिलनाडु में भी योगी के यूपी की धूम, दो करोड़ नल कनेक्शन के रिकार्ड की सुनाई दी गूंज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शानदार नेतृत्व में जिस तरह से हर घर नल से जल योजना में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ कनेक्शन किए गए हैं, इस अचंभित करने वाले रिकॉर्ड की धूम तमिलनाडु तक पहुंच गई है। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में मंगलवार से शुरू हुई ऑल इंडिया सेक्रेटरीज कांफ्रेंस के पहले सत्र की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश नमामि गंगे एवम ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि यूपी ने कैसे इतने कम समय में दो करोड़ कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त किया। इस दौरान प्रमुख सचिव ने बताया कि बड़ा प्रदेश होने के नाते पहले बुदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में परियोजना को शुरू किया गया। इन दोनों क्षेत्रों में पहले पानी की समस्या बहुत अधिक थी। बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक घरों में नल से पानी




की सप्लाई हो रही है। योजना के तहत नल से घर पहुंचाने के साथ साथ ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ाने और नदियों को साफ करने का काम किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस का विषय 'वाटर विजन अ2047 वे अहेड' था, कांफ्रेंस में जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण जलापूर्ति व पानी के भविष्य योजनाओं पर हुआ विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के असर, जल संरक्षण जलापूर्ति व पानी के भविष्य को लेकर योजनायें बनाने के विचार विमर्श पर अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि पिछले कुछ सालों में जलवायु परिवर्तन का असर जल प्रबंधन पर भी पड़ा है हमको जल संरक्षण जलापूर्ति और पानी के भविष्य को लेकर योजनाएं बनानी होंगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले सेमिनारों में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भी इस बात पर बल देते हैं कि जल संरक्षण और जलापूर्ति के मुद्दे पर हमको जलवायु परिवर्तन पर भी नजर रखनी होगी वरना सारे प्रयास बेकार हो सकते हैं।

# उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम ने राज्यपाल को दी 15 लाख की चेक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की ओर से निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक प्रकाश डी, आईपीएस तथा संजीव सक्सेना महाप्रबन्धक द्वारा महामहिम राज्यपाल से भेंट की।

उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम द्वारा वर्ष 2020-21 में अर्जित शुद्ध लाभ से डेविडेन्ड 15 लाख रूपये की राशि का चेक तथा निगम की काफी टेबुल बुक की एक प्रति प्रकाश डी, आईपीएस द्वारा राज्यपाल को प्रदान की गई। उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम पुलिस विभाग के विभिन्न प्रकार के भवनों के निर्माण एवं अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों को वर्ष 1987 से उच्च गुणवत्ता के साथ सम्पादित करता आ रहा है एवं निगम ने निर्माण कार्यो के सम्पादन एवं गुणवत्त में उत्तरोत्तर वृद्धि की है। विगत वर्षों में निगम द्वारा विभिन्न जनपदों की पुलिस लाईनों में बहुमंजिला इमारतें, महिला ट्रांजिट हास्टल तथा विभिन्न जनपदों में पुलिस थानों, पुलिस चौकियों, अग्निशमन केन्द्रों, प्रदेश के प्रत्येक जनपद के थानों में महिला प्रसाधन कक्षों का निर्माण सफलतापूर्वक किया है। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम के कार्मिकों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शुभकामनायें दी गई।

# इमरान ने नीट की परीक्षा पास कर जिले का नाम किया रौशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । जनपद के डुमरभार गांव के निवासी बशीर अहमद के पुत्र इमरान अहमद ने नीट 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों सहित जिले का नाम रौशन किया है। उनकी सफलता से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी की लहर है। परीक्षा उत्तीर्ण करने का श्रेय इमरान ने अपने माता-पिता, भाई - मित्रऔर गुरुजनों को दी है। उन्होंने प्रथम प्रयास में ही यह सफलता हासिल की है। खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले बशीर अहमद के पुत्र इमरान अपनी प्राथमिक शिक्षा की पढ़ाई गांव के स्कूल से किये । सैनिक इण्टरमीडिएट कालेज साखोपार से वह हाईस्कूल मे 56 फीसदी व बुद्ध इण्टरमीडिएट कालेज कुशीनगर से इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 58 फीसदी अंक प्राप्त कर स्नातक की पढ़ाई करने के इलाहाबाद आ गये। केन्द्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद से इमरान ने अंग्रेजी विषय से स्नातक मे 78 प्रतिशत व स्नातकोत्तर मे 70 फीसदी अंक प्राप्त कर लखनऊ विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे है। इसी दरम्यान वह यूजीसी नेट में बैठने का निर्णय लिया और प्रथम प्रयास मे ही वह 58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। इमरान की इस सफलता पर भाई- असलम अंसारी, डा0 पुष्कर यादव, डा0 मनोज यादव मोठ नवाज, मो0 कसीम, पूर्व प्रधान ग्यासुद्दीन मास्टर रियाजुद्दीन, मेहडी हसन, चन्द्रप्रताप दूबे, आजित कुमार दूबे, सोनू निपाठी, बब्बू सिंह सहित क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है।

# किसानों के संघर्ष के सामने झुका गन्ना विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ अब छोटे किसानों को भी मिलेगी 36 कुंतल की पर्ची
- ❒ जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में किसानों ने दिया था आंदोलन की चेतावनी।
- ❒ लगातार सप्लाई टिकट गन्ना समिति को वापस कर अपना जमा हिस्सा मांग रहे थे किसान

कुशीनगर। बीते 19 जनवरी को रामकोला खेतान केन यूनियन पर पहुँचे क़रीब दो दर्जन किसानों ने सचिव को संबोधित ज्ञापन सौंप कर कहा था कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को केंद्र बिंदु मानकर बनाई गई सट्टा नीति में सप्लाई टिकट के लिए बीसी 9 व बीसी 18 का मोड भी है। यह मोड मूलतः पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए ही है, क्योंकि वहां के किसान भैंसा गाड़ी व बुग्गी से गन्ना सप्लाई करते हैं। कुशीनगर जिले में गन्ना सप्लाई का यह साधन उपलब्ध नहीं है। बावजूद इसके इस मोड की सप्लाई टिकट यहां भी जारी की जा रही था किसानों का कहना था कि उनका सट्टा बेसिक कोटा के हिसाब से बना है और बीसी 18 मोड की पर्ची जारी हुई है, उनके पास अधिक गन्ना है जबकि बीसी 18 मोड पर 20 से 22 क्विंटल ही तौल होगा। अधिक गन्ना ले जाने पर उन्हें अपना गन्ना बिचौलियों के हांथ औने पौने दाम में इसलिए बेचना पड़ रहा है क्योंकि उनके सट्टे में दूसरी सप्लाई टिकट है ही नहीं। उनका आरोप था कि इसी मोड पर जिले में उपलब्ध साधन के अनुसार न्यूनतम तौल मोड बीसी 36 के अनुसार तौल कराने के लिए वे चीनी मिल से लेकर केन यूनियन तक कई बार अधिकारियों का चक्कर काट चुके हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पूरे वर्ष की कमाई को लुटता देख हम लोगों ने निर्णय ले लिया है कि अब गन्ने की खेती नहीं करेंगे। सनद रहे इसी मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बलराम राव ने 18 जनवरी को डीसीओ व जिले के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा था।

किसानों के इस निर्णय के बाद मांग को अनसुना करने वाला विभाग चिरनिद्रा से जग गया और मंगलवार को मामले में रामकोला पी समिति के सचिव ने आदेश जारी किया है कि जिस भी किसान के खाते में एक पर्ची बीसी18 की होगी उसको बीसी 36 मोड की सुविधा देकर गन्ने का तौल किया जाएगा। इसके लिए किसानों को एक दिन पहले समिति पर अपनी बीसी 18 को पर्ची जमा करना होगा। शाम तक एकत्रित हुए पर्चियों को मिल में भेजकर मोड चेंज करवा दिया जाएगा ताकि किसान को गन्ना लेकर आनेपर असुविधा न हो।

# शौर्य और पराक्रम के प्रतीक है सुभाष चंद्र बोस : विनय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक है। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक होने के साथ वे आजाद हिन्द फौज के नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे अमर स्वाधीनता मंत्र का उद्घोष कर देशवासियों को आजादी के लिए प्रेरित किया था।

यह विचार नगरपालिका परिषद पडरौना के चेयरमैन विनय जायसवाल ने व्यक्त की। श्री जायसवाल मंगलवार को आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस के जंयती पर नगर के सुभाष चौक पर स्थापित नेताजी को माल्यार्पण कर श्रद्धा - सुमन अर्पित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। नपाध्यक्ष ने पराक्रम दिवस के नाम पर मनाये जाने वाले इस दिवस पर राष्ट्र के प्रति समर्पित होने के लिए नगरवासियों का आवाहन भी किया। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्षो से पडरौना नगरपालिका क्षेत्र में स्थापित सभी महापुरुषों और राष्ट्रनायकों की प्रतिमाओं की प्रतिदिन साफ-सफाई कर



माल्यार्पण किया जाता है। कर उनका सम्मान किया जाता है। इसके पूर्व नपाध्यक्ष ने महानायक सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की साफ-सफाई की, फिर माल्यार्पण किया। उन्होंने नेताजी के जीवन चरित्र पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। इसी कडी मे नगरक्षेत्र के भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

इस मौके मेज़र एमके बरनावल, कैप्टन एल. बी. त्रिपाठी, कैप्टन शम्सुद्दीन , सूबेदार मस्तराज गुप्ता, सूबेदार मुस्तफ़ा अली , फ़ौजदार निज़ामुद्दीन अंसारी, हवलदार अनिल सिंह, नायब सूबेदार राजेश पांडेय, नायब सूबेदार नथुनी प्रसाद, हवलदार मुरारी शर्मा, हवलदार युद्धवीर सिंह, सूबेदार एन. पी. पटेल, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, बृजेश शर्मा, भास्कर शर्मा, नीरज मिश्र, भरत चौधरी, विकास मद्धेशिया, आशुतोष मिश्र, रामु पाण्डेय, विपिन जायसवाल, अशोक जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अनुष्का पाठक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की सौरहा बुजुर्ग की रहने वाली असाधारण प्रतिभा की धनी कथावाचिका अनुष्का पाठक को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 22 जनवरी को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा अनुष्का को सम्मानित किया गया। बता दें कि पूरे देश से कुल 19 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इसमें संस्कृति,कला, नवाचार एवं सामाजिक सेवा के लिए विशिष्ट योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया। इन 19 बच्चों में कुशीनगर की अनुष्का पाठक को भी यह गौरव हासिल हुआ। अनुष्का बहुत ही कम उम्र की कथा वाचिका एवं प्रवचनकर्ता है।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वॉकथान एवं पतंगबाजी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, दिलाई मतदाता शपथ

## 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम, वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देशन में मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रूमी गेट से चौक स्टेडियम तक वॉकथॉन एवं चौक स्टेडियम में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। वॉकथान में विभिन्न स्कूल एवं कालेजों के लगभग 04 हज़ार छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रसाशन के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के स्टूडेंट्स शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना के दिन 25 जनवरी करो पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जाता है और उन्हें अपने मतदान के महत्व को बताया जाता है कि लोकतंत्र में मतदाना करना उनका संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने छात्र छात्राओं, युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि 18 साल और 19 साल आयु वर्ग के अभी बहुत सारे छात्र छात्राएं युवा ऐसे हैं जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं आया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में लगभग 20 लाख युवा मतदाताओं को शामिल किया गया है। इस आयु वर्ग के अभी भी बहुत से छात्र छात्राएं, युवा ऐसे हैं जिनका नाम वोटर लिस्ट में अभी भी आ सकता है। सभी पात्र युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में आ जाए और ज्यादा प्रतीक्षा न करना पड़े इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष में चार आधार तारीख 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर निर्धारित की है। अभी भी जो युवा मतदाता 18 वर्ष के होने वाले हैं उनका नाम निर्वाचन के लास्ट डे आफ नॉमिनेशन तक जुड़ सकता है। मतदाता बनने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म 6 ऑनलाइन भरा जा सकता है।

इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन ऐप एंड्रॉयड और एप्पल दोनों पर उपलब्ध है इसके माध्यम से भी फार्म भर सकते हैं। मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने कहा कि हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा मतदान का अधिकार लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है, लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता का सही से वोटर लिस्ट में नाम शामिल हो। साथ ही जिस दिन मतदान हो, सब लोग अपने घरों से निकलकर अपने मत का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि लखनऊ, कानपुर जैसे जो बड़े शहरो में जहां का मतदान का ट्रेंड बहुत ही काम रहता है और मतदान प्रतिशत लगभग 60 प्रतिशत अधिकतम रहता है, इस ट्रेंड को इस बार हमे पलटना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि कॉलेज एवं विद्यालयों से आए हुए बच्चों के उत्साह को देखकर मुझे यह यकीन हो गया है कि लखनऊ में इस बार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाने वाला है। आज के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि लखनऊ के सभी मतदाताओं से हम यह अपील करें, समाज में यह जागरूकता फैलाने की कोशिश करें कि हमारे लोकतंत्र में मतदाताओं का बहुत बड़ा योगदान है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं के द्वारा मतदान करना सभी मतदाताओं का अधिकार भी है और यह कर्तव्य भी है। हम मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए जो भी हमारी प्रशासनिक व्यवस्थाएं हो सकती है, वह सुनिश्चित करते हैं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में वॉकथान का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य वॉकथान का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ एवं राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ द्वारा किया गया, जिसमें डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग किया। वॉकथान रूमी गेट से प्रारंभ होकर चौक स्टेडियम पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारी मैं लगे हुए एकेटीयू के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ एसएन मिश्रा, फैकेल्टी आफ फार्मेसी के सहायक आचार्य अंजलि सिंह, नीलकण्ठ मणि पुजारी, विकास चौधरी की ओएसडी और स्टेट लायजनिग ऑफिसर, एन एस एस सेल, उत्तर प्रदेश शासन डॉ मंजू सिंह द्वारा सराहना और प्रशंसा की गई।

### शीतला माता मंदिर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित शीतला माता मंदिर पर मगंलवार को हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।मोहनलालगंज के शिवाला वाली गली में स्थित शीतला माता मंदिर पर बीते वर्षो की भांति मगंलवार को हवन-पूजन के बाद कन्या भोज कर विशाल भंडारे में पूड़ी सब्जी,कढी,चावल,बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। लोगो ने शीतला? माता के मंदिर में मत्था टेकने के बाद प्रसाद ग्रहण किया।आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मिश्रा व उद्भव मिश्रा ने भंडारे में पहुंचे सभी अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।भंडारे में प्रमुख रूप से यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी,एसीपी राधा रमण सिंह,तहसीलदार आनन्द तिवारी, ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला,भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी, वरिष्ठ बसपा नेता नागेश्वर द्विवेदी,प्रधान ललित शुक्ला,बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला,महामंत्री रामलखन,व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे,पत्रकार एसोसिएशन महामंत्री अखिलेश द्विवेदी,बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री देवेश सिंह,समाजसेवी गोविंद तिवारी,राजेश पांडे,भाजपा नेता अविचल शुक्ला,समाजसेवी अमित तिवारी उर्फ महाराज,सभासद हिमांशु तिवारी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### आयरन ट्री गार्ड में ग्राफ्टेड आम वृक्षों का रोपण



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग लखनऊ डा0 रवि कुमार सिंह ने बताया कि अवध वन प्रभाग, लखनऊ के सरोजनीनगर रेंज अंतर्गत टीएस मिश्रा, विश्वविद्यालय लखनऊ के परिसर में प्रशान्त त्रिवेदी पूर्व अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग लखनऊ डा रवि कुमार सिंह एवं टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर कपिल मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आयरन ट्री गार्ड में ग्राफ्टेड आम वृक्षों का रोपण किया गया। वहीं इस मौके पर वाइस चांसलर कपिल मिश्रा द्वारा डा रवि कुमार सिंह को यूनिवर्सिटी की बुकलेट भेंट की गयी। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में 100 पौधों का रोपण किया गया।

### मैक्सिलरी रिसोर्ब्ड रिज में टेरिगॉइड प्रत्यारोपण पर कार्यशाला का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। केजीएमयू प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग और आईडीए लखनऊ शाखा ने मैक्सिलरी रिसोर्ब्ड रिज में टेरिगॉइड प्रत्यारोपण पर कार्यशाला का आयोजन किया। दंत चिकित्सा संकाय के डीन प्रोफ़ेसर रंजीत पाटिल ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने विभाग के संकाय सदस्यों को नियमित कार्यक्रम आयोजित करने और केजीएमयू को विभिन्न स्तरों पर गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि टेरिगॉइड इम्प्लांट कम रिज में बहुत सहायक होते हैं। मैक्सिलरी रिसोर्ब्ड रिज कम घनत्व वाली हड्डी और मैक्सिलरी साइनस के कारण चुनौती होती है। इसलिए जिन रिसोर्ब्ड रिज मामलों में सामान्य प्रत्यारोपण प्रक्रिया नहीं की जा सकती, उनमे टेरिगॉइड प्रत्यारोपण अच्छा विकल्प है। इसमे कम लागत आती है क्योंकि इसमें सर्जरी के दौरान क्रत्रिम हड्डी की आवश्यकता नहीं होती है। आयोजन अध्यक्ष डॉ पूरन चंद ने कहा कि आईडीए लखनऊ शाखा रोगी उत्थान के लिए बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि विभाग लगातार छात्र उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। अतिथि वक्ता डॉ दिव्या मल्होत्रा ने मैक्सिलरी रिज में टेरिगॉइड और जाइगोमैटिक प्रत्यारोपण के महत्व के बारे में कहा।

### अखंड सिंह बने रेफरी । जज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लखनऊ इगनो कॉलेज में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ऑल इंडिया कराटे नेशनल रेफरी । जज का एक्जाम कराया गया। जिसमे लखनऊ से अखण्ड प्रताप सिंह भी जज-इ का एक्जाम पास किया। अखण्ड प्रताप सिंह अपने कोच शिहान अशोक पाल सर को धन्यवाद देते हुऐ बताया कि आज जो भी हू अपने कोच शिहान अशोक पाल सर की वजह से हू।

## नेता जी के सांप्रदायिकता विरोधी विचारों को युवाओं तक पहुंचाना सब की ज़िम्मेदारी : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके सांप्रदायिकता विरोधी विचारों से प्रेरणा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्ववादी शक्तियों के उभार के इस दौर में हमें हिंदू महासभा, विनायक दामोदर सावरकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में उनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने 1938 में कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के बाद मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा के सदस्यों के कांग्रेस की सदस्यता लेने पर रोक लगा दी थी। इसी तरह युवाओं को बताने की ज़रूरत है कि सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी जब बर्मा के रास्ते भारत में घुसने का प्रयास कर रही थी तब सावरकर हिंदू महासभा के लोगों को अंग्रेज़ी सेना में भर्ती होने के लिए आहवान कर रहे थे। वहीं, मुस्लिम लीग की बंगाल सरकार में उप मुख्यमंत्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंग्रेज़ों से सुभाष चंद्र बोस और भारत छोड़ो आंदोलन को कुचलने के लिए सुझाव भेज रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को जानना चाहिए कि नवंबर 1944 में टोक्यो यूनिवर्सिटी में दिए गए एक भाषण में नेता जी ने कहा था कि मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा को अंग्रेज़ इसलिए बढ़ावा देते हैं क्योंकि इनकी नीति ब्रिटिश समर्थन की है और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खिलाफ है।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि भाजपा हिंदू महासभा की ही राजनैतिक वारिस है। जिसके बारे में 1940 को झारग्राम में दिए एक भाषण में सुभाष चंद्र बोस ने कहा था कि हिंदू महासभा ने त्रिशूलधारी संन्यासी और संन्यासिनों को वोट माँगने के लिए जुटा दिया है। त्रिशूल और भगवा लबादा देखते ही हिंदू सम्मान में सिर झुका देते हैं। धर्म का फ़ायदा उठाकर इसे अपवित्र करते हुए हिंदू महासभा ने राजनीति में प्रवेश किया है। सभी हिंदुओं का कर्तव्य है कि इसकी निंदा करें। ऐसे गद्दारों को राष्ट्रीय जीवन से निकाल फेंकें। उन्होंने कहा कि 1941 में नेताजी ने जब आज़ाद हिन्द फौज का गठन किया तो उसके झंडे के बीच में एक बाघ की तस्वीर थी। ये बाघ टीपू सुल्तान के झंडे से लिया गया था।

## गांव के मनरेगा मजदूरों के बजाय बाहरी लेबरों से कराया गया काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत शिवलर के मजरा रज्जाक पुर में हुए एक मामले का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है।किसान नेता कुलदीप वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार गांव में ग्राम पंचायत में राम अधार के घर से कमलेश वर्मा के घर तक इंटर लाकिंग काम करवाया गया था उसमें मानकों की अनदेखी की गई है। इस बात की शिकायत की गई। लेकिन जिम्मेदारों ने उसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी। शिकायतकर्ता के अनुसार विवश होकर शिकायत तहसील दिवस में की गई। मामले की जांच के बाद जो आख्या सामने आई उससे शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है। शिकायतकर्ता के अनुसार जांच कर्ता द्वारा जांच कार्य में अपने सहयोगियों का बरते हुए जांच आख्या दी गई है। भाकियू नेता के अनुसार मनरेगा के तहत कराए गए इंटरलाकिंग काम में हुई अनियमिताओ की शिकायते 6 और 18 दिसंबर 2023 को खंड विकास अधिकारी से की गई तो उनकी ओर से इस मामले की जांच अपने ही कार्यालय में कार्यरत एपीओ व टी ए अजय के सुपुर्द कर दी। एक महीने का समय बीत गया। मामले में कोई प्रगति नहीं हुई। स्थिति को देखते हुए शिकायतकर्ता ने 6 जनवरी को पूरा मामला तहसील दिवस में रखा ?।11 जनवरी को जांच की गई जो संतोषजनक नहीं है। शिकायतकर्ता की ओर से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

## नेताजी की जयंती पर हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन, विभूतियां हुई सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर मड़ियांव स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की तरफ से 50 समाजसेवियो को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नवल किशोर त्रिपाठी, पार्षद प्रियंका बाजपेई, पार्षद प्रतिनिधि अंकुश बाजपेई, कैप्टन सरोज सिंह कर्नल, शिवबालक सिंह, सूबेदार, मेजर ए एस यादव, सूबेदार कृष्णपाल सिंह, डॉक्टर अजय प्रसून, मधु पाठक, मांझी प्रमोद शुक्ला, आजाद प्रेम शंकर शास्त्री, प्रतिभा श्रीवास्तव, उमा, प्रवीण पांडे, नीलू वैश्य, मीना पांडे, सुमन शुक्ला, हरिहर वर्मा, पंकज मिश्रा, विनय शुक्ला, सुरेश चंद्र शुक्ला, एडवोकेट छोटे महाराज व पिंकी पचौरी समेत अन्य मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कल से शुरू होगा पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आर्थिक विकास को गति देने और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के एक ठोस प्रयास के तहत पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का यूपी चैप्टर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो की मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम 25 से 29 जनवरी तक गोमती नगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के 300 से ज्यादा एग्जीबीटर्स की पर्याप्त भागीदारी देखने को मिल रही है। इस एक्सपो में जम्मू-कश्मीर, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे भारतीय क्षेत्रों के साथ-साथ तुर्की, थाइलैंड, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान जैसे देश सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिनका लक्ष्य राज्य के व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देना है। एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, डिपार्टमेंट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट, उत्तर प्रदेश सरकार, ओडीओपी, इंवेस्ट यूपी, खादी और ग्राम उद्योग, जम्मू और कश्मीर ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (जेकेटीपीओ), नाबार्ड, सिडबी और एसबीआई जैसी उल्लेखनीय सरकारी संस्थाएं इस अहम आयोजन में शामिल होने वाली हैं। इस मौके पर हेमन्त सपरा, उत्तर प्रदेश चैप्टर, पीएचडीसीसीआई के सह अध्यक्ष ने कहा कि यूपीआईटीईएक्स यूपी के व्यापार परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक पहल है। यह उत्तर प्रदेश को आर्थिक विकास में सबसे आगे ले जाने के लिए एक उत्प्रेरक में देखा जा रहा है। सह अध्यक्ष राजेश निगम ने कहा कि यूपी को निवेश चुंबक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। ऐसे में यूपीआईटीईएक्स आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है। एक्सपो के विभिन्न पवेलियन कृषि, वास्तुकला, जीवन शैली और अन्य क्षेत्रों में अवसरों के एक गतिशील प्रदर्शन का वादा करते हैं। रीजनल डायरेक्टर अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि यूपीआईटीईएक्स में पर्याप्त भागीदारी इसके महत्व का प्रमाण है। हम पिछले 118 वर्षों में अपने सदस्यों के अटूट समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। हम मिलकर उद्योग की चुनौतियों का समाधान करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि यूपी नई आर्थिक ऊंचाइयों तक पहुंचे।

# प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन संकल्प यात्रा की गाड़ी पहुंची पतौना व कमालपुर विचलिका

## ग्राम प्रधान सन्नौ देवी व माता प्रसाद को दिया गया प्रशस्ति पत्र

**जरूरतमंदों को बांटे गए कम्बल एवं वितरित किए गए आयुष्मान कार्ड**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन था विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी ग्रामपंचायत पतौना व कमालपुर विचलिका गांव में पहुंची , जहां पशु चिकित्सा,आंगनवाड़ी, कृषि केंद्र के स्टाल लगाये गए, जिसमे पशुपालकों को निःशुल्क दवाइयां वितरित कर अन्य जानकारियां दी गई । मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला 'विंधेश्वरी' ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी।

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन ग्राम पंचायत पतौना में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला (विंधेश्वरी) ने मौजूद ग्रामीणों को योगी और मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारियाँ दी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई । कार्यक्रम का संचालन उतरावां ग्राम प्रधान भोलानाथ ने किया। जिसमें पशु चिकित्सा, कृषि केंद्र सहित अन्य स्टाल लगाये गए, पशुपालकों को दवाइयां वितरित की गई और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों के पालन पोषण की जानकारी दी गई। पतौना व कमालपुर विचलिका गांव के दोनों ग्राम प्रधानों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।साथ ही किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

ग्राम पंचायत पतौना में प्रधान सन्नौ देवी व उनके पति दिलीप कुमार समेत पूर्व प्रधान जब्बार हुसैन ने मुख्य अतिथि समेत गणमान्यजन को माला पहनाकर व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। ग्राम पंचायत कमालपुर विचलिका के ग्राम प्रधान माता प्रसाद ने पहुंचे मुख्य अतिथियों को बुकें व माला अंग वस्त्र पहनाकर सभी को सम्मानित किया। दोनों ग्राम पंचायत में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवर अभियंता ल. सिंचाई से मनोज कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि सोमनाथ यादव, ग्राम विकास अधिकारी वंदना शर्मा, नगराम चिकित्साधिकारी डा0 सुनील कुमार,, प्रधानाध्यापक आशीष कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह , प्रदीप सिंह समेत क्षेत्र के ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# दुबग्गा में सपा नेता द्वारा आयोजित श्रीरामलीला एवं भण्डारे में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## 101 कलाकारों से मंचित होई रामलीला,श्री शनिदेव मंदिर सेवा समिति द्वारा किया गया आयोजन

**प्रभु श्रीराम को 551 किलो के एक लड्डू से लगाया गया भोग**

**रामलीला एवं भण्डारे में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। राजधानी पुलिस कमिश्नरेट पश्चिमी के अंतर्गत दुबग्गा बाजार में जहाँ एक ओर अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्रांणप्रतिष्ठा हुई।तो वहीं इस दिन दुबग्गा बाजार में श्री शनिदेव मंदिर सेवा समिति द्वारा एक दिवसीय भव्य श्रीराम लीला का भव्य आयोजन एवं विशाल भण्डारा आदयोजित किया गया।जिसकी भव्य तैयारियां कई दिनों से चल रहीं थीं।दुबग्गा को दुल्हन की तरह सजाया गया।कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ा और प्रसाद चखा।

श्री शनिदेव मंदिर सेवा समिति के संरक्षक एवं कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ सपा नेता विनीत शुक्ला बीनू ने बताया कि श्रीराम लीला का मंचन भारत के प्रख्यात 101 कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई।सभी लीला अमित दीक्षित 'राम जी' के निर्देशन में आयोजित की गई।रामलीला का उत्सव शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक मंचन हुआ।शाम 7 बजे विशाल भण्डारा शुरु हुआ।जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा।बीनू शुक्ला ने बताया कि समस्त कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्रीराम जी को 551 किले के एक लड्डू से भोग लगाने के साथ शुरू किया गया।जाएगा।बीनू शुक्ला ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष परम पूज्य नृत्य गोपाल दास जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख रूप नारायण यादव,पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत,हरिशंकर यादव,चौधरी मुल्तान सिंह यादव,समरेश सिंह यादव,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विजय श्री,सहकारी संघ अध्यक्ष केशरी राव धारा सिंह यादव,दुबग्गा मंडी समिति अध्यक्ष मयंक यादव लाला,आढ़ती अरुण कुमार पाण्डे,छोटू मिश्रा,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी,पूर्व महापौर प्रत्याशी अजय त्रिपाठी मुन्ना,बुधेश्वर विकास महासभा अध्यक्ष राजेश शुक्ला,पूर्व पार्षद प्रत्याशी कल्पना शुक्ला,प्रेमावती रावत सहित हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर रामलीला का आनंद लिया और भंडारे में प्रसाद चखा।

# डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला वृक्षारोपण पर्यावरण, एवं गंगा समिति की बैठक सम्पन्न




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुये कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है, इसलिये सभी को पर्यावरण सुरक्षा हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास करना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर सूखा कूड़ा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्र करने हेतु प्रेरित किया जाये। सूखे कूड़े एवं गीले कूड़े का अलग-अलग परिवहन भी सुनिश्चित कराया जाये, जिससे निस्तारण आसानी से किया जा सके। मोहल्ला/गांव स्तर पर कम्पोस्टिंग हेतु लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश देते हुये इसके लिये आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नालों का बहाव ठीक रखा जाये, जिससे कहीं पर भी जल जमाव की स्थिति न हो। बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि वेटनरी विभाग भी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करे।

### जिलाधिकारी ने दिलायी सड़क सुरक्षा की शपथ

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गयी। जिलाधिकारी ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि यातायात नियमों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम अनेक दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी ने सभी से अनुरोध किया कि 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को एम0एस0टी0सी0 पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कराते हुये स्क्रैप कराना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा 29 फरवरी 2024 अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है। इसके पूर्व स्क्रैपिंग हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासकीय वाहनों एवं शासकीय कार्यालयों में लगे अनुबंधित वाहनों के संबंध में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराये जाने हेतु भी अनुरोध किया।
बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृजमोहन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान वृक्षारोपण हेतु विभागवार लक्ष्य आवंटित करते हुये जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण की जाये, यदि किसी विभाग को किसी विशेष प्रजाति के पौध की आवश्यकता हो तो नियमानुसार मांग पत्र वन विभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। गत वर्षों में रोपित पौध का भौतिक सत्यापन करते हुये आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि कम से कम एक वृक्ष लगाकर उसकी सरुक्षा एवं देख-रेख अवश्य करें। जिला गंगा समिति के सदस्यों की सहमति पर जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य में स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित वैदिक ट्रेल एवं जेटी निर्माण हेतु अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# श्री राम जन्मभूमि मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अखण्ड रामायण पाठ व भव्य भण्डारे का किया गया आयोजन

## श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार नौनेर की तरफ़ से भव्य भण्डारे का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरगांव सीतापुर। ग्राम पंचायत नौनेर में स्थिति श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर मण्डल की तरफ़ से अखण्ड रामायण पाठ एवं भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें आए हुऐ सभी श्री राम भक्तों ने बढ़चढ़ कर श्री बाला जी दरबार में जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए उपस्थित दर्ज कराई व भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर मिन्नते मांगी पांच सौ वर्ष बाद श्री राम मन्दिर का भव्य निर्माण हुआ जिसके उपलक्ष्य में श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार के प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्र ने बताया कि आज अयोध्या में प्रभु श्री राम मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा होना बड़े गर्व की बात है कि सभी सनातन में प्रवेश करते ही सर्वत्र दिखाई पड़ रहा है ऐसा लगता है कि पूरा नौनेर राममय हो गया आज हम सभी के सामने एक बड़ी चुनौती है रामोत्सव पर्व को दीपावली की तरह मनाएं उन्होंने कहा कि आज प्रभु ने यह अवसर हम सभी को प्रदान किया है तथा प्रभु श्री राम जन जन के आराध्य हैं तथा 500 वर्षों के उपरांत प्रभु श्री राम गर्भ गृह में स्थापित मंदिर में विराजमान होंगे और त्रेता युग में प्रभु श्री राम 14 वर्ष के वनवास के उपरांत अयोध्या धाम आए थे आज 500 वर्षों के उपरांत प्रभु श्री राम तंबू से निकलकर अपने मंदिर में विराजमान होंगे जिस प्रकार से अयोध्या वासियों ने प्रभु श्री राम के आगमन पर घर-घर में दीपक जलाकर दीपावली मनाई थी आज हम लोग प्रभु की कृपा से समर्थ वन है ऐसा पहली बार इतनी अच्छी तरह से रामोत्सव पर्व को सभी राम भक्तों ने दीपावली की तरह मनाया है इस अवसर पर श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार के प्रधान पुजारी करुणा शंकर मिश्र, मण्डल अध्यक्ष अश्विनी कुमार शुक्ला,उपाध्यक्ष अजय मिश्रा,कोषा अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मिश्रा,नित्य पुजारी सोनू मिश्रा, पंकज सिंह, मोहन शुक्ला, श्याम किशोर मिश्रा एवं श्री बाला जी सेवा मण्डल दरबार के सभी भक्तगण आदि लोग उपस्थित रहे।

# सबके राम, हम सब राम के: भव्य राष्ट्रमंदिर से रामत्व की स्थापना: महेंद्र सिंह यादव

## बिसवां में राम मंदिर प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया हवन पूजन व मंदिर की सफाई

### क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बिसवां सीतापुर। अयोध्या धाम मे श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महमूदाबाद रोड स्थिति चतुर्भुज मंदिर पर भाजपा के पूर्व विधायक बिसवां महेन्द्र प्रताप सिंह यादव के द्वारा आयोजन किया गया। आयोजन मे हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम चतुर्भुज मंदिर पर पूर्व विधायक महेन्द्र प्रताप सिंह यादव द्वारा पूजन अर्चन हवन सम्पन्न कराया गया । एलसीडी के माध्यम से अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। यही नही एल सी डी पर उपस्थिति जन समूह ने अयोध्या से लाइब प्रसारित आयोजन मे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के वक्तव्य को भी सुना। श्री प्रभु के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन पर तहसील क्षेत्र के सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी जनमानस के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर साहित्य गौरव संदीप मिश्र सरस, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अलोक गुप्ता, श्रम प्रकोष्ठ के नेता जायेंद्र प्रताप सिंह,( जीतू सिंह) , नागेंद्र यादव,दीपू गुप्ता,चन्दभाल नेता,पूर्व प्रधान केदार नाथ यादव,करुणा शंकर पटेल, बड़ी संख्या मे प्रधान सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

### घर से नाराज होकर गये युवक को पुलिस ने ढूंढकर किया परिजनों के सुपुर्द

शारदानगर-खीरी। बिना बताए घर से भागे एक 18 वर्षीय युवक को शारदानगर पुलिस ने ढूंढकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया है। बेटे को आंखों के सामने देख परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। युवक के परिजनों ने इस कार्य के लिए शारदानगर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।जानकारी के मुताबिक़ शारदानगर पुलिस के एक दल ने ड्यूटी के दौरान थाना क्षेत्र में एक युवक लाचार अवस्था में घूमते हुए पाया।
पूछताछ में उसने अपना नाम श्रवण कुमार (उम्र 18) पुत्र विजय कुमार निवासी इंदई पुरवा थाना शारदानगर तहसील लखीमपुर जनपद खीरी बताया। पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क साधा तो पता चला कि उनका लडक़ा बिना बताए घर से 16 जनवरी को नाराज होकर कहीं चला गया है परिवार के लोगों ने आस-पास क्षेत्रों में उसकी खोज-बीन करने के साथ नाते-रिश्तेदारियों में उसके संबंध में पूछा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिवार के लोगों ने गुमशुदगी की तहरीर थाना शारदानगर में दी।

# शासनादेशों की धज्जियां उड़ा रहा आबकारी विभाग

## शराब की दुकान पर खुलेआम बन रहे पैग उड़ रहा जाम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सांडा/सीतापुर। आबकारी विभाग सीतापुर का मौन नजरिया शराब ठेकेदारों के लिए बना वरदान जिसके चलते खुलेआम शासनादेशों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां और खुल्लमखुल्ला दुकान के अंदर ही चखना, गिलास, पानी की व्यवस्था के साथ खुलेआम उड़ाए जा रहे पैग।सांडा बाजार स्थित देशी व विदेशी शराब की दुकानों के सामने ही खुले में उड़ाते जाम दिख रहे मदिराप्रेमी।खुले में मदिरापान के बाद हुल्लड़ का नजारा आम बात जबकि चंद कदमों पर बालिका इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज की बालिकाओं के लिए ये पियक्कड़ बन रहे मुसीबत।ऐसे में किसी बड़ी अनहोनी की राह देख रही आबकारी पुलिस या किसी वाकये की मूलाधार बनने वाली है क्षेत्रीय आबकारी टीम।यदि समय रहते बन्द लिफाफों को भूलकर अपने कर्तव्य के प्रति नहीं तत्पर हुई आबकारी टीम तो कभी भी बड़े हादसों को दावत देने वाले पियक्कड़ बन जाएंगे उनके गले की फांस।सांडा शराब की दुकानें जोकि मुख्य बाजार के मध्य व मुख्य मार्ग पर स्थिति हैं यदि इन्हें न किया गया परिवर्तित तो कभी भी ये करवा सकते बड़ा हादसा।
मामले को लेकर जब जिला आबकारी निरीक्षक सीतापुर से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ही रिसीव न हुआ,अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन मामले को लेकर क्या करता है कोई ठोस कार्यवाई या ऐसे मूकदर्शक बन शासनादेशों की उड़ती रहेंगी धज्जियां?

### फ़ेसबुक द्वारा राम मंदिर पर अभद्र टिप्पणी पर बजरंग दल ने जताया विरोध

जहांगीराबाद/सीतापुर। कल ही राम मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है और उसके कुछ ही घण्टों बाद सदरपुर थाना अन्तर्गत फरदापुर गांव निवासी अनवारुल अंसारी पुत्र मुश्ताक अंसारी ने अपने मोबाइल की फ़ेसबुक आई डी ?पर अयोध्या में भगवान राम के मंदिर और भगवा ध्वज पर अभद्र टिप्पणी करते हुये मंदिर के चित्र पर भगवा ध्वज की जगह हरे रंग के झंडे लगाये हैं। जिसे देखकर विश्वहिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भारी विरोध जताते हुए अनवारुल अंसारी के खिलाफ तुरंत कार्यवाई के लिए सदरपुर थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया है। अनवारुल अंसारी ने अपने फ़ेसबुक आई डी पर श्री राम मंदिर और भगवा ध्वज पर आपत्ति जनक स्टोरी लगायी है जिसको लेकर बजरंग दल बिसवां प्रखंड के सहमंत्री सुशील कुमार वर्मा और जिला सुरक्षा प्रमुख नरेन्द्र कुमार ने भारी आपत्ति जताते हुए थानाध्यक्ष सदरपुर को तुरंत आवश्यक कार्यवाही के लिये प्रार्थना पत्र दिया है।

# गांधी के चरखे से नहीं आजाद के संघर्ष से मिली आजादी : अमित महाजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पलियाकला-खीरी। आजादी के महानायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वी जयंती नगर पालिका परिषद पलिया कलां के सभागार में आयोजित हुई, कार्यक्रम का आयोजन पलियाड समिति 2024 के द्वारा किया गया। संचालन राजेश कुमार गुप्ता ने किया।
पलियाड समिति के संयोजक दर्शन सिंह हिंदुस्तानी ने अपने संबोधन में कहा कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। व्यापार मण्डल जिला महामंत्री अमित महाजन ने कहा कि भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं, देश को आजादी गांधी के चरखे से नहीं बल्कि नेता जी के कड़े त्याग व संघर्ष से मिली है, उन्होंने सिविल सर्विस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद देश की आजादी के लिए इस्तीफा देकर आजाद हिंद फौज के माध्यम से आजादी के संघर्ष को सफलता तक पहुंचने की राह दी। । राजेश गुप्ता ने कहा कि हम सभी को अपने चरित्र में नेता जी के व्यक्तित्व को आत्मसात करने की आवश्यकता है। डा. फजल अहमद खान ने बताया कि देश की आजादी में सुभाषचंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आभार अधिशाषी अधिकारी एम के चौधरी ने प्रकार किया।पलियाड समिति के संयोजक दर्शन सिंह हिन्दुस्तानी, अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र कुमार चौधरी,मेहरचंद अरोरा, राजेश कुमार गुप्ता, अनूप गुप्ता, पवन गर्ग, जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कृष्णावतार सिंह भाटी, चेयरमैन पुत्र ई. वरुण गुप्ता, जिला उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री अमित महाजन,फजल अहमद खान, जसवीर फ्लोरा,धर्मेंद्र अरोरा, लेखाकार मेलाराम विजेंद्र लोधी, अंकुर सिंह, ज्योति मिश्रा, शोभा शुक्ला, विनय कुमार सहित अनेकों गणमान्य नागरिक व पालिका डुन्फ्ग्रभ उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में 163 निर्धन कन्याओं का हुआ विवाह



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सांडा(सीतापुर)। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सकरन ब्लाक मुख्यालय पर स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज सांडा के खेल मैदान परिसर में सामूहिक शादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सकरन व बिसवां ब्लॉक क्षेत्रों से आए 163 जोड़े सात फ़ेरे लेने के बाद दांपत्य सूत्र में बंधे। मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा और क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार व सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।
सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सकरन के 91जोड़े,बिसवां के ग्रामीण क्षेत्र से 69 जोड़े व बिसवां नगर के 3 जोड़ों की शादी कराई गई। नवविवाहित दम्पत्तियों को बर्तन,कपड़े व जेवर के अलावा अन्य दहेज का सामान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक निर्मल वर्मा उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें सकरन से एक व बिसवां से एक मुस्लिम जोड़े का निकाह कराया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा,रामचंद्र उर्फ सुकई नेता मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा,चंद्रकुमार सिंह तोमर भाजपा नेता,रामशंकर सिंह कछवाह भाकियू (जनमंच)जिलाध्यक्ष,सन्तोष सिंह राठौड़ जिलाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा,बीडीओ धर्मेन्द्र कुमार,बीडीओ काजल रावत,अवर अभियंता सुभाष वर्मा,एडीओ पंचायत दिनेश कुमार,एडीओ आईएसबी विजय कुमार श्रीवास्तव,पंचायत सचिव अजीत यादव,संतलाल पटेल,शिवेंद्र प्रताप, शिवमंगल मिश्र,सुभाष दीक्षित,अजय गौतम, अंकित तिवारी,शैलेंद्र दीक्षित,संतलाल पटेल,अरुण गुप्ता आदि के साथ वर वधू के माता पिता और परिजन मौजूद रहे।

### गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली शोभा यात्रा



गोला गोकर्णनाथ। खीरी।श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गो पर शोभायात्रा निकाली गई। नगर पालिका परिषद गोला चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू एवं अधिशाषी अधिकारी / उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा के नेतृत्व में पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभासद नानक चन्द्र वर्मा, आनंद सोनी, आनंद किशोर गिरि, धर्मेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, दानिश राईन,रियाजुद्दीन, साहिद अंसारी, हरिओम वर्मा, राजेश वर्मा ,अनिल गुप्ता, अमन अवस्थी, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, गीता विश्कर्मा, रेखा मिश्रा, रजत गुप्ता, विजय मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, मोहित गिरि संदीप वर्मा ,मोहित अवस्थी ,काके सहगल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### सीएचसी फरधान में भव्य रामोत्सव, धार्मिक अनुष्ठान



फरधान-खीरी। सप्तपुरियों में प्रथम श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर जनपद खीरी में उत्सव का माहौल है। घरों पर लहराते ध्वज, मंदिरों से लेकर बाजार, सरकारी भवनों, दफ्तरों, मोहल्लों में सजीं रंग-बिरंगी लाइटें, जगह-जगह पर होने वाले भंडारे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।जिले भर में जय श्रीराम... अंगना मैं सजाऊंगी राम आएंगे, सजा दो घर गुलशन सा, मेरे राम आए हैं जैसे भक्ति गीतों की धुनों पर नाचते-गाते भक्त... हर जगह यही नजारे थे इसी क्रम में सीएचसी फरधान में बने मंदिर में जहां एक ओर सुंदरकांड, अखंड रामायण के पाठ चल रहा वही दूसरी ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारे देखने को मिली।सीएचसी फरधान में सोमवार को विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। सम्पूर्ण सीएचसी को अच्छी तरह सजाया गया।

# कब्रगाह बनी बांसखेड़ा गांव की गौशाला! भूख-प्यास से दर्जनों गोवंशों की हुई मौत

## प्रधान व सचिव की लापरवाही की भेंट चढ़ रहे गौवंश, भूख-प्यास और ठंड से तड़पकर मौत, प्रशासन बेखबर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाय से प्रेम किसी से भी छुपा नहीं है इसके बावजूद जनपद खीरी में गोवंशों को सरकारी गौशालाओं में रखे जाने में बरती जा रही लापरवाही से उनकी मौत का मामला लगातार सामने आ रहा है। गौशाला में गौवंशों की मौत मामले में प्रशासन खीरी की लचर व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं वहीं निघासन ब्लाक के गांव में गोवंशों की मौत मामले में कर्मचारी चुप्पी साधे हुए हैं।

खीरी जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां,गौशालाओ की दुर्दशा की तस्वीरें आम बात हो गई है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही गौवंश के संरक्षण को लेकर सजग और संवेदनशील हो, लेकिन लखीमपुर खीरी का पशु चिकित्सा विभाग व ग्राम विकास विभाग के अफसर संवेदनहीन बने हुए हैं, जिससे गौशाला कब्रगाह बन रही है वहीं, भूख प्यास व ठंड से तड़प कर दम तोड़ रहे गौवंशो को कुत्ते नोंच रहे हैं इस दौरान शिकायतकर्ता मोहित वर्मा पुत्र राकेश कुमार वर्मा निवासी ग्राम बांसखेड़ा खीरी ने प्रधानमंत्री को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बांसखेड़ा गौशाला का वीडियो बनाकर वायरल किया है, जिसमें मृत गौवंशो का ढेर पड़ा है कुछ लोग खीच रहे हैं स्थानीय अधिकारी अनजान बने हुए हैं ब्लाक लखीमपुर की बांसखेड़ा में स्थित गौशाला में हर रोज गोवंश की मौत का सिलसिला जारी है गोवंश की मौत का कारण ठोस तरीके से तो सामने नहीं आ सका परन्तु कहीं ना कहीं मौतों के लिए ग्राम प्रधान व सचिव की अनदेखी को जिम्मेदार माना जा रहा है।

### आरोप- भूख-प्यास से हुई गोवंशों की मौत पर गौशाला के कर्मचारी मौन

### दर्जनों गायों की संदिग्ध मौत की जांच हेतु पीएम मोदी को लिखा पत्र

जानकारी मुताबिक सदर तहसील के ग्राम बांसखेड़ा का है जहां जिला परिषद की जमीन पर बनी गौशाला में लगभग तीन सौ से अधिक गौवंशों की संदिग्ध मौत के बाद खीरी प्रशासन अभी तक प्रभावी संज्ञान नहीं लिया और ना ही किसी दोषी के खिलाफ ठोस कार्रवाई किया जिससे अपराधियों के हौसले काफी बुलंद है शिकायतकर्ता मोहित वर्मा पुत्र राकेश कुमार वर्मा निवासी ग्राम बांसखेड़ा खीरी ने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र के माध्यम से कहा है कि ग्राम बांसखेड़ा के प्रधान संतोष वर्मा पुत्र जितेंद्र वर्मा द्वारा उक्त गौशाला की देख-रेख अपने लोगों द्वारा कराई जाती है जहां गौशाला के नाम पर आने वाली भारी भरकम धनराशि को गोलमाल करते हुए गोवंशियों की सुविधाओं एवं स्वास्थ्य, खान-पान आदि व्यवस्थाओं पर उचित ध्यान नहीं दिये जाने के कारण भूख प्यास से व्याकुल गोवंश पशु निरंतर अपना दम तोड़ रहे हैं जिनके शवों को दर्जनों की संख्या में एक साथ एक ही गड्ढे में दबाकर ऊपर से मिट्टी भरकर दबवा दिया जाता है अथवा गोवंशीय पशुओं के शव मछली के चारे के रूप में पड़ोस की मछली तालाब में प्रयोग करते हुए अमानवीय कृत्य किया जा रहा है उपरोक्त संदर्भ में स्थानीय अधिकारियों को सूचना देने के पश्चात भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सिर्फ लीपा पोती कर गोवंशों के साथ हुई क्रूरता एवं शासकीय धन की लूट खसोट पर कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है बल्कि गोवंशों की निर्मम हत्या व उनके नाम पर आने वाले भारी भरकम बजट की लूट खसोट बदस्तूर निरन्तर जारी है।



### मामले को रफा-दफा करने में जुटा प्रशासन

उपरोक्त अभिषेक बिंदुओं की शिकायत करते हुए शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री से पशुओं की निर्माण हत्या एवं शासकीय धन के भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ विधिक करवाई का अनुरोध किया था किन्तु एक ही गोशाला में कई गायों की मौत के बाद जिम्मेदार मामले को रफा-दफा करने में जुटा है सरकारी गोशाला में गायों की मौत के बाद इलाके के लोगों में भी काफी गुस्सा है सरकारी गोशाला में गायों की रखरखाव में लापरवाही और चारे की कमी बताई जा रही है।

# राज्यमंत्री ने तीन दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय किसान मेले का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जनपद में तीन दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय किसान मेला का मंगलवार को रणंजय इण्टर कालेज गौरीगंज के मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।राज्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों वन, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, इफको, कृषि, समाज कल्याण विभाग के साथ साथ अन्य निजी क्षेत्र के कृषि यन्त्र एवं निवेश के स्टालों का अवलोकन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया तथा मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने के बारे में बताया गया। इस दौरान किसान मेले में एग्रो क्लाइमेटिक जोन के तहत आने वाले अन्य जनपदों (प्रतापगढ़ एवं अम्बेडकर नगर) के किसानों के साथ-साथ जनपद के लगभग एक हजार पांच सौ किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उक्त किसान मेले में जिलाधिकारी द्वारा किसानों को नवीनतम तकनीकी के माध्यम से उन्नतशील खेती हेतु प्रोत्साहित किया

**गौरीगंज में राज्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये कृषि यंत्र व निवेश सम्बन्धित स्टाल का अवलोकन किया**

गया तथा कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के हेतु उत्साहित करने के साथ-साथ श्रीअन्न (मोटे अनाज) से होने वाले लाभ एवं उसके उत्पादन/उत्पादकता पर विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ एलबी यादव, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जे पी सिंह, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

तिलोई अमेठी। थाना इन्हौना क्षेत्र के रायबरेली मार्ग पर स्थित गांव सहादतगंज गंदा नाला के निकट स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये है जिन्हें उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में भर्ती कराया गया है। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव खेखरुआ निवासी शिवशंकर उम्र पचास वर्ष गांव के ही अर्जुन उम्र बयालिस वर्ष के साथ स्प्लेंडर बाइक से इन्हौना से घर जा रहे थे तभी सामने से बच्चों को छोड़कर आ रही एमिटी इंटरनेशनल स्कूल बीएचईएल जगदीशपुर की बस तेज रफ़्तार होने पर टक्कर हो गई जिसमें दोनों घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कंचन सिंह मय दलबल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर भेजवाया जहां पर इलाज जारी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने बताया कि स्कूली बस को कब्जे में ले लिया गया है और तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## स्कूलों में धूमधाम से मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाईस्कूल में नेता सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी और सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर हिन्दी विभाग द्वारा नेता जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और देश की आजादी में भी नेता जी का योगदान रहा।व्याख्यान माला में हिंदी शिक्षिका गीता त्रिपाठी सहित आकाश,राहुल, अंशिका ,अंकित , कैफ़िया, रिफ़ा आदि बच्चों ने व्याख्यान दिया।कार्यक्रम में शैक्षिक प्रभारी पूजा सिंह,राहुल शुक्ला, राहुल यादव, मोहित मिश्रा, जूली मिश्रा, अखिलेश सिंह, पूर्णिमा, शालिनी, फायजा , ऋचा, चांदनी, पीयूष तिवारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्राचार्य हिमांशु मिश्रा ने किया।

# नमो नव मतदाता सम्मेलन में 24 हजार युवाओं को सम्बोधित करेंगे नरेन्द्र मोदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। आज भारतीय जनता युवामोर्चा द्वारा पार्टी कार्यालय में आगामी कार्यक्रम नमो नव मतदाता सम्मेलन हेतु पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह मानू ने बताया कि जनपद के नव मतदाताओं को सही दिशा एवं दशा देने हेतु प्रत्येक विधानसभा स्तर पर दो कार्यकमों का आयोजन किया गया है। बताया कि जहानाबाद विधानासभा में बीएनयू गार्डे न, महाराणा प्रताप डिग्री कालेज करचलपुर देवमई में क्रमशः विधायक राजेन्द्र पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा मुखलाल पाल तथा जिला मंत्री रेखा मिश्रा एवं डॉ विकास त्रिवेदी रहेंगे। इसके अलावा बिन्दकी विधानसभा में नवीन रिजार्ट तथा सत्ती सिंह डिग्री कालेज मौहार में विधायक जय कुमार सिंह जैकी एवं अभिषेक त्रिवेदी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमनजीत सिंह एवं जितेन्द्र सिंह जीतू रहेगें।



साथ ही फतेहपुर विधानसभा में ठा0 युगराज सिंह डिग्री कालेज तथा कोटेश्वर इंटर कालेज रमवा में साध्वी निरंजन ज्योति केन्द्रीय राज्यमंत्री तथा अमित तिवारी ब्लाक प्रमुख, पूर्व विधायक विक्रम सिंह एवं ओम मिश्रा रहेगे। खागा विधानसभा में यशराज रिजार्ट एवं अंजली गेस्ट हाउस खखरेरू में अतिथि विधायक कृष्णा पासवान एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदित्य त्रिवेदी, राजेन्द्र गर्ग एवं विकास पासवान ब्लाक प्रमुख रहेगें।

इसके अलावा हुसैनगंज विधानसभा में एचएन बहुगुणा इंटर कालेज हुसैनगंज तथा जय नारायण सिंह डिग्री कालेज हथगाम में अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह एवं रिंकू लोहारी, संतोष गुप्ता एवं संतोष सिंह राजू रहेगें। अयाह शाह विधानसभा में साई वाटिका गाजीपुर एवं प्रताप इंस्टीट्यूट बहुआ में क्रमशः विधायक विकास गुप्ता एवं जिला मंत्री मनोज मिश्र मनू, सुनीता गुप्ता एवं शिवेन्द्र सिंह रहेगें। बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कस चुका है। वहीं जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में युवा मोर्चा जहानाबाद रोहित उत्तम, अभिनव सिंह चौहान, बिन्दकी विधासभा में जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, जिला मंत्री कुलदीप मौर्या, सदर विधानसभा जिला महामंत्री प्रसून तिवारी एवं जिलामंत्री शुभम त्रिपाठी, खागा विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष हिमांशू त्रिपाठी, हुसैनगंज विधानसभा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रहरी एवं हिमांशु सिंह, जिला मंत्री सत्यम बाजपेयी, जिला महामंत्री ऐश्वर्य सिंह चंदेल की जिम्मेदारी सौंपी गयी। बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें : एआरटीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जनपद में सड़क सुरक्षा हेतु जनसामान्य में जागरूकता अभियान के तहत आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती के अवसर पर आज जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर में सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश सिंह द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर कक्षा आठ से बारह एवं उच्च शिक्षा के विद्यालयों के 817 छात्र छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु उन्होंने ''सड़क सुरक्षा शपथ'' दिलायी।इसके अतिरिक्त तहसील मुख्यालयों पर उपजिलाधिकारी एवं ब्लाक मुख्यालयों पर खण्ड विकास अधिकारियों के अगुवाई में कक्षा आठ से बारह तक के समस्त विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के समस्त विद्यार्थियों को एक साथ 'सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला' बनायी गई तथा सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गई, जिसमें कुल विद्यालयों के 42235 छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज एक विशेष कार्यक्रम ''सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला'' का आयोजन किया गया है जिसमें यह प्रयास किया गया है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनायी गई है। उन्होने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है कि इसमें जनपद के छात्र छात्राओं तथा अन्य लोगों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया है।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत परिवहन विभाग के साथ पुलिस, लोक निर्माण, समस्त निर्माण एजेंसी, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन विद्यालयों, नगरीय निकायों एवं ब्लाक स्तर पर सड़क सुरक्षा के प्रति कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने यातायात नियमों का पालन किये जाने तथा इसके प्रति सभी को जागरुक करते हुए कहा कि अठारह वर्ष से कम बच्चों को वाहन न चलाने दें, मोटर साईकिल व स्कूटर चलाते समय हेलमेट एवं चार पाहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगायें। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में एवं मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाये तथा तेज गति से वाहन न चलाये और स्टंट आदि बिलकुल न करें। इस दौरान यातायात निरीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें। सभी को यातायात नियमों का सदैव पालन करना चाहिए। जिससे कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन कदापि न चलायें।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता का शुभारंभ

फतेहपुर। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127वी जयंती के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम शांतिनगर फतेहपुर में सड़क सुरक्षा के जागरूकता का शुभारंभ जिलाधिकारी महोदया श्रीमती सी.इंदुमती ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति आम जन मानस में जागरूकता लाने के लिए स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ जिलाधिकारी महोदया ने दिलाई। उन्होंने मानव श्रृंखला की पंक्ति में खड़े हुए छात्र, छात्राओं से सड़क सुरक्षा के बारे में जाकर संवाद कर सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन की जानकारी को साझा किया। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा करना है, के लिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना अतिआवश्यक है। उन्होंने छात्र, छात्राओं से कहा यातायात नियमों का पालन स्वयं करते हुए आस पास के नागरिकों एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करे।

## चोरी के पम्पसेट इंजन के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी,थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा चोरी के एक अदद पम्पसेट इंजन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक विधान चन्द यादव मय हमराह को तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर कृष्ण लाल कोरी पुत्र रामदुलारे कोरी निवासी ग्राम सरैया मजरे कौहार थाना गौरीगंज उम्र करीब चालीस वर्ष व रामसरन सरोज उर्फ सन्ने पुत्र गिरिजा प्रसाद सरोज निवासी ग्राम गढामाफी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को ग्राम लठहापुर के पास से समय करीब पौने दस बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार दोनों युवकों के कब्जे से एक अदद पम्पसेट इंजन बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा बरामद इंजन के बारे में पूंछने पर गिरफ्तार युवकों ने बताया कि कुछ दिन पहले रात्रि में हम लोगों ने ग्राम गढ़ामाफी के खेत से इस इंजन को चोरी किया था।थाना मुंशीगंज पुलिस ने गिरफ्तार दोनों युवकों के खिलाफ चोरी और माल बरामदगी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## रक्तदान शिविर में पूर्व विधायक सहित चार ने रक्तदान

**फतेहपुर।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती में सर्व फार ह्यूमैनिटी द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का उदघाटन पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने फीता काट किया,लैब टेक्नीशियन अशोक शुक्ला ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विक्रम सिंह को बैज अलंकृत किया ,उपरांत पूर्व विधायक विक्रम सिंह सहित चार रक्तदाताओ करन चौधरी, मोहित,दीपू,राकेश ने रक्तदान किया , रक्तदान के बाद पूर्व विधायक ने कहा नेता जी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए उनके द्वारा कही गयी लाइन *तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा* इस पर पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने कहा किसी न किसी स्लोगन का महत्व किसी न किसी दिवस से जुड़ जाता है और कहा रक्तदान करने से कोई कमजोरी नही आती है रक्तदान नियमित करने से समय से रक्त की उपलब्धता हो जाती है रक्तदान करने से आप देश की सेवा के साथ आप स्वास्थ्य को अच्छा रख सकते है ।

# श्रीराम कथा का 25 जनवरी से 2 फ़रवरी तक होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर । 550 वर्ष उपरांत अयोध्या में रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में संवेदना सेवा न्यास द्वारा श्रीराम कथा आयोजन सम्राट अशोक तिराहा मंडप गेस्ट हाउस के सामने वी आई पी रोड में 25 जनवरी से 2 फरवरी तक समय दोपहर 2:00 बजे से साय 5:00 बजे तक होना सुनिश्चित हुआ है । जिसमें पूज्य संत आचार्य श्री शांतनु महाराज का आगमन होगा एवं उनकी मधुर वाणी के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा । श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक स्वरूप राज सिंह जूली ने बताया कि संवेदना सेवा न्यास के तत्वाधान में श्रीराम कथा समिति द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन 25 जनवरी से 2 फरवरी तक किया गया है उन्होंने बताया कि आचार्य श्रीशांतनु महाराज के श्री मुख से श्रीराम कथा कहीं जाएगी । जिनका आगमन 25 जनवरी को होगा । 25 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे लखनऊ बाईपास से एक विशाल शोभा

**श्रीराम कथा में आचार्य शांतनु महाराज करेंगे प्रवचन**

**संवेदना सेवा न्यास द्वारा 25 जनवरी को निकाली जायेगी शोभा यात्रा**

यात्रा निकाली जाएगी जो जनपद शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी । आयोजन समिति के संयोजक स्वरूप राज सिंह जूली ने बताया कि श्रीराम कथा के पहले 24 जनवरी तक प्रत्येक घरों में कलश स्थापित किए जाएंगे जिसको समिति के सदस्य घर-घर पहुंचने का कार्य करेंगे । उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा के अंतिम दिनांक 2 फरवरी को महाआरती का भी आयोजन किया गया है । उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा के मुख्य यजमान के रूप में राकेश श्रीवास्तव रहेंगे । श्रीराम कथा का भूमि पूजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक राम के द्वारा किया जा चुका है । संवेदना सेवा न्यास के संस्थापक अध्यक्ष पंकज ने बताया कि संवेदना सेवा न्यास,जीव सेवा के लिए समर्पित सेवा संस्थान का मुख्य उद्देश्य अनन्त संवेदनाओं से युक्त ''संवेदना सेवा न्यास'' समाज से उपेक्षित ऐसे बच्चों एवं वृद्ध माता- पिताओं की हर प्रकार की चिंता कर समाज की मूल धारा तक ले जाने के लिए कार्यरत है बस आवश्यकता है हमारी आपकी संवेदनाओं को जोड़ने की । यह सेवा ज्योति मां पीतांबरा के आशीर्वाद से झांसी दतिया के बीच में संवेदनशील, राष्ट्रभक्त, ऊर्जावान नवयुवकों द्वारा प्रजजवलित की गई है । जो सेवा रूपी संस्कार से अज्ञान के अंधकार को समाप्त कर संपूर्ण समाज को सेवा सद्भावना के प्रकाश सेअभिसिंचित करेगी । इस दौरान - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कारवांह ज्ञानेंद्र सिंह विभाग संपर्क प्रमुख प्रदीप सिंह ,संवेदना सेवा न्यास के आजीवन संरक्षक अनुराग त्रिपाठी , समिति के सह संयोजक विशेष बाजपेई , रमाशंकर गुप्ता आदि रहे।

# पेंशन बचाओ मंच ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ब्लॉक ईकाई खजुहा फतेहपुर के तत्वावधान में अटेवा खजुहा के समस्त पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला निधान सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आज की इस बैठक में अटेवा खजुहा के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक जी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।जिला महामंत्री जी ने 25 जनवरी को मतदाता/पेंशन जागरूकता मार्च मे अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग करने के लिए एंव 28 जनवरी को होने वाले ट्विटर अभियान के बारे में बताया तथा अधिक से अधिक ट्वीट करने के लिए कहा एवं अटेवा के आन्दोलनों को सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए कहा। अटेवा के ब्लॉक महामंत्री बीरेंद्र गौतम ने निजीकरण को मध्यमवर्ग के लोगों के खिलाफ षड़यंत्र बताया और 4फरवरी को लखनऊ में होने वाले रन फार ओपीएस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने के लिए कहा।जिला संगठन मंत्री आशीष सिंह जी ने कहा पेंशन हक है लेकर रहेंगें। ब्लॉक कोषाध्यक्ष अजय पाल जी ने कहा कि हमें अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ रन फार ओपीएस में चलना है।उमाशंकर साहू जी ने कहा कि हमें अपने ब्लॉक में एन पी आर सी स्तर पर टीम बनाकर लोगों को आन्दोलन के बारे में जागरूक करना है। अंजनी कुमार पांडे जी ने कहा पेंशन की शुरुआत अंग्रेजों ने की थी जब देश गुलाम था तब कर्मचारियों को पेंशन थी आज जब हमारा देश आजाद है तो सरकार है शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पेंशन बंद कर रही हैं अटेवा का आंदोलन अब जन आंदोलन बन गया है और सरकारों को पेंशन देना ही होगा पेंशन नहीं तो वोट नहीं अशोक कुमार वर्मा प्रवक्ता पुरुषोत्तम इंटर कॉलेज ने कहा कि यह आंदोलन हमारे मान सम्मान एवं स्वाभिमान की लड़ाई है इसे हम जीत कर ही रहेंगे।समस्त सदस्यों ने एकमत से संजय सिंह जी को ब्लॉक आई टी सेल प्रभारी नियुक्त किया गया।संजय जी ने भरोसा दिलाया कि अटेवा के आंदोलन को जन जन तक पहुंचाएंगे।

## जनता की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। स्पेशल युवा एंटी करप्शन टीम आम जनता की समस्या के समाधान लिए हमेशा तात्पर्य रहती है संस्था ने देखा की सुल्तानपुर की जनता को एक ही जिले मे एक ही रास्ते पर दो बार टोल देना पड रहा है जिसको लेकर टीम के संस्थापक अध्यक्ष राममणि तिवारी ने जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल को ज्ञापन देते हुए इस मामले से अवगत कराया। सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गाँधी से मिलकर मामले से अवगत कराया साथ ही क्षेत्रीय विधायक सीताराम वर्मा को अवगत करते हुए यह बताया कि सदन मे राष्ट्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का वक्तव्य है कि किसी भी परिस्थिति मे साठ किलो मीटर मे एक ही सडक पर दो टोल नहीं लगेगा, जब कि असरोगा टोल से बैतीकला टोल की दूरी मात्र 51 किलो मीटर पर है यह टोल जौनपुर जिले मे होना चाहिए था जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जौनपुर जिले वासियो को बचाते हुए और मंत्री जी के वक्तव्य को झुठलाने का प्रयास करते हुए गलत तरीके से बैतीकला टोल का निर्माण कराया है। जिसे तत्काल बंद करते हुए जौनपुर जिले के बार्डर पर बनाया जाना चाहिए।

## दुपट्टे के फंदे पर झूली विवाहिता, दहेज हत्या का आरोप

सुल्तानपुर। एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मायके वाले सुसराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं। वही सूत्रों की माने तो पहली शादी के बाद एक बच्चे को मृतका प्रेमी के साथ भाग गई थी। ये उसकी दूसरी शादी है और पति सऊदी अरब में रह रहा है। घटना कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के पांचोपीरन क्षेत्र की है। कस्बा निवासी शाहिदा (25) की शादी दो वर्ष पूर्व कस्बा निवासी शमी अहमद के साथ हुई थी। शमी फिलवक्त सऊदी अरब में रहकर नौकरी कर रहा है। परिवार में सब कुछ सही चल रहा था। लेकिन बीती रात उस समय घर में रोना पीटना मच गया जब शाहिदा ने कमरा बंदकर दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाया और वो उस पर झूल गई। घंटों जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो सुसराल वालों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़कर जब सुसराली जन अंदर घुसे तो वहां का दृश्य देखकर सभी हतप्रभ रह गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लोकल का मामला होने के चलते मायके वाले भी वहां पहुंचे और सुसरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाने लगे। हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजते हुए जांच शुरू कर दिया है। मृतका के भाई शबीन अहमद ने सुसराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वही स्थानीय लोगों की माने तो मृतका शाहिदा का इससे पहले भी विवाह हुआ था। जिससे उसका एक बच्चा है। लेकिन वो शादी के बाद प्रेमी के साथ भाग गई तो वहां उसको परिवार वालों ने नहीं रखा। अंत में तलाक हुआ और फिर दूसरी शादी हुई। घटना को लेकर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि जांच पड़ताल के आधार मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## रोडवेज बस व डीसीएम में भिड़त

सुल्तानपुर। प्रयागराज-अयोध्या राष्टीय राजमार्ग पर आज ओदरा के निकट रोडवेज बस व ट्रक में भीषण भिड़ंत हो गई। जिससे हाईवे पर घंटों लंबा जाम लग गया। कोतवाली देहात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य करते हुए ट्रक ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और जाम खुलवाकर आवागमन चालू कराया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रयागराज-अयोध्या नेशनल हाईवे पर कोतवाली देहात के ओदरा के पास उस समय हड़कंप मच गया जब रोडवेज बस और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। रोडवेज बस अयोध्या की ओर से सुल्तानपुर की ओर आ रही थी। डीसीएम सुल्तानपुर की ओर से जा रही थी। दोनों गोमती नदी के ऊपर बने पुल पर पहुंची थी कि एक्सीडेंट हो गया।

## अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, युवक की मौत

सुल्तानपुर। दोस्तपुर में अपाची बाइक से जा रहा एक युवक बाइक अनियंत्रित होने से सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोग उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थय केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना दोस्तपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर अंडर पास की है। जहां आज दोस्तपुर थानाक्षेत्र के बहबल गांव निवासी सैफ (26 वर्ष) पुत्र मोहम्मद इस्माईल अपने मुर्गी फॉम पर जा रहा था। एकाएक खालिसपुर अंडर पास के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे सैफ सड़क पर जा गिरा। उसे गंभीर चोटें आई। आसपास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोग उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थय केंद्र दोस्तपुर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को मुख्यालय पर पोस्टमार्टम में भेजा। जहां से देर शाम उसका शव ले जाया गया और सुपुर्द खाक किया गया। मृतक चार भाई बहन में दूसरे नंबर पर था।

# याद किए गए नेताजी सुभाष चंद बोस, निकाली प्रभात फ़ेरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए आजाद समाज सेवा समिति द्वारा नगर में प्रभात फ़ेरी निकालकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित नगर में स्थित समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। सुभाष मार्केट स्थित नेताजी की प्रतिमा के समक्ष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी भारत की आजादी को लेकर बेचैन थे। उन्होंने जन-जन में आजादी के संघर्ष की अलख जगा दी। अंग्रेजों से भारत को आजाद करने के लिए नेताजी ने 1943 में आजाद हिंद सरकार का गठन किया, जर्मनी, इटली, जापान, आयरलैंड, चीन, कोरिया, फिलीपींस समेत 9 देश की मान्यता इस सरकार को मिल गई थी। संस्था



उपाध्यक्ष विजय यादव व मंत्री गिरीश तिवारी बबलू ने कहा कि नेताजी के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ मतभेद हो गए थे हालांकि उन्होंने कभी भी गांधीजी का अनादर नहीं किया। राष्ट्रीय कंाग्रेस से स्वयं को अलग कर एक नए दल का गठन किया और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी रखा। संस्था कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान वह कोषाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि नेताजी ने 21अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद सरकार की स्थापना करते हुए आजाद हिंद फौज का गठन किया, 1944 मे एक रेडियो प्रसारण में सुभाष पहले व्यक्ति थे जिन्होंने गांधी जी को राष्ट्रपिता कह कर संबोधित किया। आज कार्यक्रम के वक्ताओं में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़, दिलीप सिंह, बबलू सिंह प्रधान, महामंत्री मकसूद अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद अहमद, सरदार जितेंद्र पाल सिंह, दीपक सिंह, आशीष मिश्रा महाकाल, राजा अब्बास जैदी, मसूद अहमद आदि मौजूद रहे।

# नजूल भूमि पर बिना फ्री होल्ड बिना नक्शा पास कराए हो हो गया व्यावसायिक निर्माण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। शहर के मालवीय नगर पुरानी हनुमानगढ़ तिराहे के के पास एक व्यक्ति ने नगर पालिका के जेई और नजूल विभाग के अमीन के मिली भगत से पुरानी हनुमानगढ़ी तिराहे की बेशकीमती नजूल की जमीन पर बिना फ्री होल्ड व बिना नक्शा स्वीकृत कराए व्यवसायिक निर्माण हो गया है।वही सूत्र बता रहे हैं कि नगर पालिका के जेई और नजूल के अमीन रामजन्म मिश्रा के संरक्षण में यह काम कराया गया है।तिराहे पर बनी दुकान नजूल की जमीन पर भी बनाए गए हैं।वही नजूल की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य अवैधानिक ढंग से होना शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के साथ ही आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है।

### नजूल के अमीन से मिलिए और अवैध निर्माण करिए

नगर पालिका परिषद यानी किसी को भी अवैध निर्माण करना तो उनको बस भ्रष्ट जेई या नजूल विभाग के अमीन से संपर्क करना बाकी सारी समस्याओं का हल हो जायेगा ये बात कैनविज टाइम्स के रिपोर्टर नही कह रहे है बल्कि नगर में अवैध निर्माण करने वाला दूसरे अवैध निर्माण करने को तैयार व्यक्ति से कहता है और कही ना कही ये बात सही भी है क्योंकि नगर में हो रहे हर अवैध निर्माण में यही सामने आता है शिकायत के बाद भी जेई और नजूल के अमीन मौके पर तो ठीक शिकायत तक नही देखते है बल्कि जिसकी शिकायत हुई उसको जा कर कह देता।जेई और अमीन मौका रिपोर्ट लगाने की बजाए नगर पालिका परिषद में बैठे ही मन से मौका रिपोर्ट बना देते है।

### आवासीय निर्माण पर बने व्यवसायिक निर्माण

अवैध निर्माण की शिकायत के बाद भी रिपोर्ट में कही भी इसका जिक्र नहीं करता ख्रग्ट नही छोड़ा बस इतना लिख दिया जाता है कि ऐसा एक मामला नही है बल्कि कई मामले है।जिसमें जेई और नजूल विभाग के अमीन की जोड़ी ने बड़े खेल किए है।ऐसा ही कुछ मामले में फिर सामने आये है ऐसे कई मामले है मालवीय नगर पुरानी हनुमानगढ़ी के तिराहे ठीक पास में हुए नजूल की सम्पति पर अवैध निर्माण के मामले में भी बड़ा गोलमाल हुआ है।जिसमें भी पालिका परिषद के इन भ्रष्टों का नाम चर्चाओं में है।

### योगीराज में भी हो गया अवैध निर्माण

सूत्र बता रहे हैं कि नजूल के जेई और अमीन के जानकारी में कुछ लोगो का महल जैसा शो रूम भी पूरा बन कर तैयार हो गया पर योगी के राज में गोण्डा नगर पालिका परिषद में हो रहे अवैध निर्माण करने वालों का कुछ नही बिगड़ा बस आप जेई और नजूल विभाग के अमीन को थोड़ा ज्यादा खुश करना पड़ेगा ऐसे में लोगों कहना भी सच लगता है कि ईमानदारी का पाठ दूसरों को पढ़ाने वालों के राज में इतना भ्रष्टाचार कैसे संभव हो रहा है। जहां पर आवासीय पट्टा खत्म होने के बाद भी नजूल कि जमीन पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्से के बीच शहर में नजूल की संपत्ति पर अवैध निर्माण हो जाता है।वही जो भी हो अवैध निर्माण एक तरफ तो गोण्डा नगर पालिकापरिषद की पहचान बन गए है तो दूसरी तरफ भ्रष्ट इंजीनियर और नजूल के अमीन के लिए मोटा माल कमाने का साधन बन गए है सूत्र बता रहे है कि जेई और नजूल विभाग के अमीन नगर पालिका के ईओ हो या सभापति सबको खुश रखते है कभी किसी को नाश्ता तो कभी किसी को पार्टी देते रहते है ये सुन एक सभापति पति बोले कि मालवीय कहावत है कि खुद खावे काकड़ी हमें दे आकड़ी नगरपालिका परिषद में ऐसा ही कुछ हो रहा है और कोई तो है जो इन भ्रष्ट जेई और नजूल के अमीन की अवैध कमाई का हिस्सा ले रहा तभी तो इतना संरक्षण मिल रहा है।वरना इतना लिख देने के बाद भी इन पर कार्यवाही का चाबुक चल जाना था खैर ठीक है हमारा काम है लिखना हमने तो लिख दिया अब लिखें पर कार्यवाही करना या नही करना ये जिला प्रशासन या नगरपालिका परिषद के जिम्मेदार को तय करना है।

## नेताजी की जयंती पर डेढ़ लाख से अधिक छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। भारत देश की आजादी के महानायक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जी की 23 जनवरी को जन्म जयन्ती के अवसर पर जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरूकता अभियान के तहत पूरे जिले में एक लाख 60 हजार छात्र-छात्राओं की मानव श्रृंखला बनाकर रिकॉर्ड कायम किया गया।जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाकर यात्रियों को जागरूक किया।मानव श्रृंखला का नेतृत्व जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी,यात्री कर अधिकारी शैलेन्द्र तिवारी,प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक शैलेश कुमार,यातायात निरीक्षक जगदम्बा गुप्ता सहित अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी द्वारा यात्रियों से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु जिलाधिकारी ने अम्बेडकर चौराहे से टॉमसन कालेज तक पैदल चलकर सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गयी।इस अवसर पर बच्चों द्वारा राहगीरों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए उनके बीच पंपलेट का वितरण भी किया गया।

# जिले में अतिक्रमण हटवाने में हो रही मनमानी पीएसी गेट के सामने अवैध अतिक्रमण कायम

## अपनों पर रहम गैरो पर सितम वाली कहावत चरितार्थ कर रहा नगर पालिका व जिला प्रशासन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। जिले में कार्रवाई कम दिखावा कुछ ज्यादा हो रहा है। जी हां ऐसा हम नही आम लोगो द्वारा कहा जा रहा है। जिले में चाहे जिला प्रशासन हो या नगर पालिका या फिर लोक निर्माण विभाग ने अब तक कई अवैध अतिक्रमण हटाये गए और कितनो पर रहम कर दिया गया,जो चर्चा का विषय बना हुआ है। आपको बता दें कि जनपद मुख्यालय स्तर पर अवैध अतिक्रमण अभियान चलाकर अंबेडकर चौराहे के पूरब पटरी पर लगभग दो दर्जन दुकान मकान को जमींदोज कर दिया गया,जबकि पश्चिम पटरी के दुकान/मकान को नोटिस देकर अभी तक कार्यवाही नही की गई।इमामबाड़ा में तालाब से अतिक्रमण हटाकर कब्जा मुक्त किया गया,लेकिन बगल में ही बाबा मेंठिया व नजूल की भूमि पर बने सैकड़ो अवैध कब्जे बरकरार हैं। दीवानी चौराहे पर नगर पालिका से नक्शा पास एक दर्जन दुकान मकान दीवाल नजूल की बताकर गिरा दिया गया वहीं सौ मीटर आगे लखनऊ रोड पर पीएससी गेट के सामने तीन मंजिला निर्माणाधीन मकान भी नजूल की भूमि पर है जो फ्री होल्ड नही है और हाइवे से सटा है। जिसे नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा जानबूझकर नजर अंदाज किया जा रहा है। ऐसे में गंभीर सवाल यह उठता है कि आखिर उपरोक्त अवैध अतिक्रमण को हटाने में जिम्मेदार विभाग व आला अधिकारी पीछे क्यों हट रहे हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर स्वच्छता अभियान व भजन-कीर्तन एवं भण्डारे का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। विकास खण्ड परसपुर के ग्राम सभा लोहंगपुर डीहा में शिव मन्दिर में पाण्डव वंशीय बाबू रघुवीर शरण सेन स्मारक धर्मार्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्राम सभा लोहंगपुर डीहा के श्रीराम देवेश्वर महादेव मंदिर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शेर सिंह जी एवं सह कोषाध्यक्ष हवलदार जी की अगुवाई में मंदिर प्रांगण में साफ - सफाई का अभियान चलाया गया।तत्पश्चात सुंदर काण्ड का पाठ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। शाम को 251 दियों को जलाकर दीपोत्सव मनाया गया

इस शुभ अवसर पर श्री राजेश कुमार पाण्डेय, रघुवंश मणि तिवारी,हनुमंत लाल गुप्ता, राम कमल गुप्ता, पप्पू कनौजिया, शिव चरण, असलम, सत्य प्रकाश दुबे, मनोज कुमार वर्मा, केदारनाथ दूबे,राम भगत जायसवाल, शिवदत्त सिंह, देवी सिंह, राम प्रताप वर्मा, वेद सिंह,अनीश, पिंटू सिंह,द्वारिका सिंह, सुमित सिंह,सतीश पांडेय, दिलीप सिंह और संजीव सिंह उपस्थित रहे।

### नशा उन्मूलन महाअभियान से जुड़कर समाजिक जन-जागरण का करे आह्वान : संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट



नानपारा, बहराइच। पौराणिक पांडवकालीन शिवालयबाग शिव मंदिर परिसर में आज साधु , सन्त, वैरागी, महंत, पीठाधीश्वर आचार्यों ने सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों के साथ सामुहिक भजन कीर्तन व हवन पूजन कर नशा उन्मूलन तथा जल व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने नशा को मानवता के प्रति गम्भीर अपराध बताते हुए समाज मे नशा के खिलाफ जन-जागरण महाअभियान चलाए जाने का सामूहिक संकल्प भी दोहराया। नानपारा नगर क्षेत्र स्थित शिव मंदिर शिवालयबाग परिसर में आज मंदिर प्रबंधन, महामना मालवीय मिशन, गायत्री परिवार, जय गुरुदेव परिवार, आर्य समाज, सनातन समाज, किसान परिषद व साधु संत कल्याण परिषद के प्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने राम नाम भजन संकीर्तन व हवन का आयोजन किया। रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से नशा उन्मूलन महाअभियान से जुड़कर समाजिक जन-जागरण चलाए जाने का भी आवाहन किया। शिवालय बाग महंत वीरेन्द्र गिरी जी महाराज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नशा समाजिक अभिशाप है साधु संतों का दायित्व बनता है कि वे गाँव-गाँव में प्रवास कर नशा से दूर रहने का लोगों को संकल्प दिलाए तथा अवैध नशा कारोबार से लोगों को दूर रहने का आवाहन करें तभी नशा पर पूर्ण नियंत्रण सम्भव हो सकेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता राहुल पाण्डेय ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी किसान परिषद अध्यक्ष केशव पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सन्त समाज के राघव, मलमास पूरी, विनोद व लक्ष्मण दास, गायत्री परिवार से जुड़े प्रभात श्रीवास्तव, समाजसेवी मोनू जायसवाल, दीपू पोरवाल, वैभव, जिला प्रधान संगठन प्रवक्ता धीरेंद्र शर्मा, सिख समाज से जुड़े किसान नेता सुखविंदर सिंह, सरदार जसप्रीत सिंह, समाजसेवी अनिल पाण्डेय, किसान नेता महेंद्र सिंह, हरिओम शुक्ल एडवोकेट, पर्यावरणविद धमेन्द्र कांत व ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव तथा समाजसेवी एडवोकेट जयदीश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान संगठन जिला उपाध्यक्ष तकम्म्स खां, किसान नेता तिलक राम वर्मा, निर्भय श्रीवास्तव समेत सैकड़ों सनातन धर्मी व समाजसेवी लोग उपस्थित रहे। तहसील प्रशासन की ओर से नायाब तहसीलदार हर्षित त्रिपाठी व राजस्व निरीक्षक विश्वनाथ मौर्य के द्वारा साधु संतों व विरक्त लोगो को कंबल ओढाकर तथा समाजसेवियों को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

# भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर सनातनियों में हर्ष, राम जानकी मन्दिर से निकली भव्य शोभायात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर बाबा माधव दास मन्दिर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा की स्थापना की गई। नगर के गायत्री मन्दिर, कायस्थ टोला मन्दिर, सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मन्दिर बाबा विश्वनाथ मंदिर राम जानकी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही दादी राणी सती मन्दिर व राम लीला ट्रस्ट द्वारा एक शोभायात्रा निकाली गई। रथ पर श्री राम बाल रूप की झांकी मन मोह रही थी। राम नाम के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा मे महिला व पुरूष राम भजन पर थिरकते चल रहे थे। नगर में मन्दिरो को फूलों व रंगबिरंगी झालरों द्वारा सजाया गया था। दादी राणी सती मन्दिर व सतरूपा अष्टभुजा मन्दिर पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मौके पर नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, ब्लॉक प्रमुख विजय वर्मा, कृपाराम वर्मा, राम स्वरूप अग्रवाल, चमन चौरसिया, उमेश चंद शाह, अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ अशोक कुमार गुप्ता, इओ रंग बहादुर सिंह, नगर कार्यवाह आनन्द श्रीवास्तव, प्रकाश वीर गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर सेवा प्रमुख ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी 2024 को गित्रगुप्त बस्ती में शिव मन्दिर, सतरूपा अष्टभुजा मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, शिव हनुमान मंदिर, सिद्धेश्वर मन्दिर, विश्वनाथ मंदिर, श्री राम जानकी मन्दिर सहित नगर भ्रमण कर सनातन भाईयों से कुशल क्षेम जाना व धार्मिक अनुष्ठान संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी ली। नानपारा नगर व गांवों में दिन भर खुशी का माहौल दिखा, श्री राम के जयकारों से पूरा गांव व नगर गूंजयमांन रहा। दिन में घर घर सुंदरकांड पाठ, कीर्तन भजन हुए प्रसाद वितरण हुआ। शाम होते ही दीपवाली की तरह लोगों ने घर में दीया और झालरों से सजावट की और रंगोलियां बनाकर भगवान राम का स्वागत किया।

दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या में श्री रामचंद्र प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया गया, वहीं रात में दीपक जलाकर रोशनी की गई व पटाखे छुड़ाकर खुशियां मनाई गई। बालाजी संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस मौके पर दिन में विशाल भंडारा आयोजित हुआ और शाम को 5051 रामनामी दीपक जलाकर भगवान राम का स्वागत किया गया। उधर नगर में राम जानकी मंदिर, कायस्थ टोला बड़ी मंदिर, राढ़न टोला मंदिर, विश्वनाथ मंदिर मैं भी भंडारों व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सिसवारा गांव के पूर्व प्रधान प्रभात श्रीवास्तव की देखरेख में मरी माता मंदिर पर सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन व प्रसाद वितरण किया गया ।

### एसएसबी 59वीं वाहिनी द्वारा मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन




नानपारा, बहराइच। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के सीमा चौकी लाम्बीफारेस्ट के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाला ग्राम कंजड़वा में मानव चिकित्सा शिविर (ग्घ्क) का आयोजन कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट, 59वीं वाहिनी के नेतृत्व में किया गया जिसमें डा. आकिब अजाज (क्ख्ग) द्वारा 36 ग्रामीणों का चिकित्सीय जांच कर चिकित्सीय टीम के द्वारा नि:शुल्क दवाई वितरण की गई। इस शिविर पर आयोजन के तहत ग्राम कंजड़वा एवं प्रेमनगर के ग्रामीण लाभान्वित हुए । इस अवसर पर डॉ. आकिब अजाज (क्ख्ग) के द्वारा ठण्ड के मौसम में फैल रही विभिन्य संक्रमण बीमारियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक एवं साफ सुथरा रहने के लिए प्रेरित किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक (सामान्य) प्रदीप कुमार घोष, रोशन तारा ग्राम प्रधान के साथ अन्य बलकार्मिक उपस्थित रहे ।

### रूल ऑफ लॉ सोसायटी ने श्रद्धा एवं आस्थापूर्वक मनाई नेता जी की जयंती

बहराइच। रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में दीवानी कचहरी स्थित सोसायटी कैम्प कार्यालय परिसर में नेता सुभाषचंद्र बोस जयंती श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। उपस्थित लोगों ने नेता जी को राष्ट्र का महानायक बताते हुए उनके बताए हुए मार्गों का अनुसरण कर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के लिए सतत कार्य करने का सामूहिक संकल्प भी लिया। रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित नेता सुभाषचंद्र बोस जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विशेष न्यायाधीश अनिल त्रिपाठी ने कहा कि , नेता जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व युवाओं के लिए अनुकरणीय है नेता जी के बताए हुए रास्तों पर चलकर हम देश एवं समाज के लिए अच्छा एवं सुखद मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। सुलह अधिकारी राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने नेता सुभाषचंद्र बोस को रास्ट्र महानायक बताते हुए आज़ादी की लड़ाई में उनके योगदान संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) संजीव श्रीवास्तव (स्थाई अधिवक्ता भारत सरकार) ने नेता जी को आज़ादी का महानायक बताते हुए नेता जी के दिखाए हुए रास्तों पर चलकर देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत कार्य करने का आवाहन किया। सोसायटी जिलाध्यक्ष अनिल मिश्र एडवोकेट ने नेता जी को महान व्यक्तित्व का स्वामी बताते हुए उनकी स्मृति में युवाओं के बीच मे लगातार विचार गोष्ठियां आयोजित किये जाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ0 राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अर्जुन कुमार दिलीप जी ने किया।

### सांसद ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन उपकेंद्र व स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया



नानपारा, बहराइच। मटेरा इलाके के मोहरबा गांव में बहराइच के सांसद अक्षयवरलाल गौड़ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल द्वारा जन आयोग केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। ग्राम पंचायत मोहरबा के लोगों को व गर्भवती महिलाओं को समय से प्राथमिक उपचार मिल सके इस उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा इसका कायाकल्प कराकर उद्घाटन करवाया गया। यह कार्य होने से गांव के लोगों में खुशी का माहौल उत्पन्न है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन के अवसर पर यह उद्घाटन हुआ। उद्घाटन के शुभ अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी एक्र शशिकला यादव ग्राम प्रधान मोहम्मद आरिफ सचिव पराग बांकेलाल एडवोकेट स्वास्थ्य विभाग के अन्य कई स्टाफ वह ग्रामीण मौजूद रहे।

# केंद्रीय विद्यालय एसएसबी 59वीं वाहिनी ने मनाई नेताजी की जयंती



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। केंद्रीय विद्यालय 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा बहराइच में नेताजी सुभाष चंद्र बोसजी का जन्मदिन पराक्रम दिवस के रूप में प्राचार्य संजय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 59 वी वाहिनी सशत्र सीमा बल के कमांडेंट एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमान कैलाश चंद रामोला ने इस अवसर पर श्री बोस जी की प्रतिमा पर प्राचार्य के साथ माल्यार्पण किया तथा स्वतंत्रता में उनके योगदान को याद किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने उनकी निडरता, साहस, वीरता के अनेक रोचक प्रसंग छात्रों के साथ सांझा किए । इस अवसर पर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत परीक्षा पे चर्चा, विकसित भारत, चंद्रयान, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आदित्य एल 1, एक्जाम वारियर तथा खेलों में भारत की उपलब्धियां आदि विषय पर आयोजित जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में बहराएच जिले में स्थित केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, सआदत इंटर कॉलेज, कृपाराम जागृति स्कूल आदि के 100 विधार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर श्रेष्ठ पांच विधार्थियो सरस्वती विद्या मंदिर के मो इमरान अंसारी, जवाहर नवोदय विद्यालय बहराइच की वर्तिका सिंह, केंद्रीय विद्यालय ५९ बटालियन स सी बल नानपारा की पूर्वी यादव, सआदत इन्टर कॉलेज नानपारा की अन्नू विश्वकर्मा एवं श्री कृपाराम जनजागृति स्कूल अगैया नानपारा के अयान अहमद को नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित स्वतंत्रता सेनानियों के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तक के साथ प्रमाणपत्र भी मुख्य अतिथि के कर कमलों से प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियो को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लिखित इक्जाम वारियर पुस्तक के साथ डिजिटल प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। सभी विद्यार्थियों को कलर, ड्राइंग शीट तथा अल्पाहार भी प्रदान किया गया।

# मनकापुर कोतवाली में नहीं मिलती पीड़ित को बैठने की जगह, जमीन पर बैठकर करती है इंतजार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। सांसद के कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के गृह क्षेत्र मनकापुर कोतवाली में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग से थाने बनाए गए हैं, लेकिन मनकापुर कोतवाली कि स्थिति यह है कि यहाँ बैठने के लिए जगह तक नहीं है। ऐसे में मनकापुर कोतवाली में पहुंचने पर फरियादियों को घंटों खड़े रहने या फिर जमीन पर बैठने को मजबूर होना पड़ता है।मंगलवार को मनकापुर कोतवाली में कुछ ऐसे ही नजारा देखने को मिला है। कोतवाली में भीड़ लगी हुई थी

कई फरियादी जमीन पर बैठे हुए थे आपसी झगड़ा लड़ाई को लेकर कोतवाली में आए हुए थे।और दोनों पक्षों को बुलाया गया था जो महिला हेल्फ डेक्स के आफिस के सामने कोतवाली थाना परिसर में जमीन पर इधर उधर बैठे नजर आ रहे थे।इससे अलग भी तीन से चार महिलायें अन्य मामलों में शिकायत करने पहुंची थीं।वह भी थाने में बने पेड़ व पत्थर पर बैठकर इंतजार कर रही थीं।वही सूत्र बता रहे है कि महिलाओं की फरियाद सुनने के कोतवाल साहब अपने किसी अन्य काम के लिए बाहर चले गए और महिलाओं की फरियाद को नहीं सुना उसके बाद वहां पर बैठे एसआई ने कोतवाली परिसर में बैठकर कुछ अन्य महिलाओ की फरियाद सुनी।और सूत्र बता रहे है कि जब महिलाऐं थाना प्रभारी के पास जातीं तो वहां पर तैनात एक महिला पुलिस कर्मचारी बार बार उन्हें बाहर बैठने के लिये कह देती,कई बार तो उस महिला कर्मचारी ने उन्हें फटकार भी लगायी।तुम्हे कितनी बार बोला है कि बाहर बैठ जाओ।ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि महिलाओं की समस्याओं को कोतवाली में ही कितनी गंभीरता से लिया जा रहा है।यह तो सोचने वाली ही बात है।

### कोतवाली में जमीन पर बैठने के लिए मिल रही जगह

डीजीपी का आदेश था कि फरियादियों को थाने में मिलेगी इज्जत थाने में हाथ जोड़कर होगा स्वागत,पानी पिलाकर पूछेंगे- कहिए कैसे आना हुआ वही बीजेपी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के गृह क्षेत्र में स्थित कोतवाली में महिलाओं को जमीन में बैठने के लिए मिल रही है जगह। वही एडीजी ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी का निर्देश है कि जनता ही सर्वोपरि के उद्देश्य के लिए हर थाने में महिला सिपाही या उनके न होने पर पुरुष सिपाही आने वाले फरियादियों का कुर्सी से खड़े होकर हाथ जोड़कर नमस्ते कर अभिवादन करेंगे।थाने में पहुंचने पर अब अगर पुलिसकर्मी कुर्सी से उठकर हाथ जोड़कर स्वागत करें, फिर पानी के लिए पूछें और आराम से बैठाकर पूछें-कहिए कैसे आना हुआ तो चौकिएगा मत। अब यही नजारा हर थाने में नजर आएगा।लेकिन मनकापुर कोतवाली में उसका उल्टा हो रहा है वहां पर महिलाओं को भी सम्मान नहीं मिल रहा है। महिलाओं को जमीन पर बैठने के लिए मिल रही है जगह यही हो रहा है सम्मान।

# संकल्प यात्रा में भाजपा विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी जानकारी

## हमारे देश का गरीब जब संपन्न होगा तभी भारत विकसित होगा : चेयरमैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। बिलसंडा कस्बा के रामलीला ग्राउंड में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बीसलपुर भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार उर्फ डीके गुप्ता एवं संचालन सभासद आशीष सक्सेना ने किया नगर पंचायत बिलसंडा के रामलीला ग्राउंड में पहुंचे बीसलपुर भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।

उन्होंने बताया कि डूडा विभाग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पीएम किसान सम्मान निधि योजना उज्ज्वला योजना आयुष्मान कार्ड कन्या विवाह योजना के तहत सरकार द्वारा समस्त वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है।कार्यक्रम में गोद भराई की रस्म भी निभाई गई इस दौरान भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने कार्यक्रम मैं मौजूद किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरण किए इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा विधायक विवेक वर्मा एवं परियोजना अधिकारी जया सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता एवं समस्त सभासदों ने भारत को विकसित बनाने की शपथ ली इस मौके पर बीसलपुर भाजपा विधायक विवेक वर्मा,पीओ जया सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार उर्फ डीके गुप्ता,नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ऋषिकांत राजवंशी, रजत सागर,सुनील शुक्ला, आशीष सक्सेना, बाबूराम कश्यप,मोहम्मद नाजिम शाह, मोहम्मद सलीम अंसारी, मोहम्मद रफीक, सुधांशु पाराशर,विधायक प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, आनंद प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।यूपी कौषल विकास मिषन, डीडीयू-जीकेवाई,राजकीय आईटीआई एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड मरौरी में विकास खण्ड स्तर पर एक रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई पीलीभीत में किया गया।इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की निम्न कम्पनियों जेएनएस इन्सटूमेन्टस- लि0, एलआईसी ऑफ इण्डिया, पी0ई0 प्रा0लि0,टाटा मोटर पन्तनगर,डिक्षन नोयडा, जीआईवी इण्टरनेषनल सर्विस प्रा0लि0, पुखराज हेल्थकेयर,एडीको इण्डिया, क्यूस क्राप,आर्षीवाद पाईपस,षिवा षक्ति एग्रीटेक लि0,टीमएचआर एण्ड जीएसए प्रा0लि0,कार्थी वेल्थ इन्फोटेक प्रा0लि0, वोल्टास,महिन्द्र एण्ड महिन्द्रा द्वारा मेले में प्रतिभागी 1258 बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 336 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि मंत्री संजय सिंह गंगवार,सभ्यता देवी वर्मा, ब्लाक प्रमुख मरौरी,मृदुला देवी खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र वितरण किये गये।रोजगार मेले मे आये



कम्पनी एचआर एवं बेरोजगार लोगो का अभार व्यक्त किया गया।षरद चन्द्र सागरवाल जिला समन्वयक, अजीत सिंह,पंकज यादव जिला कौषल प्रबन्धक,मीरा देवी,प्रभारी,आईटीआई व समस्त स्टाफ राजकीय आईटीआई पीलीभीत आदि लोग मौजूद रहें।

# खाकी का फर्ज निभाने के साथ प्रभु राम को किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव । राम मंदिर गर्भगृह में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अलौकिक अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव के प्राचीन मंदिर में पुलिस रेडियो शाखा उन्नाव द्वारा आयोजित श्री रामोत्सव ( सबमें राम सबके राम) का दिव्य और भव्य आयोजन रेडियो निरीक्षक समर सिंह के संयोजन और सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व के संचालन में सम्पन्न हुआ । रामोत्स्व में आयोजित संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ , भजन कीर्तन और भंडारे में सदर विधायक पंकज गुप्ता और जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनुराग अवस्थी ने सहभागिता कर पूजा अर्चना की। रेडियो निरीक्षक समर सिंह और सब इंस्पेक्टर



अनूप मिश्रा अपूर्व ने सदर विधायक पंकज गुप्ता और जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनुराग अवस्थी को अंग वस्त्र पहनाकर प्रभु श्री राम का चित्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर पुलिस रेडियो शाखा की महिला कर्मचारियों ने मंदिर एवं कंट्रोल रूम परिसर में आकर्षक रंगोली सजाई। मंदिर में गाय के गोबर से बने 101 दीप प्रज्जवलित कर दीपावली मनाई गई। श्री राम की भक्ति में डूबे पुलिस के जवानों ने आतिशबाजी कर श्री राम का जयघोष किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राम मंदिर का प्रतीकात्मक मॉडल रहा जिसे सोहरामऊ निवासी बच्चों ने अपनी मेहनत से बनाया। रेडियो निरीक्षक समर सिंह और सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा राम मंदिर का प्रतीकात्मक मॉडल बनाने वाले मास्टर श्रेयांश शुक्ला और देवांश शुक्ला और उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। गाय के गोबर से निर्मित दियों को देश प्रदेश में वितरित करने वाले समाज सेवक और राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला को भी सराहनीय सेवा कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। उत्सव में आयोजित भजन गंगा कार्यक्रम में अन्य जनपदों से भी आए कलाकारों ने प्रभु का गुणगान किया और पुलिस परिवार की महिलाओं ने ऐसा समां बांध दिया कि बधाई और सोहर के गीतो के सुरताल पर श्रद्धालुओं के पांव थिरकने लगे ।

## रेलवे स्टेशन पर धरना जारी रेलवे के उच्च अधिकारियों को भेजा पत्र

पूरनपुर।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर रेलवे-स्टेशन पूरनपुर परिसर में ग्यारहवे दिन भी जारी रहा भीषण ठण्ड में किसान लगातार चौबीसों घंटे दिन-रात रेलवे विभाग के खिलाफ़ आन्दोलन करने को मजबूर हैं। रेलवे विभाग की उदासीनता के कारण लाखों किसानों का गलत ढंग से बने अंडरपासो से नुकसान हो रहा है। धरना-प्रदर्शन में रेल मंत्री भारत सरकार,मंडल रेल प्रबंधक बरेली,रेलवे बोर्ड चेयरमैन नई दिल्ली,रेलवे महाप्रबंधक गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे को किसानों की ज्वलंत समस्याओं के माँग पत्र भेज कर समाधान कराने की मांग की गई है। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में तहसील अध्यक्ष कुलवंत सिंह,बालक राम, बलजीत सिंह,कपिल यादव, गुरेज सिंह,धनीराम रूपराम,मानवेंद्र सिंह,जीत सिंह आदि थे।

## जगह-जगह भंडारे का हुआ आयोजन उपस्थित रही ब्लॉक प्रमुख



पीलीभीत।मरोरी विकासखंड की ग्राम पंचायत लालपुरिया साहब सिंह, बलदेवपुर,गजरौला कला सहित अन्य ग्राम पंचायतो में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में मुख्य अतिथि के तौर पर ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा सहित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राम मन्दिर आंदोलन से जुड़े राजकुमार को दी गई श्रृद्धांजलि



उन्नाव। राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामजन्मभूमि मन्दिर आंदोलन के नायक स्मृति शेष राजकुमार निगम को स्थानीय झंडेश्वर मन्दिर में भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिला अध्यक्ष अवधेश कटिहार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, आनंद अवस्थी, अनुराग अवस्थी, मनोज निगम, सोनू तिवारी, अमित निगम, सुशील तिवारी, विजय गुप्ता, राजू गुप्ता, शंकर श्रीवास्तव,कमलेश शुक्ल, निखिल गुप्ता, रानू निगम, बुद्धिलाल चौरसिया, अश्वनी त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## बाईकों की टक्कर में चार घायल,तीन रिफर



फतेहपुर चौरासी,उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो बाइकों की टक्कर में गुड्डू, रामजीवन,परमेश्वर निवासी देवरिया किसी काम से काली मिट्टी गए हुए थे वापस आते समय मुकेश की बाइक से टक्कर हो गई सभी को राहगीरों की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां से तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शिव सैनिकों ने मनाई बाला साहेब ठाकरे व नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती

## हिंदूहृदय सम्राट वंदनीय बाला साहेब ठाकरे के पद चिन्हों पर चलूंगा हमेशा: शैली शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।शिवसेना प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह के आदेशानुसार शिवसेना जिला अध्यक्ष शैली शर्मा के नेतृत्व में *एडवोकेट आर के शर्मा शिवसेना प्रवक्ता कानूनी सलाहकार के कार्यालय* पर सभी शिवसेना पदाधिकारी और शिव सैनिकों के साथ हिंदू हिंदू सम्राट बालासाहेब ठाकरे एवं राष्ट्र नायक नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास से और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई।

कार्यालय पर बाला साहब ठाकरे व नेता सुभाष चंद्र बोस जी को कोटि-कोटि नमन किया और उसके बाद भारत माता की जय,बाला साहब ठाकरे नेता सुभाष चंद्र बोस जी अमर रहे के नारे गूंज कर जयंती मनाई गई तत्पशात मिठाई वितरण भी किया गया। *शैली शर्मा ने कहा* कि आज सभी शिवसैनिकों का सौभाग्य है कि हम दो महान नायकों की जयंती मना रहे हैं आजादी के अगर नेता जी राष्ट्र अध्यक्ष होते हैं।

तो किसी दुश्मन की देश के सामने खड़े होने की हिम्मत भी नहीं थी बाला साहब ठाकरे हिंदू धर्म के प्रबल समर्थक थे , उन्होंने शिवसेना नाम से एक राजनीतिक पार्टी बनाई थी। यह पार्टी हिंदूवादी कट्टर विचारधारा का समर्थन करती है। और साथ ही प्यारे लाल प्रजापति ने कहा बाला साहब ठाकरे ही हिंदुओं के असली राष्ट्र नायक थे यह प्रमाण है कि संवैधानिक पद पर नहीं होते भी उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ हुआ था देश में शोक मनाया गया रात दिन जागने वाली मुंबई 2 दिन बंद रही लाखों की भीड़ अंतिम दर्शन के लिए आई। शिवसेना कानूनी सलाहकार प्रवक्ता आर के शर्मा ने बताया कि बाला साहब ठाकरे हिंदू धर्म के घोर समर्थक थे।उन्होंने किसी के दबाव में अपने धर्म के साथ समझौता नहीं किया। सदेव जीवन में स्वाभिमान के साथ अपने विचारों का पालन किया।भवानी सेना से राजेंद्र कौर ने कहा कि बाला साहब ठाकरे महाराष्ट्र की राजनीति में अहम योगदान रखते हैं। उन्होंने स्वयं कभी चुनाव नहीं लड़ा किंतु राजनीति में वह अहम किरदार में थे।उन्होंने अपने नाम से नेताओं को विधानसभा और संसद तक भेजा।

मिताली सिंह ने कहा कि बाला साहब ठाकरे हिंदू धर्म के प्रबल समर्थक थे , उन्होंने शिवसेना नाम से एक राजनीतिक पार्टी बनाई थी।

यह पार्टी हिंदूवादी कट्टर विचारधारा का समर्थन करती है।सभी शिवसैनिकों ने बाला साहब ठाकरे वा नेता सुभाष चंद्र बोस के चरण कमलों पर चलने का और गरीब असहाय व कमजोर लोगों की मदद करने का प्रण लिया।इसी के साथ आज के इस कार्यक्रम में शिवसेना जिला अध्यक्ष शैली शर्मा,जिला उपाध्यक्ष प्यारे लाल प्रजापति, शिवसेना कानूनी सलाहकार व प्रवक्ता एडवोकेट आर के शर्मा,जिला मंत्री राजेश मौर्य, भवानी सेना से राजेंद्र कौर, मिताली सिंह,शिवसेनिक बाबू राम,भूपराम वर्मा,अभिषेक माथुर,नेतराम राठौर,शशांक मिश्रा,नितिन गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या में शिवसेनिक मौजूद रहे हैं।

## डगा में सुभासपा ने चलाया सदस्यता अभियान

पुरनपुर।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष नासिर शाह खान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पीलीभीत अध्यक्षता में कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव डगा में एक जन चौपाल व सदस्यता अभियान चलाया गया। जहां नासिर शाह खान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर हम सब अल्पसंख्यको,दलितो,शोषितो,वंचितो, दबे-कमजोर लोगों की लड़ाई लड़ रहे हैं।लगातार खच्चर कमेटी की आवाज उठा रहे हैं।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में हम सभी वर्गो का हित सुरक्षित है।तमाम पार्टियों ने जनता को ठगने का काम किया है।आम जनता का दूसरी पार्टियों से मोहभंग हो चुका है।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से जनता बहुत तेजी से जुड़ रही है।राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में वह दिन दूर नहीं जब हम सब लोग प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में भी प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे।इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक सलाहकार उमम शाह खान,पंचायत अध्यक्ष कलीनगर आफाक खा,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ वरिष्ट नेता व पूर्व प्रधान शेर मोहम्मद व अन्य तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर कल्याणी नदी में गिरा कंटेनर ट्रक

रामसनेहीघाट बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र में देर शाम कल्याणी नदी में गिरा कंटेनर मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी एवं सीओ समेत भारी संख्या में पुलिस बल में ड्राइवर को नदी से निकाला बाहर है। जानकारी के अनुसार रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के बुढ़वा बाबा पुल पर टिकैतनगर से हैदरगढ़ जा रही एक कंटेनर ट्रक अनियंत्रित होकर कल्याणी नदी में गिर गई। मौजूद लोगो ने तुरंत स्थानीय कोतवाली के साथ अधिकारियो को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा, सीओ जटाशंकर मिश्रा, कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी समेत भारी संख्या में पुलिस ने कंटेनर ट्रक के ड्राइवर को कल्याणी नदी से बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएच सी बनीकोडर भेजा जहां डाक्टरों द्वारा गंभीर घायल ड्राइवर का इलाज किया जा रहा।

# जीर्णोधार किये गये मंदिर में हुआ दीपोत्सव कार्यक्रम

## विधायक और ग्राम प्रधान द्वारा किया गया हवन पूजन,जलाए गए 2100 दिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। विकास खंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिघनापुर के मजरा भिखारी खेड़ा के ब्रह्मदेव बाबा मंदिर के जीर्णोद्धार एवम श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का लोकार्पण श्रीराम प्रतिष्ठा अयोध्या धाम के अवसर पर ग्राम प्रधान तारावती पाल की अगुवाई में यज्ञाचार्य राधेश्याम तिवारी ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच मुख्य अतिथि के रूप में अपने परिवार सहित पधारे क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत के कर कमलों द्वारा हवन पूजन कराकर संपादित कराया।

इसके पूर्व एक श्रीराम भगवा ध्वज पद यात्रा रैली मुख्य अतिथि के नेतृत्व में गांव के बाहर अजगैन मुंशीगंज रोड से निकाली गई जो गोस्वामी तुलसी दास द्वार माता कौशल्या द्वार और केवट द्वारों से प्रवेश करती हुई द्वारों पर खड़े नर नारियों



द्वारा पुष्प वर्षा से सम्मानित होते हुए जन सभा स्थल पर पहुंची जहां उपस्थित लगभग एक हजार लोगों ने ध्वज यात्रा का स्वागत किया मंच पर विराजमान रामलला की मूर्ति का पूजन और आरती जहां ग्राम प्रधान तारावती पाल विधायक ब्रजेश रावत और उनकी धर्मपत्नी ने संयुक्त रूप से किया ।

वही ग्राम भिखारी खेड़ा के बच्चो ने भगवान राम के चरित्र पर नुक्कड़ नाटक नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर किया रात्रि में 2100 दीपको से जहां मंदिर पर देव दीपावली मनी वही रायबरेली से पधारे आल्हा सम्राट जयशंकर त्रिवेदी ने अपने आल्हा गायन से सबके मन को मोहित किया इस पुनीत अवसर पर सतेंद्र सिंह ,उदय बहादुर ,दीपू सिंह, अमित , राम बिहारी, रिया, अनामिका, सोनी, अन्नू ,मधू, काजल ,पूजा ,कलावती, बिटोला के अतिरिक्त ग्राम सुंदरपुर, करसेमऊ संदाना, भौली, धीर खेड़ा ,नरायणपुर ,सिंघनापुर, दुर्जन खेड़ा, शाहपुर बगहरी ,अमरामऊ सहित एक दर्जन ग्रामों के ग्रामीण इस पद यात्रा रैली और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सहभागी होकर सभी भक्तों ने मां शबरी की रसोई में उपस्थित होकर सामूहिक भोजन भी किया। अन्त में सभी को प्रसाद वितरित कर प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ग्राम वासियों को शीघ्र ही अयोध्या धाम का सामूहिक दर्शन विधायक ब्रजेश रावत की ओर से बसें भेजकर कराया जाएगा।

# सडक सुरक्षा को लेकर आयोजित की गयी मानव श्रृंखला चार हजार से अधिक बच्चों ने किया प्रतिभाग

## राज्यमंत्री ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ उपस्थित रहे डीएम व एआरटीओ सहित अन्य अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है। कि राम राज की संकल्पना को पूर्ण करने के लिए हमें सडक सुरक्षा को प्राथमिकता देनी है। सडक सुरक्षा की मानव श्रृंखला में अनुशासन इसका प्रमाण है। राज्यमंत्री सजंय सिंह गंगवार मंगलवार को स्थानीय गांधी स्टेडियम में परिवहन विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित सडक सुरक्षा जागरूकता मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाज का भला चाहते इसलिए उन्होंने सडक सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है।मंत्री संजय सिंह गंगवार ने परिवहन विभाग और जिलाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि एक वर्ष में सडक दुर्घटनाओं में कमी आई है।इतना ही नहीं इन दुर्घटनाओं में घायलों और मृत्यु दर भी कम हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में दुर्घटनाओं में पांच प्रतिशत की कमी आई है।गत वर्ष की तुलना में मृतकों की संख्या में नौ प्रतिशत की कमी आई है। जबकि घायलों की संख्या में 24 प्रतिशत की कमी आई है। गन्ना विकास राज्यमंत्री ने स्कूली बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने माता पिता से दो पहिया वाहन चलाने से पूर्व हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चलाने से पूर्व सीटवेल्ट लगाने को कहें।विशिष्ट अतिथि के रुप में डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने कहा कि सडक सुरक्षा आज का महत्वपूर्ण विषय बन गया है।उन्होंने कहाकि आप स्वयं यातायात के नियमों का पालन करते है।अगर सामने वाला नियमों का पालन नहीं करता हैं।तो भी हमें अपनी जीवन रक्षा भी करनी है।उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक स्थिति में सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए।स्वागत भाषण में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने मंगलवार को देश की क्रांतिकारी आंदोलन के अगुआ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक साथ सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया है। पूरे प्रदेश में एक साथ सडक सुरक्षा की शपथ दिलायी जा रही है।मंगलवार को आयोजित इस सडक सुरक्षा जागरूकता मानव श्रृंखला में नगर क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज,आर्य कन्या इंटर कॉलेज,सनातन धर्म बांके बिहारी इंटर कॉलेज, राजकीय रामलुभाई साहनी महाविद्यालय,उपाधि महाविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के लगभग चार हजार से अधिक बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर सडक सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया।इस समारोह का संचालन डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। सडक सुरक्षा पर मानव श्रृंखला समारोह में अपर जिलाधिकारी रामसिंह गौतम,मुख्य विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह,जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह,अधिशासी अभियंता लोनिवि उदयनारायण, सीओ सिटी अंशु जैन, बीएसए,एसडीएम देवेंद्र सिंह,जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार,जिला ओलंपिक एसोसियेशन के अध्यक्ष अनिल महेंद्र,रामलुभाई साहनी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एपी गंगवार,डॉ.बरखा,उपाधि महाविद्यालय की डॉ.राखी मिश्र,दिवाकर सिंह मौजूद रहे।मानव श्रृखला बनाने के लिए परिवहन विभाग के आर आई हरिओम एवं समस्त कर्मियों को लगाया गया था। स्कूली बच्चों की पंक्तिवद्ध मानव श्रृंखला निर्माण में इनका विशिष्ट सहयोग रहा। जनपद स्तर पर आयोजित हुए इस कार्यक्रम के साथ ही तहसील स्तर एवं खंड विकास स्तर पर भी मानव श्रृखला निर्माण व सड़क सुरक्षा शपथ के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# वरिष्ठ सपा नेता राजू ने सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का जनपद पीलीभीत आगमन के क्रम मे मगलबार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार ''राजू '' के आवास पर पहुंची जहां पर वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार राजू एव अन्य सपाइयो ने उनका बुके देकर एव फूल मालाओं से स्वागत किया इस दौरान महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने सपा शासनकाल की उपलब्धियां गिनाईं।उन्होंने कहा ''कि पिछली सपा सरकारों में महिलाओं के उत्थान के लिए 102,100, 108,1090 जैसी आपातकालीन सुविधाएं संचालित की गई थीं। वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,कन्या विद्याधन जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यह सिद्ध कर दिया था।

कि नारी शक्ति का हित सिर्फ सपा सरकार में ही सुरक्षित है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लूट,अपहरण,दुष्कर्म,हत्या



जैसे जघन्य अपराध महिलाओं के साथ हो रहे है।

थानों में प्राथमिकी की दर्ज नहीं हो पा रही है। इन सब पर अंकुश लगाने के लिये हम सब को एकजुट होकर काम करना होगा और समाजवादी पार्टी एव अखिलेश यादव के हाथो को मजबूती देनी होगी तभी उत्तर प्रदेश तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर पहुंचेगा।इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार राजू ने कहा कि अखिलेश यादव महिलाओं के बारे में हमेशा से ही बेहतर सोच रखते है। जो की उनके मुख्यमंत्री रहते हुए उनके द्वारा कराए गए कार्यो से साबित होता है। उन्होंने कहा की सपा महिला प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव द्वारा लगातार महिला उत्पीड़न के विरूद्ध आंदोलन किये जा रहे है। हम सब को इसको मजबूत करने की आवश्यकता है।जिससे महिला अपराध पर अंकुश लग सके और महिलाओ को न्याय मिल सके''पूर्व जिला महासचिव युसूफ कादरी ने भी समाजवादी पार्टी को महिलाओ की हितैषी पार्टी बताया इस दौरान प्रमुख रुप से महिला सभा की उपाध्यक्ष कमलेश परिहार,जिलाध्यक्ष आशा वर्मा,मीना दीक्षित,मुजाहिद इस्लाम,धर्मेंद्र गौतम,सुरेश वर्मा,बुद्धसेन बड़ी संख्या मे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## एंटीबायोटिक्स के खतरे

आज भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में एंटीबायोटिक्स दवाओं का अंधाधुंध सेवन लोगों के स्वास्थ्य के लिये एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। दरअसल, इनके अत्यधिक प्रयोग से शरीर में रोगाणुओं से प्रतिरोध की क्षमता को खतरा पैदा होता जा रहा है। भारत के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय यानी डीजीएचएस ने डॉक्टरों और फार्मासिस्टों को सलाह दी है कि दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें। जहां तक हो सके अधिक तीव्र क्षमता वाली एंटीबायोटिक्स दवाएं मरीजों को देने से परहेज करें। डॉक्टरों से कहा गया है कि रोगाणुरोधी दवाएं लिखते समय संकेत,कारण और औचित्य का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। क्योंकि कहा भी गया है 'अति सर्वत्र वर्जयेत।' दरअसल, इन दवाओं में एंटीबॉयोटिक्स, एंटीवायरल, एंटीफंगल और एंटीपैरासिटिक्स दवाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एंटीबायोटिक्स औषधि नियम 1945 की अनुसूची एच और एच-1 के अनुसार केवल पंजीकृत चिकित्सा पेशेवर ही ऐसी दवाओं को लेने के लिये परामर्श दे सकते हैं। हालांकि, नियम को लागू करने में सख्ती के अभाव तथा लोगों में जागरूकता की कमी के चलते ये दवाएं मेडिकल स्टोरों पर बिना डॉक्टरी परामर्श के भी बेची जाती हैं। यही वजह है कि रोगाणुरोधी दवाओं के अत्यधिक सेवन व बिना डॉक्टरी परामर्श के दिये जाने से लोगों में रोगप्रतिरोधक क्षमता में गिरावट आती है। कालांतर शरीर में रोगाणुओं के हमले पर ये दवाएं काम नहीं करती। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में वैश्विक स्तर पर बैक्टीरियल एएमआर 12.7 लाख मौतों के लिये जिम्मेदार था , जबकि 49.5 लाख मौतें दवा प्रतिरोधी संक्रमण से जुड़ी थीं। दरअसल, भारत के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने इस बात का उल्लेख किया है कि एएमआर प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाले संक्रमण की प्रभावी रोकथाम और उपचार को खतरे में डालता है, जिसके परिणामस्वरूप लंबी बीमारी होती है और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एएमआर पर 'रेड लाइन' जागरूकता अभियान आरंभ किया था। जिसमें रोगियों व उनके परिजनों से बिना डॉक्टरी परामर्श के लाल खड़ी रेखा से चिन्हित दवाएं उपयोग न करने के लिये कहा गया था। अमेरिका में एक अध्ययन के बाद आई रिपोर्ट में भारत की इस पहल की सराहना की गई थी। इस रिपोर्ट में सलाह दी गई थी कि यदि आवश्यक हो तो एंटीबायोटिक्स पैकेजिंग के लिये इसके लेबलिंग में सुधार किया जा सकता है। ऐसी मुहिम विश्व स्तर पर शुरू की जानी चाहिए। निस्संदेह, विषय की गंभीरता को देखते हुए मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि पिछले आठ साल में इस अभियान के परिणाम कैसे आए हैं। क्या उन खामियों को दूर किया गया जो इसकी प्रभावशीलता में बाधक बन रही थीं। निश्चित रूप से इससे जुड़े हितधारकों मसलन डॉक्टरों, फार्मासिस्टों, फार्मा कंपनियों और ग्राहकों को एंटीबायोटिक्स दवाओं के अंधाधुंध नुस्खे लिखने, बिक्री और उपयोग पर अंकुश लगाने के लिये जारी दिशानिर्देशों और नियमों का पालन करना चाहिए।

> भारत के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय यानी डीजीएचएस ने डॉक्टरों और फार्मासिस्टों को सलाह दी है कि दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें। जहां तक हो सके अधिक तीव्र क्षमता वाली एंटीबायोटिक्स दवाएं मरीजों को देने से परहेज करें। डॉक्टरों से कहा गया है कि रोगाणुरोधी दवाएं लिखते समय संकेत,कारण और औचित्य का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। क्योंकि कहा भी गया है 'अति सर्वत्र वर्जयेत।'

# बालिकाओं की सुरक्षा के हों गम्भीर प्रयास

**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष**

**राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देश में यह बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं, लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं।**

लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देश में यह बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं, लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है, जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। देखा जाए तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सकें की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जाएगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेंगे ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाइटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हें धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनौना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया



जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह भेड़िये उन पर नजर गड़ाए रहते हैं। उन्हें जब भी मौका मिलता है नोच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पाएंगी। हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाए सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिए जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पाएगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं है। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिए कठोरतम कानून बनाना समय की मांग है। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरुकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेंगे। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# गांव में टिकाऊ आजीविका

**भारत डोंगरा**

सोना सहरिया एक आदिवासी महिला है जो तालबेहट ब्लाक के बम्होरा गांव में अपने छोटे स्तर की खेती-किसानी से संतोषजनक आजीविका प्राप्त कर रही है। खेत और किचन गार्डन में बहुत सी सब्जियां लगी हैं, नीबू और अमरूद के पेड़ लगे हैं, जैविक खाद तैयार हो रही है, पर यह स्थिति एक दशक पहले नहीं थी। उस समय सोना के पति इंदौर में प्रवासी मजदूर के रूप में ईंट भट्टों पर मजदूरी करते थे। उन दिनों को याद करते हुए वे बताते हैं कि किसी-किसी दिन तो पूरा दिन मेहनत कर पांच रुपए की ही आमदनी होती थी। खूब मेहनत करने के बावजूद न अपने लिए बचत कर पाते थे, न गांव में अपने घर के लिए। जैसे ही उन्हें खबर मिली कि अब गांव में स्थिति सुधर रही है तो प्रवासी मजदूरी छोड़कर गांव वापस आ गए और नए सिरे से खेती जमाने के हिम्मत भरे प्रयास करने लगे। आज उसके परिणाम सामने आ चुके हैं-हरे खेत लहलहा रहे हैं, नींबू और अमरूद के पेड़ भी खड़े हैं। अपने लिए पर्याप्त खाद्य प्राप्त हो रहा है, कुछ बिक्री भी हो रहा है। आर्थिक स्थिति को वे संतोषजनक मान रहे हैं और भविष्य के लिए उम्मीद भी है। सोना के खेत में सावां और कोदो जैसे मिलट या मोटे अनाज भी उगाए जा रहे हैं, ताकि इन पौष्टिक गुणों वाले, पर उपेक्षित मोटे अनाजों की वापसी हो सके। सोना ने बड़े बर्तन दिखाए जिनमें मोटे अनाजों के बीज संग्रहित किए जाएंगे व इस श्बीज बैंकश के माध्यम से अन्य किसान भी मोटे अनाज उगा सकेंगे। यह बदलाव एक स्वयंसेवी संस्था श्परमार्थश व प्रशासन के सहयोग से हुए जल-संरक्षण से आया है। सोना स्वयं भी इस संस्था से जुड़ी हैं। इसके साथ सोना ने गांव की सामूहिक भलाई के प्रयास जारी रखे हैं, पर दूसरी ओर पास में तेन्द्रा जैसी बस्तियां आज भी हैं जहां अधिकांश लोग प्रवासी मजदूर के रूप से बाहर गए हुए हैं। तालबेहट ब्लाक के हनौता गांव में सहरिया आदिवासी व दलित परिवार प्रायरू ऐसी स्थिति में वर्षों से रहते आए हैं जब पानी के अभाव में वे खेती नहीं कर पाते थे व प्रवासी मजदूर के रूप में इंदौर, दिल्ली, पंजाब आदि में भटकते रहते थे। ईंट भट्टों पर या जहां भी काम मिले, बहुत कम मजदूरी पर कार्य करने को मजबूर थे, पर अब इस मजबूरी पर रोक लगी है। रबी की फसल तो कई किसानों ने पहली बार ली है। हनौता में यह सार्थक बदलाव इस कारण आ सका, क्योंकि श्परमार्थश संस्था ने यहां से आठ किलोमीटर दूर बेतवा नदी से एक भूमिगत पाईप लाइन द्वारा इस गांव के अनेक परिवारों को सिंचाई उपलब्ध करवाई। शांति सहरिया के खेत में मूली, मटर, टमाटर, बहुत सी सब्जियां लगी हैं, अमरूद व नींबू के पेड़ भी हैं। अब शांति के परिवार को प्रवासी मजदूरी के लिए भटकना नहीं पड़ता। बबलू अहिरवार का केवल एक हाथ है, दूसरा हाथ दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके लिए तो यह और भी महत्वपूर्ण है कि गांव में उसकी खेती जम गई है व उसे प्रवासी मजदूरी के लिए नहीं जाना पड़ता। ग्राम बंडा (बबीना प्रखंड, जिला झांसी) के किसान हीरालाल इन दिनों बहुत प्रसन्न हैं। वजह स्पष्ट है कि विविधता भरी बहुत सी फसलें, विशेषकर बागवानी की फसलें उन्होंने प्राप्त की हैं व उत्पादकता भी बढ़ी है। बैंगन, करेला, तुरई, लौकी, कद्दू, मिर्ची, भिंडी, लोभिया, मटर, आलू के बीच उन्होंने कुछ फूल भी उगाए हैं। उनके पड़ौसी किसान अजय भी ऐसे ही प्रसन्न हैं। वे बताते हैं कि अधिक नहीं तो उत्पादन कम-से-कम डेढ़ गुना तो बढ़ ही गया है। वे व बंडा गांव के सात-आठ अन्य किसान अपनी उपलब्धि के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर खेती को श्रेय देते हैं। हीरालाल बताते हैं कि इससे पानी की बहुत बचत होती है तथा साथ में मिट्टी पर भी अनुकूल असर पड़ता है। मिट्टी व पानी का संरक्षण हो जाए व साथ में उत्पादकता बढ़ जाए तो लगता है कि सब कुछ अनुकूल ही हो रहा है। यह सही है, पर इसमें एक पेंच भी है। इस खेती के लिए जो यंत्र, पाईप आदि चाहिए उनका खर्च अधिक है व प्रति एकड़ खेत लगभग एक लाख रुपए का निवेश मांग रहा है। हीरालाल व अजय के लिए यह इस कारण संभव हुआ क्योंकि उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार से मिली-जुली 90 प्रतिशत तक की सबसिडी प्राप्त हुई। इस सबसिडी के कारण पांच एकड़ पर ड्रिप सिंचाई अपनाने पर हीरालाल को मात्र 25000 रुपए का खर्च ही करना पड़ा। इन किसानों ने स्पष्ट बताया कि सबसिडी न मिलने पर वे इस तकनीक को नहीं अपना सकते थे। जिस समय उन्होंने यह तकनीक अपनाई थी, उस आरंभिक दौर में यह सबसिडी प्राप्त करना अपेक्षाकृत सरल भी था। तिस पर इस क्षेत्र में कृषि व संबंधित आजीविकाओं में सहायता पहुंचा रही स्वैच्छिक संस्था श्परमार्थश ने भी सबसिडी और विभिन्न फसलों के बीज प्राप्त करने में भरपूर सहायता दी थी। इन दो कारणों से हीरालाल व अजय के लिए यह सफलता प्राप्त करना अपेक्षाकृत आसान था। इस आरंभिक सफलता को देखते हुए जब इस सबसिडी की मांग तेजी से बढ़ने लगी, तो इसके नियम-कायदे अधिक सख्त बना दिए गए।

## सेहत मंत्र

## मसाला ही नहीं सेहत का खजाना भी है काली मिर्च

काली मिर्च का प्रयोग कई तरह की डिश में किया जाता है ताकि यह भोजन के स्वाद को बढ़ा सके। काली मिर्च महज एक स्पाइस नहीं है, बल्कि यह सेहत का खजाना है। कई तरह की बीमारियों को दूर करने में इसकी मदद ली जा सकती है। तो चलिए जानते हैं काली मिर्च से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? पेट की परेशानियों को कहें अलविदा- यदि काली मिर्च का सेवन भोजन में किया जाए तो इससे पेट संबंधी परेशानियां जैसे पेट फूलना, अपच या कब्ज से छुटकारा मिलता है। ऐसा इसके एंटी बैक्टीरियल गुणों के कारण होता है। इतना ही नहीं, यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, जिससे भूख न लगने या कम भूख लगने की समस्या भी दूर होती है। घटाए वजन-अगर आप अपने वजन को नियंत्रित रखने की चाहत रखते हैं तो काली मिर्च को किसी न किसी रूप में अपनी डाइट में अवश्य शामिल करें। दरअसल, इसमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर में मौजूद वसा की बाहरी परत को तोड़ते हैं। जिससे पहले से जमा फैट तो कम होता है ही, साथ ही अतिरिक्त फैट भी बॉडी में जमा नहीं हो पाता। मजबूत करें प्रतिरक्षा तंत्र- किसी भी तरह की बीमारी से लड़ने और उसे मात देते के लिए इम्युन सिस्टम का स्टांग होना बेहद आवश्यक है और इसे मजबूती प्रदान करने का काम करती है काली मिर्च। वास्तव में काली मिर्च में फोलेट व विटामिन सी पाया जाता है, जो इम्युन सिस्टम को मजबूत बनाता है। इसे आप चाहे तो भोजन में शामिल करें या फिर इसके पाउडर का सेवन पानी के साथ करें। खांसी-जुकाम से राहत-सर्दी के मौसम में हर घर में व्यक्तियों को खांसी जुकाम की समस्या होती ही है। ऐसे में काली मिर्च लाभकारी साबित होगी। दरअसल, काली मिर्च एक एंटी?बैक्टीरियल की तरह काम करती है, जिससे खांसी?जुकाम से राहत मिलती है। इसके सेवन के लिए एक चम्मच शहद में काली मिर्च को क्रश करके डालें और सेवन करें। तनाव करे दूर- आज के समय में जब हर व्यक्ति तनाव से जूझ रहा है तो ऐसे में काली मिर्च को डाइट में शामिल करने से इसे काफी हद तक मात दी जा सकती है। काली मिर्च में पिपरीन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन से लड़ने का काम करता है।

## धर्म मंत्र

## बारसूर में मामा भांजा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां धार्मिक स्थलों को देखने के लिए देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जगदलपुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में भी बारसूर की ऐतिहासिक धरोहरें कुछ ऐसी ही हैं, जिन्हें देखने के लिए हर साल दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोई यहां के धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं, तो कोई यहां के गौरवशाली इतिहास का जीवंत नजरा देखने आते हैं। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक ज्ञात पुरातात्विक स्थलों में से एक है बारसूर। यहां के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विद्वानों के बीच कोई एक मत नहीं है। कुछ का दावा है कि यह 840 ईसवीं से पहले के गंगावंशी शासकों की राजधानी थी। अन्य यह तर्क देते हैं कि इसे नागवंशियों द्वारा बनाया गया था। जिन्होंने 10वीं, 11वीं ईस्वीं में काकतियों द्वारा विस्थापित किए जाने से पूर्व लगभग तीन शताब्दियों तक इस भूमि की अधिकतर भूमि पर राज्य किया था। यह माना जाता है कि बारसूर में इसके अच्छे दिनों में लगभग 150 मंदिर थे। उनमें से एक 11वीं शताब्दी का चंद्रादित्य मंदिर है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण सामंती सरदार चंद्रादित्य द्वारा करवाया गया था और उसके नाम पर ही इसका नाम पड़ा। यहां पर पाए गए बारसूर शैली की अनेक मूर्तियों में गर्भगृह के दरवाजे पर विष्णु और शिव की संयुक्त प्रतिमा हरी-हर की भव्य मूर्ति है। खंडित मूर्ति में से, महिषासुरमर्दिनी, जिसे स्थानीय रुप से दंतेश्वरी कहते हैं। जिनकी मूर्ति को अभी भी पहचाना जा सकता है। बलिदानों का चित्रण करती हुई मूर्तियां और मंदिर के कोनों में अलंकृत नंदी बैठे हुए हैं।

**पर्यटन**



## भारत के इन खूबसूरत शहरों में बिताएं फुर्सत और सुकून के पल

ट्रैवलिंग के लिए हर कोई ऐसी जगह की तलाश करता है जहां वह सुकून के पल बिता सकें। आप परेशान न हो क्योंकि आज हम आपके लिए कुछ ऐसी डेस्टीनेशन लेकर आए हैं, जोकि जन्नत से कम नहीं है। भारत के इन जगहों को 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है। तो चलिए इन जगहों पर शांति और सुकून तो होता ही है साथ ही आपको घूमने का असली मजा भी मिलेगा।

1. असम, मजुलीः ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसा माजुली भारत का सबसे बड़ा रिवर आइलैंड है लेकिन फिर भी बहुत कम लोग इस डेस्टीनेशन के बारे में जानते हैं। इसे युनेस्को की तरफ से वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी घोषित किया जा चुका है। यहां आप हरे-भरे पहाड़, साफ पानी के झारनों, पक्षियों की अलग-अलग प्रजातियां और चाय के बागानों को देख सकते हैं।

2. महाराष्ट्र, तरकली बीचः शोरगुल और भीड़-भाड़ से दूर आप महाराष्ट्र के इस हिल स्टेशन में भी अपनी छुट्टियों का मजा ले सकते हैं। काली नदी और अरब सागर के संगम पर स्थित इस बीच में आपको सुकून का अहसास होगा।

3. केरल, वायनाडः हरे-भरे वातावरण में छुट्टियां सुकून से बिताने के लिए यह हिल स्टेशन भी परफ़ेक्ट ऑप्शन है। पश्चिमी घाट वायनाड का सुकून वातावरण टूरिस्ट को अपनी तरफ अट्रैक्ट करता है।

4. मेघालय, मॉलिनॉन्गः भारत के इस हिल स्टेशन को एशिया का ईको-फ्रेंडली देश घोषित कर दिया गया है। यहां काफी खूबसूरत वॉटरफॉल्स, हरे-भरे पेड़ और अद्‌भुत बिल्डिंग्स है, जहां आप घूमने का मजा ले सकते हैं।

5. कर्नाटक, गोकर्णः कर्नाटक के गोकर्ण में आप प्राचीन मंदिर, सनसेट और सनराइज का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा यहां के स्वस्थ पानी में आप बोटिंग और गोताखोरी का मजा भी ले सकते हैं।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ का कार्यक्रम हुआ आयोजित

## सड़क सुरक्षा नियमों से जागरूक हो बच्चें, परिवार के लोगों को भी यातायात नियमों से परिचित कराएं: बिजय कुमार त्रिवेदी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांक 15 जनवरी से 14 फरवरी तक मनाये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं, उक्त निर्देशों के क्रम मे मंगलवार को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ का कार्यक्रम राजकीय इण्टर, कॉलेज के मैदान मे किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम नवाबगंज बिजय कुमार त्रिवेदी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)अंकिता शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम धीमान, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, यातायात उपनिरीक्षक रामयतन यादव, जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी कलाध्यापक एवं पूर्व दिव्यांग यूथ आईकॉन कृत, जिला गाइड कैप्टन रितु अग्निहोत्री, स्काउट मास्टर रामाधार भारती,गाइड कैप्टन साधना द्विवेदी एवं परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र त्रिपाठी जिला स्काउट गाइड मास्टर के द्वारा किया गया, सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए हेलमेट की आकृति बनायी गयी, जिसके पश्चात जीआईसी ग्राउंड में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया गया, जिसके पश्चात वहां उपस्थित अधिकारियों/शिक्षकों के द्वारा सुभाष चन्द्र बोस जी के विषय में परिचय के साथ-साथ छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित यातायात उपनिरीक्षक के द्वारा छात्र-छात्राओं से सकारात्मक जिद किये जाने का अनुरोध करते हुए बताया गया कि वह अपने परिवार के लोगों को नियमों से परिचित कराएं तथा उनके घर से बाहर निकलने के समय जिद करके यह सुनिश्चित करवायें कि उनके द्वारा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण की जाये तथा जिन छात्र/छात्राओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है तथा लाईसेन्स नहीं प्राप्त किया है उनको कभी भी घर वालों से जिद करके वाहन नहीं मांगना चाहिए।

बिजय कुमार त्रिवेदी,एसडीएम नवाबगंज द्वारा भी छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों के प्रति सजग रहने तथा दूसरों को भी सजग करने हेतु प्रेरित किया गया, जिसके उपरान्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुए सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को विशेषकर छात्र/छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

# निर्विरोध एमएलसी बने दारा सिंह चौहान को बधाई का सिलसिला शुरू

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जैदपुर मंडल उपाध्यक्ष अलीम अलीम राईन ने एमएलसी दारा सिंह चौहान को भेंट किया गुलदस्ता




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वरिष्ठ नेता दारा सिंह चौहान के निर्विरोध सदस्य विधान परिषद बनने पर बधाई का सिलसिला शुरू हो गया।

मंगलवार को प्रदेश कार्यालय पर डॉ.शहनवाज़ ख़ान की उपस्थिति में एमएलसी दारा सिंह चौहान को बधाई देते हुए भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जैदपुर मण्डल उपाध्यक्ष अलीम राईन ने फूलों का गुलदस्ता भेंट किया, कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहते हुए एमएलसी दारा सिंह चौहान ने उत्कृष्ट कार्य किये वहीं बतौर कार्यकर्ता भाजपा को आगे बढ़ाने का काम किया। उनकी सेवाओं व मेहनत का ही परिणाम है कि आज वह सर्वोच्च सदन में अपनी आवाज बुलंद करेंगे, साथ ही वह अहम विषयों पर चर्चा व विकास पर ध्यान देंगे।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री हीरा ठाकुर के अलावा बबलू ख़ान गुड्डू राईन आदि उपस्थित रहे। एमएलसी दारा सिंह ने इस अवसर पर सभी का आभार जताया और सबका साथ लेकर चलने के लिए आश्वस्त किया।

# मानव श्रृंखला बनाकर आम जनमानस को किया गया जागरूक

## छात्र-छात्राओं को डॉ.सीमा सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाई गई



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर बाराबंकी। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महमूदाबाद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एनसीसी, एनएसएस एवं महाविद्यालय में अध्यनरत अन्य छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई। तदोपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी रवींद्र प्रताप सिंह और कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डॉ.जेबा खान के नेतृत्व में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा तहसील रोड पर एसबीआई तिराहे के पास मानव श्रृंखला बनाकर आम जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों, निर्देशों, संकेतों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. मो.सईद डॉ.मुंतज़िर कायम डॉ.रवीश कुमार सिंह,डॉ.सलिल तिवारी, डॉ.लक्ष्मी देवी डॉ.मनोज कुमार, डॉ. दाऊद अहमद, सहित अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

# धनोखर चक्रतीर्थ पर भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा हुई स्थापित,निकली शोभायात्रा हुआ भंडारा

**हजारों लोगो ने ग्रहण किया भंडारे मे प्रसाद।**

**कायस्थ समाज के नेता पूर्व चेयरमैन रंजीत बहादुर श्रीवास्तव ने आयोजित किया कार्यक्रम, सांसद भी हुए शामिल**

**भगवान चित्रगुप्त मंदिर कायस्थ समाज को किया गया समर्पित**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। धनोखर चक्रतींथ के निकट भगवान चित्रगुप्त मंदिर में प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम नगर में धूमधाम से शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ।आयोजित भण्डारे में महिलाओं बच्चों सहित जिले के हजारों लोगों ने मंदिर का प्रसाद ग्रहण किया।

कायस्थ समाज के नेता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रंजीत बहादुर ने कहा कि नगर की जनता का सपना पूरा हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्होनें मंदिर समाज को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में समाज या अन्य समाज का कोई हिन्दू व्यक्ति अपने परिवार में होने वाले कार्यक्रम व संस्कार आयोजित कर सकता है। इसको बनने में मेरे योगदान के साथ-साथ कायस्थ समाज के साथ ही अन्य समाज के नागरिकों का योगदान का शमिल है, इस स्थान पर सभी हिन्दू समाज का स्वागत है।

आचार्य कुलदीप शास्त्री एवं कृपा शंकर की उपस्थित में भगवान चित्रगुप्त परिवार की 15 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोचार के साथ शुरू होकर, प्रमुख मूर्ति को सात प्रमुख मंदिरों में धनोखर मंदिर, धर्मशाला, ठाकुर द्वारा, शिनदेव मंदिर, नागेश्वर नाथ एवं कैलाश आश्रम ले जाया गया। उसके बाद हवन करवाकर भंडारे की शुरुआत की गई। इससे पूर्व शोभा यात्रा का बड़ा ठाकुर द्वारा के सामने अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य, प्रभात वर्मा व आलोक श्रीवास्तव एवं महाबीर द्वारा स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया। पुजारी आदित्य ने मूर्तियों की आरती किया। इस मौके पर सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने मूर्ति स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष श्रीवास्तव, हरिहर श्रीवास्तव, राजीव कुमार श्रीवास्तव, अमरजीत श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश निगम, नवनीत श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, बेबी अनुराग, आलोक अध्यापक एवं एड0 बब्बन सिंह मौजूद थे।

## श्रीराम शौर्य रथ यात्रा में शामिल हुए हजारो श्रद्धालु



रामसनेहीघाट बाराबंकी। क्षेत्र के बाबा मस्तान आश्रम से पूर्व से नियोजित श्री रामचंद्र शौर्य रथ यात्रा का शुभारंभ बाबा मस्तान आश्रम से राज्य मंत्री सतीश शर्मा के प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी, डीडीसी प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह रिंकू वीरेंद्र सिंह प्रधान किठैया ने भगवान राम दरबार की आरती स्तुति कर किया गया, उक्त भव्य शौर्य यात्रा में पांच सौ से ज्यादा वाहन शामिल हुए श्री राम रथ यात्रा शामिल हुए रामभक्तो की आस्था के चलते सड़क पर जाम की स्थिति नजर आई करीब तीन किलोमीटर से अधिक दूरी तक महज यात्रा में शामिल वाहनों और भक्तों के लहराते भगवा झंडे ही नजर आ रहे थे करीब पच्चीस किलोमीटर लंबी यात्रा में श्री जागेश्वर महादेव धाम बेलिया समेत कई अन्य स्थानों पर रथ यात्रा ने विचरण किया। उक्त श्रीराम चंद्र शौर्य रथ यात्रा का आयोजन ओंकार ज्वैलर्स गहना शोरूम देवीगंज के अधिष्ठाता ओंकार पाल द्वारा किया गया था। शौर्य यात्रा में अमरेंद्र सिंह पिंसू, शुभम शुक्ला राजेश पंडित,सुधीर पाल, रिंकू पाल, डाक्टर तुलसी राम,समेत हजारों हजार स्थानीय सनातनधर्मी महिला पुरुष शामिल हुए।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर असम सरकार ने कराया हमला:शिवशंकर शुक्ला

बाराबंकी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को गुवाहाटी में प्रवेश करने से रोके जाने का कांग्रेस नेता शिवशकंर शुक्ला ने विरोध किया। मंगलवार को शिवशंकर शुक्ला ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित कर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि असम के लोगों को दबाया जा रहा है। असम सरकार पूरी तरह से आलोकतांत्रिक सरकार है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के इशारे पर बार-बार राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा की जा रही है। क्योंकि असम सरकार को लोकतंत्र में भरोसा नहीं है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बढ़ते जनसमर्थन को देखकर असम सरकार के मुख्यमंत्री की घबराहट बढ़ती जा रही है। असम की भाजपा सरकार के इन अलोकतांत्रिक तरीकों का हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि असम सरकार ने एक दिन पहले राहुल गांधी को षिव मंदिर में जाने से रोका गया। जबकि प्रधानमंत्री अयोध्या में श्रीराम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कर रहे थे। और वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी को मंदिर में जाने की अनुमति के बाद नहीं जाने देना भारतीय संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं पर कुठाराघात है। जिसका सभी पदयात्रियों और कांग्रेसियों ने जमकर विरोध किया। श्री शुक्ला ने कहा कि मंदिरों से नफ़रत फैला कर उत्तर भारत बर्बाद हो गया। अब उत्तर पूर्व को बर्बाद करने की तैयारी है। राहुल गाँधी को असम में शंकरदेव मंदिर में जाने से रोकना असम सरकार की साजिष है। हम असम की भाजपा सरकार के इन अलोकतांत्रिक तरीकों का पुरजोर विरोध करते हैं। जल्द ही असम सरकार के खिलाफ एक मांग पत्र राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। इस मौके पर सईद अहमद, अमित शुक्ला राकेश तिवारी, धुन्नी सिंह, प्रेम चतुर्वेदी, डॉ. तेज कुमार, कमलेश यादव, दीननाथ अवस्थी, आनन्द शुक्ला, रमेश चन्द्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## रामलीला में उमड़ा आस्था का सैलाब



रामनगर बाराबंकी। श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जहां समूचे देश में जश्न का माहौल था तथा विभिन्न प्रकार के आयोजन चल रहे थे वही ग्राम पंचायत अमोली कीरतपुर में श्री भगवती नाट्य कला परिषद द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा था। तरह-तरह की श्री रामचंद्र जी की प्रस्तुत झांकियां दर्शकों का मन मोह रही थी। कार्यक्रम में राम विवाह राम बनवास सीता हरण सहित तरह-तरह की झांकियां प्रस्तुत की गई। पूरा माहौल राममय था। कार्यक्रम के आयोजन मेला कमेटी अध्यक्ष जवाहरलाल ने बताया कि रामलीला तो हर वर्ष होती थी लेकिन इस बार 22 जनवरी रामलला प्राण प्रतिष्ठा होने की वजह से माहौल कुछ ज्यादा ही खुशनुमा था लोग भक्ति में पूरी तरह झूम रहे थे।

# शिवसैनिको ने शिवसेना सुप्रीमो बाल ठाकरे को 98वी जयंती पर किया नमन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। शिवसेना यूबीटी के जिला प्रमुख मनोज विद्रोही के नेतृत्व में आज शिवसेना सुप्रीमो स्व बाला साहेब ठाकरे की 98 वी जयंती के अवसर पर सोमैया नगर जिला कार्यालय पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया और स्व ठाकरे ठाकरे व्यतित्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर शिवसेना यूबीटी जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने अपने संबोधन में कहाकि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण बाला साहेब ठाकरे का धर्म संकल्प था जो आज न्यायालय के आदेश पर हिंदू समाज के सहयोग से पूर्ण हो गया है जिससे सभी शिवसैनिक गदगद है बाला साहेब ठाकरे सभी धर्मो का सम्मान करते थे महाराष्ट्र में पहली शिवसेना भाजपा सरकार बनने पर श्री ठाकरे ने शिवसेना के संस्थापक सदस्य साबिर शेख को सरकार में श्रम एवं कारागार मंत्री बनवा कर सम्मान दिया ऐसे व्यक्तिव को हम सब शिवसैनिक नमन करते है। इस मौके पर जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू बाल्मिकी उर्फ पंडित जी , जिला सचिव हेमेंद्र प्रताप सोनी , जिला महासचिव पवन रावत,राम सिंह, इंदल चौहान,पुरुषोत्तम मिश्र आदि उपस्थित थे।

# जंगली जानवर लगातार बकरियों को बना रहा निशाना दहशत में जनमानस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामसनेहीघाट बाराबंकी। वनक्षेत्र रामसनेहीघाट के किठैया वन ब्लाक में बीते एक हफ्ते से जंगली जानवर का कहर बरकरार है, प्राप्त जानकारी अनुसार वन क्षेत्र रामसनेही घाट के वन ब्लाक किठैया में करीब एक सप्ताह से जंगली जानवर लगातार बकरियों को निशाना बना रहा है जंगल में चरने जाने वाली बकरियों को शिकार बनाते हुए बीते दिन पूर्व किठैया निवासी जलील की बकरियों को शिकार बनाने खातिर गांव में पहुंच गया, बीते दिनों में इब्राहिम मुन्ना रामकरन आदि की बकरियों को जंगली जानवर निशाना बना चुका है।मंगलवार को कैनविज टाइम्स प्रतिनिधि द्वारा वन क्षेत्राधिकारी को दी गई सूचना पर जंगल में पहुंचे वन कर्मी दिन भर जंगल में कांबिंग करते रहे।

### पीड़ित की आंखों देखी जुबानी

स्थानीय निवासी रामकरन की जुबानी माने तो वह जंगल में बकरियां चरा रहा था तभी अचानक एक जंगली जानवर जो कि हल्का लाल काली धारियों व बिल्ली जैसे मुंह वालें कमर तक उंचाई के जानवर ने झाड़ियों में बकरी पर हमलावर हो गया बचाव की कोशिश में रामकरन ने गुहार लगानी शुरू कर दी।

### वन क्षेत्राधिकारी के अनुसार

जंगली जानवर की आहट के बारे में जब वन क्षेत्राधिकारी रामसनेही घाट से बात की गई तो उनके अनुसार विभाग की टीम ने सूचना पर जंगल में पहुंच कर छानबीन की किंतु किसी प्रकार का कोई जानवर या पगचिह्न नही मिले हैं। फिलहाल मौके पर जंगलों में बकरियों का बिखरा खून व घायल बकरियां रामकरन के आंशिक संघर्ष वन क्षेत्राधिकारी के बयान को झूठा साबित कर रहे हैं।

# केक काटकर कंाग्रेसियो ने मनाया पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया का 79वां जन्मदिवस

**जन्मदिवस पर अधिवक्ताओ के साथ हुआ खिचड़ी भोज**

**गरीबो को वितरित किये गए कंबल**

**कंाग्रेसजनो ने पहनाई 21 किलो की माला की आतिशबाजी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया का 79वां जन्मदिन पर कंाग्रेसजनो ने धूमधाम से आतिशबाजी करके केक काटकर, खिचडी भोज, भंडारा करके, गरीबो में कम्बल वितरण करके मनाकर अपने प्रिय नेता की लम्बी उम्र की कामना की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने प्रिय नेता पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया के अपने ओबरी आवास पर पहुंचते ही युवक कंाग्रेस अध्यक्ष सिकन्दर अब्बास रिजवी तथा मो.अकील की अगुवाई में दर्जनो कंाग्रेसजनो ने आतिशबाजी तथा गगनभेदी नारो के साथ उनका स्वागत किया।

तदोपरान्त पूर्व सांसद के ओबरी आवास पर 21 किलो की माला, पगडी, शाल डालकर 11 किलो का केक काटकर उनके लम्बी उम्र कामना करके जन्मदिन की बधाई दी। प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के सदस्य वीरेन्द्र प्रताप यादव ने जनपदीय कचेहरी में अधिवक्ताओ के साथ खिचडी भोज करके अपने प्रिय नेता को जन्मदिन की बधाई दी। वरिष्ठ कंाग्रेसनेत्री एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राबिया बेगम, महिला कंाग्रेस की अध्यक्ष शबनम वारिस,नगर अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, तस्लीमन खान ने पूर्व सांसद के ओबरी आवास पर केक काटकर गरीबो को कम्बल, स्वेटर देकर पूर्व सांसद का जन्म दिन मनाकर लम्बी उम्र की कामना की। पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमो के क्रम मे देवा ब्लाक के कंाग्रेस अध्यक्ष फरीद अहमद ने कंाग्रेसजनो के साथ केक काटकर तथा महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के अस्थाने पर चादर पेश करके पूर्व सांसद की लम्बी उम्र की प्रार्थना की। उत्तर प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी ने ओबरी आवास पर पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी। इसी प्रकार युवक कंाग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय रावत ने कंाग्रेसजनो के साथ भनौली नहर के चौराहे पर पूजा अर्चना कर विशाल भण्डारा करके अपने प्रिय नेता को जन्म दिन की बधाई दी उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान पाटमऊ राजकिशोर तथा दुल्हीपुर के प्रधान गिरजा शंकर वर्मा ने अपने सैकडो समर्थको के साथ कंाग्रेस पार्टी की सदस्यता लेकर कंाग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया तथा डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा डा. पीएल पुनिया को भेंट की। हैदरगढ कंाग्रेस अध्यक्ष सियाराम यादव ने केक काटकर सुन्दर काण्ड का पाठ करके प्रसाद वितरण कर अपने प्रिय नेता डा.पीएल पुनिया के लम्बी उम्र की कामना की।

# अयोध्या में जनसैलाब को देखते हुए लखनऊ अयोध्या हाइवे बंद, हजारों लोग रास्ते में ही फंसे



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी।अयोध्या में उमड़े जनसैलाब को देखते हुए लखनऊ अयोध्या हाइवे बंद कर दिया गया है। सभी पास अमान्य कर दिए गए हैं। वाहनों को अयोध्या नहीं जाने दिया जा रहा है।

अयोध्या में भीषण जनसैलाब के कारण हो रही अव्यवस्था को देखते हुए मंगलवार सुबह से ही लखनऊ अयोध्या हाईवे पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बाराबंकी से अयोध्या की ओर एक भी वाहन नहीं जाने दिया जा रहा है। हजारों लोग बाराबंकी से लेकर लखनऊ के बीच में फंस गए हैं।लखनऊ अयोध्या हाईवे पर शहर के बाहर चौपुला चौराहे पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह समेत कई सीओ व थाना प्रभारी मौजूद हैं। दोपहर 1:00 बजे के बाद अयोध्या जाने वाली बसों पर भी रोक लगा दी गई है। हजारों लोग अब तक रोके जा चुके हैं।हाईवे पर चप्पे चप्पे पर निगरानी की जा रही है और संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जा रही है। इस कारण बहराइच हाईवे पर दबाव बढ़ गया है और जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है।

पुलिस हाईवे पर अनाउंस कर रही है कि कोई भी वाहन अयोध्या नहीं जाएगा। सभी पास भी अमान्य कर दिए गए हैं। कई पुलिस अधिकारी और लखनऊ की ओर से आए विशिष्ट लोगों को भी सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए रोक दिया गया। केवल एंबुलेंस और बीमार लोगों को ही जाने दिया जा रहा है।





# आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय टीम की कमान रोहित को, भारत का दबदबा

एजेंसी

दुबई। रोहित शर्मा को मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी तथा मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत (उप विजेता) और ऑस्ट्रेलिया (विजेता) के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं। पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक



रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली। मध्य क्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। कोहली एकदिवसीय प्रारूप में 1337 रन बनाकर दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पिछले साल छह शतक लगाए। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा और विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मिशेल ने पांच शतक की मदद से 52.34 के औसत और 100.24 के स्ट्राइक रेट से 1204 रन बनाए। क्लासेन ने भी पूरे साल बल्ले से दबदबा बनाया। उन्होंने सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 174 रन की मैच विजयी पारी भी खेली। गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, शमी और कुलदीप यादव की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है। जंपा ने 26.31 के औसत से 38 विकेट चटकाए और विश्व कप के लगातार तीन मुकाबलों में चार विकेट चटकाए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर रहे। सिराज ने पिछले साल 44 विकेट चटकाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट भी शामिल रहे। भारत ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका पर एकतरफा जीत दर्ज की। कुलदीप ने पिछले साल 49 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किए। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार चरण में 25 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। शमी ने पूरे साल शानदार प्रदर्शन करते हुए चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 रन पर सात विकेट रहा।

# एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप के लिए तैयार भारतीय महिला टीम

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम मस्कट, ओमान में 24 से 27 जनवरी 2024 तक होने वाले एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप के उद्घाटन संस्करण में जाने के लिए तैयार है। भारतीय महिला टीम संयुक्त राज्य अमेरिका, पोलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में है। नीदरलैंड, मलेशिया, फिजी और मेजबान ओमान पूल ए में हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया पूल बी में हैं। ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, उरुग्वे, थाईलैंड और पैराग्वे शामिल हैं। भारत अपना पहला मैच 24 जनवरी को पोलैंड के खिलाफ खेलेगा और उसके बाद उसी दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। वे अपना अंतिम ग्रुप गेम 25 जनवरी को नामीबिया के खिलाफ खेलेंगे। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें 26 जनवरी को निर्धारित क्वार्टर-फ़ाइनल खेलेंगी, सेमी-फ़ाइनल उसी दिन निर्धारित होंगे जबकि फ़ाइनल 27 जनवरी को खेला जाएगा। भारतीय टीम का नेतृत्व अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमारपु करेंगी



और उप कप्तानी डिफेंडर महिमा चौधरी करेंगी। टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में बंसारी सोलंकी और डिफेंडर के रूप में अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री भी शामिल हैं। मिडफील्डरों में, मारियाना कुजूर और मुमताज खान को नामित किया गया है जबकि अजमीना कुजूर, रुताजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग फॉरवर्ड के रूप में टीम में हैं। भारतीय टीम की कप्तान रजनी एतिमारपु ने कहा, ÿहम सभी यहां एफआईएच हॉकी फाइव ए साइड महिला विश्व कप में आने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं। हर कोई आश्वस्त है और इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्सुक है। हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और अपने विरोधियों से मुकाबला करने की कोशिश करेंगे। उप-कप्तान महिमा चौधरी का मानना है कि टीम चुनौती के लिए अच्छी तरह तैयार है. उन्होंने कहा, ÿहमारा तैयारी शिविर वास्तव में उपयोगी था क्योंकि हममें से प्रत्येक ने ठीक से समझा कि हमें क्या करने की आवश्यकता है। हम अच्छी स्थिति में हैं और जानते हैं कि अगर हम अपने गेम प्लान के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के साथ खेलते हैं तो खिताब जीतने की क्षमता हममें है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैजबॉल' से मिल सकते हैं ढेरों विकेट: जसप्रीत बुमराह

**हैदराबाद।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये 'बैजबॉल' से उन्हें फायदा हो सकता है और पांच मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में उन्हें 'ढेरों' विकेट मिल सकते हैं। न्यूजीलैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की आक्रामक होकर खेलने की रणनीति 'बैजबॉल' की कड़ी परीक्षा होगी जब टीम सात सप्ताह के दौरे पर भारत का सामना करेगी। श्रृंखला का पहला टेस्ट गुरुवार से यहां खेला जाना है। इंग्लैंड के खिलाफ 10 टेस्ट मैच में 41 विकेट लेने वाले बुमराह ने एक साक्षात्कार में 'द गार्जियन' से कहा, ''मैं बैजबॉल शब्द से जुड़ा हुआ नहीं हूं लेकिन वे सफल क्रिकेट खेल रहे हैं और आक्रामक रुख अपनाकर विरोधी का सामना कर रहे हैं जिससे दुनिया को पता चल रहा है कि टेस्ट क्रिकेट खेलने का एक और तरीका है।'' जुलाई 2022 में बुमराह को 'बैजबॉल' की झलक तब मिली जब उन्होंने रोहित शर्मा के कोविड-19 के कारण बाहर होने के बाद बर्मिंघम में भारत की कप्तानी की। इस मैच में इंग्लैंड ने आक्रामक रवैया अपनाकर सात विकट से जीत दर्ज की लेकिन इस मुकाबले को स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ एक ही ओवर में बुमराह के 29 रनों के लिए भी याद किया जाता है। बुमराह ने कहा, ''एक गेंदबाज के रूप में मुझे लगता है कि यह मुझे खेल में बनाए रखेगा। अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, इतनी तेजी से खेल रहे हैं तो वे मुझे थकाएंगे नहीं, मुझे ढेर सारे विकेट मिल सकते हैं। मैं हमेशा इस बारे में सोचता हूं मैं कैसे चीजों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर सकता हूं। भारत की कप्तानी के संदर्भ में इस 36 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, ''मैंने एक मैच में ऐसा किया और यह काफी सम्मान की बात थी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले पैट कमिंस से प्रेरणा लेते हुए बुमराह मौका मिलने पर भविष्य में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''टेस्ट क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा है, कप्तानी करना और भी बेहतर था। हां, हम हार गए लेकिन हम मैच में आगे थे और मुझे जिम्मेदारी पसंद है। कभी-कभी एक तेज गेंदबाज के रूप में आप फाइन लेग पर जाते हैं और सब कुछ भूल जाते हैं लेकिन मुझे प्रत्येक फैसले में शामिल होना पसंद है। बुमराह ने कहा, और मौका मिलने पर कौन ऐसा नहीं करना चाहेगा? (कमिंस) ऑस्ट्रेलिया के लिए ऐसा कर रहा है। बहुत सारे तेज गेंदबाजों ने पहले ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा, लेकिन यह एक अच्छा उदाहरण है कि तेज गेंदबाज चतुर होते हैं, वे कड़ी मेहनत करते हैं और वे जानते हैं कि खेल में क्या करना है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए ठोस प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने के बावजूद बुमराह टेस्ट क्रिकेट को शीर्ष प्रारूप मानते हैं। उन्होंने कहा, मैं उस पीढ़ी का हूं जहां टेस्ट क्रिकेट राजा है। बुमराह ने कहा, मैं हमेशा इसके (टेस्ट क्रिकेट के) आधार पर अपना मूल्यांकन करूंगा। हां, मैंने आईपीएल से शुरुआत की थी लेकिन मैंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के माध्यम से गेंदबाजी करना सीखा, यहीं पर मैंने अपना कौशल निखारा, विकेट लेने की कला विकसित की। टेस्ट क्रिकेट में आपको बल्लेबाज को आउट करना होता है और इससे एक गेंदबाज के रूप में आपको चुनौती मिलती है। बुमराह ने हालांकि कहा कि सभी प्रारूपों की अपनी जगह है।

### इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए रिंकू सिंह भारत 'ए' टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने 24 जनवरी से अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए रिंकू सिंह को भारत 'ए' टीम में शामिल किया है। रिंकू इससे पहले केवल श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच के लिए टीम में शामिल किये गए थे। 26 साल के रिंकू पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू करने के बाद से पांच महीने और थोड़ा व्यस्त रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने से पहले हांग्जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में अपना वनडे डेब्यू किया था जहां उन्होंने दो मैच खेले थे। बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच से पहले उन्हें भारत ए में पहली बार टीम में शामिल किया गया, हालांकि वह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे। इसके बजाय रिंकू को बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में भारतीय डगआउट में देखा गया और वह एक स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में भी बाहर आए। रिंकू ने अब तक 46 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 57.57 की औसत से 3109 रन बनाए हैं। वह हाल ही में मेरठ में बिहार के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मैच में उत्तर प्रदेश के लिए उतरे थे। मैच 22 जनवरी को समाप्त हुआ, लेकिन कोहरे और खराब रोशनी के कारण चार दिनों में केवल 115 ओवर का खेल संभव हो सका। उन्हें अभी तक भारत ए के लिए खेलना बाकी है, लेकिन टीम में उनका शामिल होना ऐसे समय में हुआ है जब चयनकर्ता विराट कोहली के संभावित प्रतिस्थापन पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से नाम वापस ले लिया है। रजत पाटीदार, चेतेश्वर पुजारा, सरफराज खान और बी साई सुदर्शन दावेदारों के रूप में देखे जा रहे हैं। दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए भारत 'ए' टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विद्वत कावेरप्पा, उपेंद्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल, रिंकू सिंह। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीसरे चार दिवसीय मैच के लिए भारत 'ए' टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), बी साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शम्स मुलानी, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विद्वत कावेरप्पा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), आकाश दीप, यश दयाल।

### मनिंदर सिंह को रोकने के लिए हमने पांच डिफेंडरों को लगाया: सुनील कुमार

**हैदराबाद।** जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को हैदराबाद में प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 में बंगाल वॉरियर्स को 42-25 से हरा दिया। मैच को लेकर जयपुर पिंक पैंथर्स के कप्तान सुनील कुमार ने कहा, ''दोनों टीमों की रक्षा इकाइयों ने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया। हमने उनके रेडरों को पकड़ा और हमारे रेडर भी पकड़े जा रहे थे। हालांकि, अर्जुन ने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया। इस बीच, साहुल और अंकुश रक्षा विभाग में डटे रहे और हमारी जीत पक्की हो गई। कप्तान ने आगे कहा, ''हमने पांच डिफेंडरों के साथ खेला क्योंकि मनिंदर सिंह को रोकना आसान नहीं है। हमने खेल में एक समय छह डिफेंडरों के साथ भी खेला। रेजा को मनिंदर को पकड़ने के लिए एक निश्चित स्थिति में रखा गया था और वह बोनस अंक लेने की कोशिश करता रहा। अर्जुन देशवाल खेल में 15 अंकों के साथ पिंक पैंथर्स की रेडिंग यूनिट में सबसे आगे थे, हालांकि, भवानी राजपूत ने भी खेल में 6 रेड अंकों के साथ योगदान दिया।

# एएफसी एशियन कप: कतर ने चीन को हराया ताजिकिस्तान ने लेबनान को किया बाहर

एजेंसी

दोहा। हसन अल हेडोस के गोल की बदौलत कतर ने सोमवार रात यहां एएफसी एशियन कप में ग्रुप ए के अंतिम दौर में चीन को 1-0 से हरा दिया। चीन, जो तीनों मैचों में स्कोर करने में विफल रहा और समूह में तीसरे स्थान पर रहा, के पास अब नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए दूसरी टीमों पर निर्भर रहना होगा। सोमवार के मैच से पहले, दो अंकों के साथ चीन को अंतिम 16 में जगह सुनिश्चित करने के लिए अपने ग्रुप फाइनल को जीतने की जरूरत थी, जबकि कतर ने पहले ही दो मैचों में दो जीत के साथ अंतिम 16 में जगह बना ली थी। चीन के मुख्य कोच अलेक्जेंडर जानकोविच ने अपने शुरुआती लाइनअप में एक साहसिक बदलाव किया, स्टार फॉरवर्ड वू लेई की



जगह वेई शिहाओ को शामिल किया, जो हाल ही में चोट से उबरे थे और पहले दो मैचों में चूक गए थे। पहले से ही योग्य होने के कारण, कतर ने अपने ग्यारह शुरुआती खिलाड़ियों में से नौ को रोटेट किया। जीत के लिए बेताब चीन ने पहले हाफ में कुल आठ शॉट के साथ अधिक गोल करने के मौके बनाए, जो कतर से चार अधिक हैं। वेई 36वें मिनट में स्कोरिंग की शुरुआत करने के करीब थे, लेकिन उनके करीबी शॉट को कतर के गोलकीपर साद अल शीब ने रोक दिया, इसके बाद वू शी के दाहिने पैर से लगाया गया शॉट गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया। कतर ने 64वें मिनट में स्टार फॉरवर्ड अकरम अफीफ और हेडोस को मैदान पर उतारा, जिससे मैच की गति तुरंत बदल गई। ठीक दो मिनट बाद, अफीफ द्वारा दिए गए सटीक कॉर्नर क्रॉस को हेडोस ने दूर से ही गोल पोस्ट में पहुंचा दिया और अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इसके अलावा सोमवार को खेले गए एक अन्य मैच में, नुरिद्दीन खामरोकुलोव द्वारा दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में किये गए गोल की बदौलत जिससे ताजिकिस्तान ने लेबनान को 2-1 से हरा दिया। ताजिकिस्तान चार अंकों के साथ समूह में दूसरे स्थान पर रहा, इस तरह अंतिम 16 में पहुंच गया, जबकि लेबनान एक अंक के साथ बाहर हो गया। छह ग्रुप विजेता और उपविजेता, तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ नॉकआउट चरण में आगे बढ़ेंगे।

## इंटर मिलान ने लगातार तीसरी बार जीता सुपरकोप्पा का खिताब

रियाद। लुटारो मार्टिनेज के स्टॉपेज टाइम में किए गए गोल की बदौलत इंटर मिलान ने सोमवार को यहां 10 खिलाड़ियों वाले नेपोली को 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार सुपरकोप्पा का खिताब जीता। चार-टीम प्रारूप के इस टूर्नामेंट के पहले संस्करण में, इंटर ने सेमीफाइनल में लाजियो को 3-0 से हराया था, जबकि नेपोली ने फियोरेंटीना को भी तीन गोल के अंतर से हराया। लुटारो ने मैच के 38वें मिनट में गोल कर दिया था लेकिन बिल्डअप में मार्कस थुरम की ऑफसाइड स्थिति के कारण इसे खारिज कर दिया गया। मैच के 60वें मिनट में जियोवानी शिमोन को दूसरा पीला कार्ड प्राप्त करने के बाद बाहर भेज दिया गया और नेपोली 10 खिलाड़ियों के साथ रह गया। इंटर ने अपना दबाव बनाए रखा और इसका फायदा उन्हें 91वें मिनट में मिला जब बेंजामिन पावर्ड के पास पर लुटारो ने गोल कर अपनी को जीत दिला दी।

# डेविड वार्नर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना एक शानदार अनुभव : दुष्मंथा चमीरा

एजेंसी

दुबई। दुबई कैपिटल्स के गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा ने सोमवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एक करीबी मुकाबले में शारजाह वॉरियर्स के खिलाफ डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 मुकाबले में चार विकेट लिए, हालांकि उनका यह प्रदर्शन काम नहीं आ सका और जॉनसन चार्ल्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर 170 रन के लक्ष्य का पीछा कर अपनी टीम को जीत दिला दी।



मैच के बाद श्रीलंकाई गेंदबाज ने कहा, ''जॉनसन चार्ल्स एक आक्रामक खिलाड़ी हैं। हमने लेंथ गेंदें फेंकने की गलती की, जिसे उन्होंने सीमा रेखा के पार भेज दिया। दसवें ओवर के बाद पिच पर थोड़ी ओस थी। और इससे निश्चित रूप से हमें दुख पहुंचा है। चमीरा ने चार्ल्स का विकेट भी लिया, जिन्होंने 51 गेंदों पर 93 रन बनाए। चमीरा ने कहा, ''यह एक निराशाजनक परिणाम है क्योंकि हमने बल्ले और मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया था। हम 170 रनों का बचाव कर सकते थे। चमीरा ने यह भी कहा कि डेविड वार्नर के नेतृत्व में ड्रेसिंग रूम साझा करना और मैदान पर उतरना उनके लिए एक अच्छा अनुभव रहा है। उन्होंने कहा, ''डेविड वार्नर जैसे खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना बहुत अच्छा अनुभव है। उन्होंने दुनिया भर की सभी प्रमुख लीगों में खेला है, इसलिए यह मेरे लिए अच्छा अनुभव है। सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों के पास बहुत अनुभव है इसलिए मैं इस टीम के साथ मेरे समय आनंद ले रहा हूं। इस बीच, कैपिटल्स अपने अगले मुकाबले में गुरुवार, 25 जनवरी को अबू धाबी नाइट राइडर्स की मेजबानी करेगी, जिससे अंक तालिका में उनके नाम और अधिक अंक जुड़ने की उम्मीद है।

# अब सोने, चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर आयात शुल्क बढ़कर 15 फीसदी

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने सोने, चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर मौजूदा आयात शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। नई दरें 22 जनवरी से प्रभावी हो गईं है। वित्त



मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक सोने, चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर आयात शुल्क अब 15 फीसदी होगा। इसमें 10 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) और 5 फीसदी एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) शामिल है। हालांकि, सामाजिक कल्याण अधिभार (एसडब्ल्यूसी) को इससे छूट है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क को बढ़ा दिया है। अधिसूचना के अनुसार एसडब्ल्यूएस से छूट के साथ 10 फीसदी मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और 4.35 फीसदी एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) सहित शुल्क को बढ़ाकर 14.35 फीसदी कर दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक नई दरें 22 जनवरी, 2024 से प्रभावी हो गई है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के पार

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड की कीमत उछलकर 80 डॉलर प्रति बैरल और



डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फ़ेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.02 डॉलर यानी 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ 80.04 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.87 डॉलर यानी 2.42 फीसदी की उछाल के साथ 75.19 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देशभर में 1.25 लाख करोड़ रुपये का हुआ व्यापार

एजेंसी

नई दिल्ली। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में सनातन इकोनॉमी का एक नया अध्याय जुड़ा है, जिसके तेज़ी से देशभर में विस्तार होने की बड़ी संभावनाएं दिख रही हैं। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि एक मोटे अनुमान के मुताबिक श्रीराम मंदिर में समारोह से देशभर में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जिसमें अकेले दिल्ली में लगभग 25 हजार करोड़ और उत्तर प्रदेश में करीब 40 हजार करोड़ रुपये का सामान और सेवाओं के जरिए व्यापार हुआ है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को बताया कि देश में ऐसा पहली बार हुआ है, जब आस्था एवं भक्ति के कारण इतने बड़ा पैसा व्यापार के ज़रिए देश के बाजारों में आया है। खंडेलवाल ने कहा कि विशेष बात ये है कि यह सारा व्यापार छोटे व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों द्वारा किया गया, जिसके कारण यह पैसा व्यापार में आर्थिक तरलता को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर की वजह से देश में व्यापार के अनेक नए अवसर मिले हैं। बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। खंडेलवाल ने कहा कि अब समय आ गया है, जब आंत्रप्रेन्योर एवं स्टार्टअप्स को व्यापार में नए आयाम जोड़ने की क़वायद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैट इस विषय पर जल्द ही एक सेमिनार नई दिल्ली में करने जा रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-हर घर अयोध्या राष्ट्रीय अभियान के तहत एक जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक देश के 30 हजार से ज़्यादा छोटे-बड़े व्यापारिक संगठनों ने देशभर में डेढ़ लाख से ज़्यादा कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें अकेले 22 जनवरी को एक लाख से ज़्यादा आयोजन हुए। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से करीब 2 हज़ार शोभायात्रा, 5 हज़ार से अधिक बाज़ारों में श्री राम फ़ेरी, 1000 से अधिक श्रीराम संवाद कार्यक्रम, 2500 से ज़्यादा संगीतमय श्रीराम भजन एवं श्रीराम गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। 22 जनवरी को देशभर में व्यापारी संगठनों द्वारा बाज़ारों में 15 हज़ार से अधिक एलईडी स्क्रीन लगाई गईं तथा 50 हजार से अधिक स्थानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, अखंड रामायण एवं अखंड दीपक के कार्यक्रम किए गए।

# मोदी जोड़ेंगे, रेलवे के पूर्वी एवं पश्चिमी मालवहन गलियारों को

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) के पूर्वी एवं पश्चिमी गलियारों को जोड़ने वाले 173 किलोमीटर न्यू खुर्जा - न्यू रेवाड़ी खंड को राष्ट्र को समर्पित करेंगे जिससे बिहार एवं उत्तर प्रदेश से मुंबई जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट एवं गुजरात के बंदरगाहों तक सीधी कनेक्टिविटी स्थापित हो जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी प्रक्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में न्यू रेवाड़ी जंक्शन पर 25 जनवरी को आयोजित एक कार्यक्रम में श्री मोदी डीएफसी के इस महत्वपूर्ण खंड पर मालगाड़ी को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे जो विभिन्न भू-भागों से होता हुआ, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर और गौतम बुद्ध नगर को, हरियाणा के फरीदाबाद, पलवल, गुड़गाँव, मेवात और रेवाड़ी से और राजस्थान के अलवर से जोड़ता है। प्रधानमंत्री इस मौके पर कई अन्य परियोजनाओं का भी शुभारंभ एवं शिलान्यास करेंगे। सूत्रों के अनुसार देश में डीएफसी परियोजना में न्यू खुर्जा जंक्शन - न्यू रेवाड़ी जंक्शन तक का 173 किलो मीटर लम्बा विद्युतीकृत डबल लाइन खंड अत्यंत महत्वपूर्ण खंड है। यह खंड पश्चिमी और पूर्वी डीएफसी को जोड़ता है।इस खंड के निर्माण पर 10 हजार 141 करोड़ रुपए की लागत आयी है। इस मार्ग पर छह स्टेशन - न्यू बोड़ाकी, न्यू दादरी, न्यू फरीदाबाद, न्यू-पृथला, न्यू तावडू, और न्यू धारूहेड़ा हैं। यह रेल खंड अद्वितीय इंजीनियरिंग का एक उत्कृष्ट उदहारण है। इस सेक्शन में हाई राइज ओवरहेड इलेक्ट्रिक वॉयर से विद्युतीकृत एक किलोमीटर लंबी डबल-लाइन रेल सुरंग दुनिया में अपनी तरह की पहली सुरंग है। इस सुरंग को डबल-स्टैक कंटेनर ट्रेनों को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सोहना में 2.76 किलोमीटर लंबे वायाडक्ट (पुल) का निर्माण जमीनी स्तर से 25 मीटर की ऊंचाई पर किया गया है। इससे डीएफसी ट्रैक के दोनों तरफ सोहना शहर में आवागमन बाधित नहीं होगा। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक इस खंड में तीन नदी पुल, तीन रेल फ्लाईओवर, 24 प्रमुख पुल, 79 छोटे पुल, 16 रोड ओवरब्रिज (आरओबी), 32 बड़े रोड अंडरब्रिज (आरयूबी), 17 लघु आरयूबी और 8 फुट ओवरब्रिज (एफओबी) हैं। यह खंड 4.54 किमी लंबे रेल फ्लाईओवर (आरएफओ) के माध्यम से डीएफसी को दादरी में भारतीय रेल से जोड़ता है और इसके साथ ही यह पलवल के पास असावटी में भी डीएफसी को भारतीय रेल से जोड़ता है।

इस सेक्शन पर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलने वाली मालगाड़ियां भारतीय रेलवे नेटवर्क में यात्री ट्रेनों की समयबद्धता में काफी सुधार कर रही हैं। डीएफसी ट्रैक पर मालवाहन ट्रेनों को चलाने से खुर्जा से रेवाड़ी के बीच परिचालन समय में उल्लेखनीय कमी हो रही है, जिससे गाजियाबाद और दिल्ली क्षेत्र की रेल यातायात में कंजेशन में कमी आ रही है। इस खंड पर परिचालन शुरू होने से डीएफसी के माध्यम से पश्चिमी बंदरगाहों से बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र तक डबल स्टेक वाली लम्बी मालगाड़ियों का परिचालन शुरू होने से इन क्षेत्रों में सीमेंट, पत्थर, दूध, डेयरी पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक सामान और पार्सल यातायात सहित कंटेनर और आयात-निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। यह पूर्वी हिस्से से कोयले और इस्पात की निर्बाध आवाजाही और देश के पूर्वी हिस्से में खाद्यान्न, उर्वरक के परिवहन की सुविधा प्रदान करता है।

# कर्पूरी ठाकुर के मन में रचा-बसा था सामाजिक न्याय

कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर विशेष

नरेंद्र मोदी

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था। अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कंग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कंग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है। कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे




राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से OBC, SC और ST समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने SC, ST और OBC Reservation का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कंग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

# अयोध्या में प्रधानमंत्री ने 'शो' किया, मंदिर के नाम पर लहर नहीं: राहुल



एजेंसी

डोमडोमा (असम)। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'शो' किया।

उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि असम में उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं। यह पूछे जाने पर कि 'राम लहर' का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कंग्रेस नेता ने कहा, ''ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। नरेन्द्र मोदी जी ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए 'पांच न्याय' की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार है। इसमें न्याय के पांच स्तंभ हैं- युवा न्याय, भागीदारी, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक के लिए न्याय। ये पांच स्तंभ देश को शक्ति देंगे। कंग्रेस अगले एक-डेढ़ महीने में इन्हें जनता के सामने रखेगी। असम में कुछ जगहों पर यात्रा में अवरोध से जुड़े सवाल पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, ''असम के मुख्यमंत्री जो कर रहे हैं, उससे यात्रा को फायदा हो रहा है। जो प्रचार हमें नहीं मिलता, वो मिल रहा है। उसमें असम के मुख्यमंत्री और शायद उनके पीछे अमित शाह हमारी मदद कर रहे हैं। असम में आज मुख्य मुद्दा यात्रा बन गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''हम इनसे डरते नहीं है। हमारा संदेश गांव-गांव में जा रहा है।

## असम के मुख्यमंत्री ने 'भीड़ को उकसाने' को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक को, अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया और कंग्रेस समर्थकों के इस कृत्य को 'नक्सलवादी हथकंडा' करार दिया। युवा कंग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के एक पोस्ट के जवाब में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''मैंने असम पुलिस के महानिदेशक को भीड़ को उकसाने के लिए आपके नेता राहुल गांधी के खिलाफ का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

## सूर्योदय योजना प्रधानमंत्री का एक और जुमला : खरगे

नयी दिल्ली। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक और जुमला करार देते हुए मंगलवार को कहा कि मौजूदा सरकार 10 वर्षों में 10 लाख घरों की छतों पर भी सोलर पैनल स्थापित नहीं कर पाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रधानमंत्री जी के जुमलों का सूर्य तक पहुंचना! कल प्रधानमंत्री ने एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के नए लक्ष्य की घोषणा की। जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में 10 लाख घरों में भी छत पर सौर ऊर्जा पैनल नहीं लगा है। उन्होंने दावा किया कि इससे पहले मोदी सरकार ने 2022 तक 40 गीगावॉट के पैनल की सौर क्षमता स्थापित करने का झूठा वादा किया था। खरगे ने कहा, ''मोदी सरकार की बड़ी घोषणाओं की स्थिति इस प्रकार है: 40 गीगावाट के लक्ष्य का 70 प्रतिशत हिस्सा अधूरा है। उसमें से केवल 2.2 गीगावॉट के पैनल घरों पर स्थापित हैं। आवासों से उत्पन्न ऊर्जा स्थापित क्षमता का केवल 5वां हिस्सा रही है। कंग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''अपनी बड़ी विफलता के बाद, मोदी सरकार ने योजना में कोई नया वित्तपोषण किए बिना, इसे 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया। चुनावी मौसम = भाजपा का जुमला सीजन!

# मोदी ने राष्ट्रपति से साझा किए प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े अविस्मरणीय अनुभव

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। इसमें पीएम मोदी ने लिखा, 'अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं। मैं एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटा हूं। एक ऐसी अयोध्या जो कभी मुझसे दूर नहीं हो सकती।



उन्होंने आगे लिखा, 'अयोध्या जाने से एक दिन पूर्व मुझे आपका पत्र मिला था। आपकी शुभकामनाओं और स्नेह का मैं बहुत-बहुत आभारी हूं। आपके पत्र के हर शब्द ने आपके करुणामयी स्वभाव और प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन पर आपकी असीम प्रसन्नता को व्यक्त किया। जिस समय मुझे आपका पत्र मिला था, मैं एक अलग ही भावयात्रा में था। आपके पत्र ने मुझे, मेरे मन की इन भावनाओं को संभालने में, उनसे सामंजस्य बिठाने में अपार सहयोग और संबल दिया।'

प्रधानमंत्री ने लिखा, 'मैंने एक तीर्थयात्री के रूप में अयोध्या धाम की यात्रा की। जिस पवित्र भूमि पर आस्था और इतिहास का ऐसा संगम हुआ हो, वहां जाकर मेरा मन अनेक भावनाओं से विह्वल हो गया। ऐसे ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनना एक सौभाग्य भी है और एक दायित्व भी है। आपने मेरे 11 दिन के व्रत-अनुष्ठान और उससे जुड़े यम-नियमों के विषय में भी चर्चा की थी। हमारा देश ऐसे अनगिनत लोगों का साक्षी रहा है, जिन्होंने शताब्दियों तक अनेक संकल्प व्रत किए, जिससे रामलला पुनः अपने जन्मस्थान पर विराज सकें। उन्होंने लिखा, 'सदियों तक चले इन व्रतों की पूर्णाहुति का संवाहक बनना, मेरे लिए बहुत भावुक क्षण था और इसे मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। 140 करोड़ देशवासियों के साथ रामलला के साक्षात दर्शन, उनके रूप से साक्षात्कार और उनके स्वागत का वो क्षण अप्रतिम था। वो क्षण प्रभु श्रीराम और भारत के लोगों के आशीर्वाद से ही संभव हुआ और मैं इसके लिए सदा कृतज्ञ रहूंगा।'

पीएम मोदी ने लिखा, 'जैसा आपने कहा था, हम न सिर्फ प्रभु श्रीराम को पूजते हैं, बल्कि जीवन के हर पहलू में और विशेषकर सामाजिक जीवन में उनसे प्रेरणा लेते हैं। आपने पत्र में 'पीएम जनमन' और जनजातीय समाज में भी अति पिछड़ों के सशक्तिकरण पर इस योजना के प्रभाव की चर्चा की। आदिवासी समाज से जुड़े होने के कारण आपसे ज्यादा बेहतर तरीके से ये कौन समझ सकता है? हमारी संस्कृति ने हमेशा, हमें समाज के सबसे वंचित वर्ग के लिए काम करने की सीख दी है। पीएम जनमन जैसे कई अभियान आज देशवासियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'गरीब कल्याण के इन कार्यों के लिए, गरीबों के सशक्तिकरण के इन अभियानों के लिए प्रभु श्रीराम के विचार हमें निरंतर ऊर्जा देते हैं। ये प्रभु श्रीराम ही तो हैं, जिन्होंने अपने जीवन के हर अध्याय में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी। इसी मंत्र का आज सर्वत्र परिणाम दिख रहा है। पिछले एक दशक में देश करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है।'

पीएम मोदी ने आगे लिखा, 'प्रभु श्रीराम के शाश्वत विचार, भारत के गौरवशाली भविष्य का आधार हैं। इन विचारों की शक्ति ही, हम सभी देशवासियों के लिए वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। श्रीराम का भव्य मंदिर हमें सफलता और विकास के नव प्रतिमान गढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। आपके प्रेरणादायी शब्दों के लिए पुनः आभार। मुझे विश्वास है कि देश इसी तरह आपके मार्गदर्शन के साथ प्रगति और कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

# गुणवत्ता परिषद का युवा महोत्सव फरवरी में

नयी दिल्ली। भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) ने युवाओं में गुणवत्ता चेतना की भावना पैदा करने के उद्देश्य से सात फरवरी को ''यूथ फार क्वालिटी-भारत पखवाड़ा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की है।

क्यूसीआई इस 12 जनवरी से गुणवत्ता के प्रति जागरूकता पैदा करने के प्रयासों के तहत इस समय ''राष्ट्रीय गुणवत्ता पखवाड़ा'' मना रही हो जो 26 जनवरी को सम्पन्न होगा। क्यूसीआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस पहल के बाद सात फरवरी, ''यूथ फार क्वालिटी-भारत पखवाड़ा महोत्सवङ्क आयोजित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता पखवाड़ा आयोजन का उद्देश्य 2047 तक ह्लविकसित भारत'' के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। परिषद ने गुणवत्ता भारत मिशन को और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए क्वालिटीभारत.क्यूसीआईएन.ओआरजी नाम से एक वेबसाइट बनायी ।

# पेज एक का शेष

## अयोध्या में ...

धर्मशाला से लता मंगेशकर चौक की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार को सौंपी गयी है। श्रृंगार घाट तिराहे पर डिप्टी कलेक्टर अरविंद कुमार की ड्यूटी लगायी गयी है वहीं लता मंगेशकर चौक से धर्म पथ पर डिप्टी कलेक्टर अंशुमान की ड्यूटी लगायी गयी है। उदया चौराहा से बिड़ला तिराहा व आसपास का क्षेत्र डिप्टी कलेक्टर रामप्रसाद त्रिपाठी देख रहे हैं।रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद आज अचानक भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया। यहां तक कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या आना पड़ा। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस बल और भारी संख्या में मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर नियंत्रण करने की कोशिश की है और सभी श्रद्धालुओं से कहा गया है कि वह संयम बरतें और भीड़ में न आवें। रामलला का दर्शन सब को मिलेगा। रामभक्त श्रद्धालुओं की भीड़ आसपास जिलों से ज्यादा आ रही है। जिला प्रशासन ने सभी गाडि़यों के अयोध्या में प्रवेश के लिये रोक लगा दिया है। अयोध्या में एक साथ लाखों श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिये आ गये हैं। रामलला के दर्शन करने के लिये काफी लम्बी लाईन श्रद्धालुओं की लगी है और धीरे-धीरे जिला प्रशासन सभी रामभक्तों को दर्शन करा रही है। श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का कई लाख रामभक्त व श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। अयोध्या में इस वक्त रामभक्तों का महासागर उमड़ा हुआ है। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए लालायित हैं। हर चेहरे पर आस्था का उजाला झलक रहा है, हर आवाज में 'जय श्री राम' और 'सियापति श्रीरामचंद्र जी की जय' का जयघोष गूंज रहा है। सभी भक्ति के रंग में सराबोर हैं। श्रीराम मंदिर और उसके आसपास मानव समुद्र का दृश्य दिखाई दे रहा है। राम दरबार, सरयू नदी के तट, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, राम की पैड़ी हर तरफ श्रद्धालुओं का ज्वार उमड़ रहा है। राम नाम का स्मरण हर सांस में व्याप्त है। श्रद्धालुओं की संख्या की दृष्टि से 23 जनवरी 2024 का दिन भी ऐतिहासिक रहा। रामलला का दर्शन करने वालों की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या मानी जा रही है। आस्था का ज्वार इस कदर था कि भोर के चार बजे से कतारबद्ध श्रद्धालु दोपहर दो बजे रामलला का दिव्य दर्शन कर पाएं। इतनी भीड़ के बावजूद लोगों के चेहरे पर जरा भी थकान नहीं दिखाई दे रही थी। सर्द व कोहरे के बीच आस्था के दम पर वे निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ते जा रहे थे। आस्था के जमघट में बाजार भी सज्जित रहा।

## यूएनएससी में भारत...

उन्होंने कहा, ''कहीं न कहीं संयुक्त राष्ट्र निकायों में बदलाव की आवश्यकता है। मस्क ने 'एक्स' पर अपने जवाब में कहा, ''समस्या यह है कि जिनके पास जरूरत से अधिक शक्ति है वह इसे छोड़ना नहीं चाहते। धरती पर सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट न होना बेतुका है। वर्तमान में, संयुक्त राष्ट्र के पांच स्थायी सदस्य हैं ऽ चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका। केवल एक स्थायी सदस्य के पास ही किसी जरूरी प्रस्ताव पर वीटो करने की शक्ति होती है।

## लखनऊ लोकसभा...

जा रहा है। समाजवादी सरकार में बना गोमती रिवरफ्रंट गुजरात में साबरमती रिवरफ्रंट से ज्यादा शानदार है। लेकिन भाजपा नाले पर रिवरफ्रंट की योजना की चर्चा कर खुश है। समाजवादी सरकार में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर बना जेपीएनआईसी (जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर) यदि भाजपा राज में बर्बाद न होता तो राजधानी में यह एक शीर्ष बौद्धिक संस्थान होता। परिवहन सुविधा के लिए लखनऊ में मेट्रो रेल जहां तक समाजवादी सरकार में चली थी वहीं तक चलकर रूक जाती है। लखनऊ मध्य से सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा पहली बार 1989 में विधायक चुने गए थे। वे अखिलेश यादव की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे। 2017 के विधानसभा चुनाव में वह हार गए लेकिन 2022 के चुनाव में उन्होंने लखनऊ मध्य से जीत दर्ज की। लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है। उससे पहले यहां कंग्रेस जीतती रही। पर 1991 से भाजपा यहां जीत रही है। समाजवादी पार्टी ने यहां राजबब्बर, मुजफ्फर अली व शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा तक को चुनाव लड़ा चुकी है पर आज तक उसे यहां कामयाबी नहीं मिली। अब जबकि कंग्रेस से गठबंधन की बात चल रही है और कंग्रेस भी गठबंधन में इस सीट पर भी दावा ठोंक रखा है। रविदास मेहरोत्रा का नाम तय होने से कंग्रेस का दावा खारिज हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ही लखनऊ से सांसद हैं। भाजप के इस गढ़ में सपा के अलावा यहां कंग्रेस व बसपा का भी असर रहा है।

## भारत के शौर्य व...

पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने युवाओं को भारत के पराक्रम से जोड़ने का कार्य किया है। आज जब 127वीं पावन जयंती पर उन्हें स्मरण कर रहे हैं तो आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की रणनीति क्या होनी चाहिए, इन स्थितियों में अब हमारे सामने सक्षम भारत है। पूरी दुनिया नए भारत को देख रही है। भारत वर्ल्ड पावर के रूप में स्थापित हो रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत की वर्तमान स्थिति को पराक्रमी भारत के माध्यम से बढ़ने के प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, एमएलसी इंजी. अवनीश सिंह, बुक्कल नवाब, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम आदि मौजूद रहे।

## यूपी में अब 15...

कार्यालय से, मतदाता पंजीकरण केंद्र और http://voterportal.eci.gov.in या https://voters.eci.gov.in या voter helpline app आदि के जरिये जुड़वा सकते हैं और अपना नाम चेक भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आगामी पहली अप्रैल, पहली जुलाई और पहली अक्तूबर को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवा अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने के लिए फार्म-6 भर सकते हैं।

# हरिद्वार से 51 लाख करोड़ हस्तलिखित राम नाम अयोध्या के लिए हुआ रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार से अयोध्या के श्रीराम मंदिर में विराजित रामलला को श्रीराम नाम लेखन सेवा क्षेत्र में संस्था श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति ने लाखों करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं को अयोध्या में विराजित रामलला तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में आज संस्था ने हरिद्वार से अयोध्या के लिए 51 लाख करोड़ हस्तलिखित राम नाम ट्रक के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संस्था के परमाध्यक्ष स्वामी आत्मयोगी देव महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नया इतिहास रचकर पूरे विश्व में सनातन का परचम लहराने का काम किया है। संस्था ने करोड़ों रामभक्तों की आस्था सम्मान करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करते हुए अपने लिए गए संकल्प को आज पूर्ण करने का कार्य किया है। श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति के अध्यक्ष पण्डित सुमित तिवारी ने बताया कि संस्था ने पूरे जनवरी माह में नाम लेखन जप महायज्ञ अनवरत चलता रहा। लाखों लोगों ने राम नाम लिखकर संस्था को श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति को भेजा, जिसको संस्था ने पूर्ण रूप से व्यवस्थित कर 51 लाख करोड़ राम नाम आज अयोध्या भेजने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही राम नाम विश्व बैंक समिति के पदाधिकारी, संस्था श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति के संरक्षक, अयोध्या श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के साथ मुलाकात कर इस राम नाम को भगवान श्री राम के चरणों में समर्पित करने का कार्य करेंगे। संस्था के महासचिव विकास गर्ग ने कहा कि संस्था श्रीराम नाम विश्व बैंक समिति के पास वर्तमान में भी लाखों करोड़ राम नाम एकत्रित हैं, जिसका जल्द ही हरिद्वार में एक भव्य एवं दिव्य संग्रहालय बनाकर लोगों के दर्शनार्थ तैयार किया जाएगा। इसकी युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित त्यागी, करन पंडित, कुलदीप त्यागी, जोगिंद्र सिंह, भोला शर्मा, गंगा सम्माल, रोहित वर्मा, तरुण शर्मा, वीर गुर्जर, राहुल शर्मा, हिमांशु आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिया कड़ी कार्रवाई का निर्देश

देहरादून। मायाकुंड में रामोत्सव भजन के समय कपड़े उतार कर नाचने वाले आरोपित का युवती के सिर पर कुकर मारकर हत्या कर देना दुखद है। मंगलवार को महिला आयोग अध्यक्षा ने इस पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रामोत्सव के दौरान किए गए इस अपराध के आरोपित पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। महिला आयोग अध्यक्षा कुसुम कंडवाल ने पुलिस को निर्देश दिया है कि तत्काल 24 घंटे के भीतर आरोपित को हिरासत में लिया जाए और कड़ी कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण के तहत सोमवार को श्रीराम भजन के दौरान शिवशंकर साहनी कपड़े उतारकर नाचने लगा था जिसे सकल साहनी की 19 वर्षीय बेटी ने टोका। इस पर शिव शंकर ने युवती के सिर पर कुकर से वार कर दिया। एम्स में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। महिला आयोग अध्यक्षा कुसुम कंडवाल का कहना है कि पवित्र आयोजन के दौरान हुई यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। आरोपित पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस इस संदर्भ में कार्रवाई कर रही है।

## नेता जी ने राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन समर्पित किया: धामी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद हिन्द फौज के नेतृत्वकर्ता, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण ने अपने गीतों से बांधा समां

**उत्तरकाशी।** माघ मेला (बाडहाट कू थौलू) के नवीं रात्रि सांस्कृतिक संध्या में जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण ने अपने गानों से समां बांधा। पद्मश्री जागर सम्राट डा.प्रीतम भारतवाण को सुनने काफी संख्या में लोग रामलीला मैदान के मेला पंडाल में पहुंचे थे। इस दौरान लोक संस्कृति पर आधारित उनके गाए गए शानदार जागरों एवं गीतों पर उपस्थित जनसमूह जमकर झूमा। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेत्री स्वराज विद्वान, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने किया। इस दौरान माघ मेला मंच पर पद्मश्री गीत सम्राट प्रीतम भरतवाण सम्मानित किया। रामलीला मैदान माघ मेला में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में जागर सम्राट भरतवाण ने खोली का गणेश, आहा ! सरुली मेरु जिया लगी गे तेरी रौत्याली मुखड़ी, शिवजी कैलाशु रैन्दा,तुमारी खुद मां अब नी रैयेदू, मोरी रख्यां खोली, बिंदुली, सुंदरा छोरी, , रूणझुण बरखा लगी ,राम गंगा नयोला देवतों सहित कई गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर पंडाल में बैठे लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उनके साथ आए कलाकारों सीमा पंगवाल,नील शाह, श्वेता जोशी आशीष, निकिता नेगी, संगीता, करण सिंह आदि ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने कई शानदार नृत्यों की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य शशि कुमाई, रवीन्द्री, मधु भटवान, दिनेश भटवान, मनीष राणा आदि मौजूद थे। मंच का संचालन अमित गोदयाल ने किया। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

## ब्याज माफिया पर सख्त हुई नैनीताल पुलिस एसएसपी ने चिन्हित करने के दिए निर्देश

**हल्द्वानी।** कुमाऊं की आर्थिक राजधानी हल्द्वानी में अवैध ब्याज का धंधा जमकर फल फूल रहा है। ब्याज माफिया के चंगुल में फंसकर कई लोगों के घर बर्बाद हो गए तो कुछ लोगों ने आत्महत्या तक की है। इसके चलते नैनीताल पुलिस अब ब्याज माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा कि हल्द्वानी शहर में बड़े संख्या में कई ऐसे लोग हैं जो अवैध तरीके से ब्याज का कारोबार करते हैं जिनके चंगुल में फंसे कुछ लोगों ने आत्महत्या भी की है, जिसमें पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि ऐसे में पुलिस इस मामले में बेहद गंभीर है। अब शहर के ऐसे ब्याज माफियाओं पर नकेल कसी जाएगी। शहर में अवैध रूप से ब्याज का काम करने वाले ब्याज माफिया को चिन्हित किया जा रहा है, जो भी अवैध तरीके से ब्याज का कारोबार करते हुए पाए जाएंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने लोगों से अपील की है कि अवैध रूप से ब्याज का काम करने वाले लोगों के चंगुल में न फंसे। अगर माफिया ब्याज द्वारा किसी तरह का उत्पीड़न किया जा रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

## जलनिगम के कार्यों को एडीबी को देने के विरोध में धरने पर बैठे कर्मचारी

**हल्द्वानी।** जल निगम और जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के विभागीय कार्यों को एडीबी को देने के विरोध में कर्मचारियों ने मंगलवार को तिकोनिया स्थित जल संस्थान के कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। उत्तराखंड पेयजल निगम कर्मचारी महासंघ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष शीतल साह ने बताया कि जल संस्थान कार्यालय तिकोनिया में 2 घंटे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान प्रभावित होने वाले विभागीय कार्यों को शाम 5 से 7 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन प्रदेशभर में चल रहा है। मांग पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## अवैध खनन में एक जेसीबी और एक डम्पर सीज

**हरिद्वार।** हरिद्वार जनपद में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी दिए गए निर्देश पर लक्सर कोतवाली पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भोगपुर बाणगंगा क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान कार्रवाई में स्वतंत्र स्टोन क्रेशर के निकट अवैध खनन करते हुए 01 जेसीबी मशीन और 01 डम्पर को पकड़कर अवैध खनन में सीज किया गया। पुलिस ने खनन सम्बन्धी रिपोर्ट अलग से उपजिलाधिकारी हरिद्वार को प्रेषित की है।

## पंजाब: सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**फगवाड़ा।** पंजाब में फगवाड़ा जिले के गोराया में अट्टा नहर के निकट सोमवार रात एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और कुछ फासले तक मोटर साइकिल को घसीटते साथ ले गई। मोटरसाइकिल में आग लग गई और चालक और सहयात्री क्रमशः राजिंदर सिंह और गुरप्रीत सिंह गोपी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक धरमप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और कार जब्त कर ली है। फिल्लौर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मामले की जांच जारी है।

## सीटू ने दस सूत्री मांगों को लेकर चलाये हस्ताक्षर अभियान को प्रधानमंत्री को भेजा

**गोपेश्वर।** सीटू की ओर से 11 जनवरी नागेंद्र सकलानी शहादत दिवस से लेकर 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तक दस सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश भर के साथ ही चमोली जिले में चलाये गये हस्ताक्षर अभियान के साथ मांग पत्र को जिलाधिकारी चमोली के माध्यम से मंगलवार को प्रधानमंत्री को भेजा। सीटू के जिलाध्यक्ष मदन मिश्रा तथा जिला महामंत्री मनमोहन रौतेला ने कहा कि सीटू के अखिल भारतीय आह्वान पर 11 जनवरी से 23 जनवरी तक दस सूत्रीय मांगों को लेकर चमोली जिले में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। इन हस्ताक्षरों के साथ मांग पत्र को प्रधानमंत्री को भेजा गया है। इसमें मांग की गई है कि बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए न्यूनतम मजदूरी 26 हजार प्रतिमाह किया जाए। नई पेंशन योजना को बंद कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। विभिन्न संस्थानों पर ठेगा, संविदा अथवा आउट सोर्स से लगे कर्मियों को उन्हीं स्थानों का स्थाई कर्मचारी घोषित किया जाए। भोजन माता और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए। संस्थानों, कार्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, रेलवे का निजीकरण पर स्थाई रोक लगायी जाए। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए। बिजली का निजीकरण रोका जाए, पर्वतीय जिलों में उद्यान और कृषि पर आधारित उद्योग स्थापित किये जाए और हीट एंड रन कानून को वापस लिया जाए। इस मौके पर मदन मिश्रा, मनमोहन रौतेला, गजे सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

# जनपद की 11 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल मतदाताओं की संख्या पहुंची 1453842

■ जनपद हरिद्वार में 28014 मतदाताओं की हुई वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड , देहरादून के निर्देश पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन के सम्बन्ध में पीएल शाह, अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), उप जिला निर्वाचन अधिकारी, हरिद्वार ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में राम प्रसाद जखमोला, जिला सचिव, सीपीआई (एम), हरिद्वार, अनिल चौधरी, जिला अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी, जनपद हरिद्वार, तुलसीराम, लोकसभा प्रभारी और धनराज, विधान सभा प्रभारी, बहुजन समाज पार्टी, हरिद्वार उपस्थित हुये। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के उपस्थित पदाधिकारियों को जनपद की 11 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं के आकड़ों के सम्बन्ध में अवगत कराया। 27 अक्टूबर, 2023 को आलेख्य प्रकाशन के समय जनपद में कुल मतदाता 1425828 थे। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी, 2024 को जिसमें कुल 1453842 मतदाता (पुरुष 768754 और महिला 684950 तथा अन्य 138) हैं। आलेख्य प्रकाशन के पश्चात जनपद में 28014 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से जनपद की समस्त 11 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्येक मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल ऐजेन्ट नियुक्त करने के लिए अनुरोध किया। सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि जिन अर्ह नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गये हों। वे 25 जनवरी को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदेय स्थल पर उपस्थित बीएलओ के पास प्रारूप-6 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन कार्यालय, हरिद्वार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर कार्यालयों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में जनसामान्य के अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

## 23 और 26 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर हो सकती है बर्फबारी : डॉ. बिक्रम सिंह

देहरादून। उत्तराखंड के मौसम में इस बार बदलाव देखा जा रहा है। इस बार बर्फबारी कम हुई है, लेकिन मौसम विभाग की ओर से जारी पांच दिनी पूर्वानुमान में कहा गया है कि उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ में 23 और 26 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की से बहुत हल्की बर्फबारी हो सकती है। शेष सभी 11 जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, पौड़ी, नैनीताल के साथ मैदानी क्षेत्रों में सुबह के समय कोहरा छाया रहने की संभावना है जबकि 23 और 26 को राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से बहुत हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। अन्य जनपदों में 24 जनवरी से कहीं कहीं पाला पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर के लिए चेतावनी दी है कि वहां कुछ स्थानों पर घना से बहुत घना कोहरा होगा। कुछ जगह शीत से भीषण शीत दिवस और शीत लहर चलने की संभावना है।

# थराली के देवराड़ा गांव को नगर पंचायत से पृथक करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। चमोली जिले के नगर पंचायत थराली में सम्मिलित वार्ड दो देवराड़ा के ग्रामीणों ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी थराली के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर देवराड़ा गांव को नगर पंचायत से अलग करने की मांग की है। नगर पंचायत के वार्ड दो के निवासी दलवीर सिंह नेगी, पूर्व पार्षद सीमा देवी, जयशंकर प्रसाद का कहना है कि वार्ड दो जो की पूर्व में ग्राम पंचायत देवराडा था, थराली नगर पंचायत बनने के बाद इसे नगर पंचायत में शामिल कर दिया गया है। परंतु ग्रामीण अपने गांव को नगर पंचायत में नहीं रखना चाहते है क्योंकि नगर पंचायत में सम्मिलित होने के बाद से ग्रामीणों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि नगर पंचायत में सुविधाऐं कम और असुविधा ज्यादा हो रही है। साथ ही ग्रामीणों को मनरेगा की योजना से भी वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उनके गांव को नगर पंचायत से पृथक नहीं किया जाता है तो वार्ड दो के निवासियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में देवराडा नगर पंचायत पृथक्करण संघर्ष समिति के संरक्षक दलबीर सिंह नेगी, अध्यक्ष महिला मंगल दल गौरी देवी, पूर्व पार्षद सीमा देवी, सचिव जयशंकर प्रसाद, सरपंच लाल सिंह, कोषाध्यक्ष गुलाब सिंह, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण भारत को सुगम बनाने के लिए सीएससी की बड़ी पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबद्ध सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) और ईजमायट्रिप ने ग्रामीण भारत के नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने लिए बड़ा समझौता किया है। हाल में हुए इस ऑनलाइन समझौते के अनुसार, दूरदराज गांवों में रहने वाले लोगों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान और होटल बुकिंग की सेवा प्रदान की जाएगी। इस केंद्र को नागरिक सेवा केंद्र के रूप में भी जाना जाता है। इस मौके पर सीएससी के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजय राकेश और ईजमायट्रिप के सह संस्थापक रिकांत पिट्टी समझौते के डिजिटल प्रारूप का आदान-प्रदान किया। संजय राकेश ने कहा कि सीएससी का प्रयास है कि लोगों की बुनियादी जरूरत से जुड़ी सेवाएं उनके घर तक पहुंचे। यह समझौता इसी दिशा में एक और कदम है, क्योंकि शहरों के विपरीत गांवों में ऐसे विश्वसनीय सपोर्ट सिस्टम का अभाव था। उन्होंने कहा कि साझेदारी के बाद ईजमायट्रिप यात्रा बुकिंग प्लेटफॉर्म को डिजिटल सेवा पोर्टल के साथ वीएलई के लिए लॉगिन आईडी के साथ एकीकृत किया जाएगा। इसके माध्यम से हवाई यात्रा टिकट और होटल बुकिंग की सेवा आसान हो जाएगी। रिकांत पिट्टी ने कहा कि सीएससी ने जो उम्मीद जताई है, वह उसमें खरा उतरने के प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि सीएससी की स्थापना इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने की है। सीएससी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के मिशन मोड की एक प्रमुख परियोजना है।

## ड्रोन क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाएं : मुख्य सचिव

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश की ड्रोन पॉलिसी के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों से सहयोग लेने के लिए अनुबंध किए जाएं। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधू ने कहा कि उत्तराखंड मोस्ट हेलीकॉप्टर फ्रेंडली स्टेट है। इससे एक ओर हेली सेवा को अत्यधिक फायदे हैं वहीं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए ड्रोन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र भी हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन कॉरिडोर के लिए जीरो रिस्क एरिया पर फोकस किया जाए। पिटकुल और यूपीसीएल की बहुत सी हाई टेंशन और लो टेंशन लाइन्स को ध्यान में रखते हुए यूपीसीएल और पिटकुल से आपसी सामंजस्य स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन पॉलिसी का प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही प्रदेश के युवाओं को ड्रोन के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार की दिशा में भी कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

# मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने पूर्व दर्ज़ा राज्य मंत्री स्व. हयात के घर पर पहुंच व्यक्त की शोक संवेदना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंपावत। मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मंगलवार को वरिष्ठ नेता और पूर्व दर्ज़ा राज्यमंत्री स्व.हयात सिंह महरा के पैतृक गांव इन्द्रपुरी, बाराकोट ईजड़ा लोहाघाट पहुंच कर शोकाकुल परिवार से संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज मैदान ईजड़ा गांव में बनाए गए हेलीपैड पहुचे वहां से वह पैदल एवं कार से ईजड़ा गांव स्थित आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार जनों को गले लगाकर इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से पुण्य आत्मा को श्री चरणों में स्थान देते हुए शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्व.महरा के जाने से पार्टी को क्षति हुई है, वे पार्टी के लिए एक स्तंभ रहे। बीते दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा के पिताजी का 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया था। इसके उपरांत मुख्यमंत्री देहरादून के लिए रवाना गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, उद्योगपति नरेंद्र लडवाल, मुकेश कालखुड़िया, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लोहाघाट गोविंद लाल वर्मा समेत शोकाकुल परिवार जन एवं जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063